

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा



www.jagranmorchadaily.com लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित

जन-जन की आवाज़

लखनऊ | वर्ष : 05 | अंक : 95 | सोमवार, 18 मई 2026 | ज्येष्ठ शुक्ल द्वितीया विक्रम संवत 2083 | पृष्ठ : 12 | मूल्य : 05 रुपया


## एक नजर

### अगले महीने आएगी पीएम किसान योजना की 23वीं किस्त?

**दिल्ली।** अगर आप भी किसान हैं और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से जुड़े हुए हैं, तो आपको भी योजना की 23वीं किस्त का बेसब्री से इंतजार होगा। सरकार अब तक किसानों के खातों में 22 किस्तें भेज चुकी है और अब सभी की नजर अगली यानी 23वीं किस्त पर टिकी हुई है। ऐसे में किसानों के मन में सबसे बड़ा सवाल यही है कि आखिर ये किस्त कब जारी होगी और क्या जून महीने में इसका पैसा खाते में आ सकता है? दरअसल, पीएम किसान योजना के तहत पात्र किसानों को हर साल 6 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी जाती है। ये राशि 2-2 हजार रुपये की तीन किस्तों में सीधे किसानों के बैंक खातों में ट्रांसफर की जाती है। पिमाना जा रहा है कि अगली किस्त जून महीने के आसपास जारी हो सकती है। हालांकि, सरकार की ओर से अभी तक 23वीं किस्त की आधिकारिक तारीख घोषित नहीं की गई है।


### उज्जैन में साध्वी ने की सुसाइड की कोशिश

**उज्जैन।** प्रसिद्ध गढ़ कालिका मंदिर में रविवार दोपहर उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब एक साध्वी ने सबके सामने खुद पर पेट्रोल डालकर आत्मदाह करने की कोशिश कर दी। मंदिर में मौजूद लोग कुछ समझ पाते, उससे पहले ही हालात बेकाबू होते नजर आए। हालांकि मौके पर मौजूद लोगों और पुलिस की तत्परता से बड़ा हादसा टल गया। बताया जा रहा है कि मामूली बात को लेकर शुरू हुआ विवाद अचानक इतना बढ़ गया कि साध्वी ने ये कदम उठाने की कोशिश कर दी। यह पूरा मामला उज्जैन के गढ़ कालिका मंदिर का है। रविवार दोपहर करीब 12 बजे किन्नर अखाड़े की साध्वी काली नंद गिरी मंदिर में आरती में शामिल होने पहुंची थीं। आरती के दौरान मंदिर में काफी भीड़ थी, ऐसे में व्यवस्था बनाए रखने के लिए उन्हें थोड़ा हटकर खड़े होने को कहा गया।

## ट्रंप-जिनपिंग की मुलाकात के बाद पहली बार आया ईरान का रिएक्शन

**दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के हालिया चीन दौरे ने वैश्विक राजनीति में नई हलचल पैदा कर दी है। ट्रंप और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की इस हाई-प्रोफाइल मीटिंग के तुरंत बाद ईरान की तरफ से बयान आया है। ईरान का मानना है कि दुनिया अब एक बिल्कुल नए दौर की तरफ बढ़ रही है, जहां पुरानी शक्तियों का दबदबा खत्म हो रहा है।

ईरानी संसद के स्पीकर मोहम्मद बाघेर गालिबाफ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर सीधे तौर पर चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के एक पुराने बयान का हवाला देते हुए पश्चिमी देशों को कड़ा संदेश दिया है। गालिबाफ ने साफ किया कि वैश्विक व्यवस्था में आ रहे इन बड़े बदलावों के पीछे ईरान का भी एक बड़ा हाथ है।



गालिबाफ ने अपनी पोस्ट में लिखा कि दुनिया इस वक्त बदलाव के एक बेहद महत्वपूर्ण मुहाने पर खड़ी है। उन्होंने शी जिनपिंग की बात को दोहराते हुए कहा, "जैसा कि राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने कहा था कि पिछली सदी में जो बदलाव कभी नहीं देखे गए, वे अब पूरी दुनिया में बहुत तेजी से हो रहे हैं।"

उन्होंने जोर देकर कहा कि ईरान की '70 दिनों की मजबूती' और टिके रहने की कोशिशों ने दुनिया के इस बदलाव को और ज्यादा रफ्तार दे दी है। गालिबाफ का मानना है कि आने वाला वक्त अब पश्चिमी देशों का नहीं, बल्कि 'ग्लोबल साउथ' (विकासशील और उभरते हुए देशों) का है। ईरान की इस प्रतिक्रिया की मुख्य वजह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का वह दो दिवसीय चीन दौरा है, जो हाल ही में खत्म हुआ है। ट्रंप ने राजधानी बीजिंग में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की थी। इस दौरे के बाद ट्रंप बेहद उत्साहित नजर आए और उन्होंने अपनी इस यात्रा को 'बहुत सफल और कभी न भूलने वाली' करार दिया। लेकिन ईरान इस दौरे को बीजिंग की बढ़ती साख और ग्लोबल साउथ की मजबूती से जोड़ रहा है।

## स्वीडन में मोदी मैजिक, पीएम के स्वागत में उमड़ा भारतीय समुदाय

**स्टॉकहोम।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी पांच देशों की विदेश यात्रा के दूसरे चरण में रविवार को स्वीडन पहुंचे, जहां स्वीडिश हवाई क्षेत्र में प्रवेश करते ही वहां की वायुसेना के अत्याधुनिक 'ग्रिपेन' लड़ाकू विमानों ने उनके विमान को अपने सुरक्षा घेरे में ले लिया। हवाई अड्डे पर स्वीडन के प्रधानमंत्री उल्फ क्रिस्टर्सन ने खुद मौजूद रहकर पीएम मोदी का बेहद गर्मजोशी से स्वागत किया। वहीं, गुटेनबर्ग की सड़कों पर प्रधानमंत्री की एक झलक पाने के लिए भारी भीड़ उमड़ पड़ी और पूरा इलाका मोदी-मोदी के नारों से गूंज उठा। स्वीडिश प्रधानमंत्री के विशेष निमंत्रण पर हो रहे इस दो दिवसीय दौरे में दोनों नेता द्विपक्षीय व्यापार, ग्रीन ट्रांजिशन, एआई, और रक्षा जैसे



रणनीतिक क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर उच्च स्तरीय चर्चा करेंगे। पीएम मोदी के आगमन पर इस्कॉन ने जताया आभार, कहा-पूरी दुनिया को सुंदर ज्ञान देने के लिए भारत का धन्यवाद

पीएम मोदी के स्वीडन दौरे को लेकर स्थानीय समुदायों और संगठनों में भारी उत्साह है। इस ऐतिहासिक यात्रा के दौरान इस्कॉन स्वीडन के एक नागरिक ने अग्रिम पंक्ति में आकर देश की ओर से प्रधानमंत्री का गर्मजोशी से स्वागत किया और भावुक होते हुए कहा कि वे आदरणीय प्रधानमंत्री मोदी का स्वीडन में स्वागत करने के लिए बेहद उत्सुक हैं। साथ ही उन्होंने उस सुंदर ज्ञान, शाश्वत ज्ञान और मानवीय मूल्यों के लिए भारत का हृदय से आभार व्यक्त किया जो भारत आज पूरी दुनिया के साथ साझा कर रहा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वीडन दौरे को लेकर वहां रह रहे भारतीय प्रवासियों में भारी उत्साह है। गुटेनबर्ग में रहने वाले भारतीय समुदाय के एक नागरिक ने खुशी जताते हुए कहा कि जब पीएम मोदी कार्यक्रम में आए तो उस कमरे में एक अलग ही आभा थी, जिसके लिए वे स्वीडिश प्रधानमंत्री उल्फ क्रिस्टर्सन के बेहद आभारी हैं और उनका मानना है कि दोनों देशों के बीच संबंधों को मजबूत करने के लिए भविष्य में भी ऐसी द्विपक्षीय यात्राएं अक्सर होनी चाहिए।

# रूस पर यूक्रेन का बड़ा ड्रोन हमला: मॉस्को के पास भारतीय श्रमिक समेत चार लोगों की मौत

**कीव।** रूस पर यूक्रेन ने बड़े पैमाने पर ड्रोन हमला किया, जिसमें मॉस्को क्षेत्र समेत कई इलाकों में 4 लोगों की मौत हो गई। रूस ने 1000 से ज्यादा ड्रोन मार गिराने का दावा किया है।

रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध के बीच रविवार को यूक्रेन ने रूस पर बड़े पैमाने पर ड्रोन हमला किया। इस हमले में मॉस्को के आसपास कम से कम चार लोगों की मौत हो गई, जबकि कई लोग घायल बताए जा रहे हैं। इसे युद्ध शुरू होने के बाद रूस पर किए गए सबसे बड़े ड्रोन हमलों में से एक माना जा रहा है। रूसी अधिकारियों के मुताबिक, मॉस्को के उत्तर-पश्चिम में स्थित खिमकी शहर में एक ड्रोन रिहायशी मकान से टकरा गया, जिससे एक महिला की मौत हो गई। वहीं राजधानी से करीब 10 किलोमीटर दूर पोगोरेलकी गांव में दो लोगों की जान चली गई।

स्थानीय प्रशासन के अनुसार, हमले में कई बहुमंजिला इमारतों और अहम ढांचों को नुकसान पहुंचा है। मॉस्को के मेयर सर्गेई सोब्यानिन ने बताया कि शहर के ऑयल रिफाइनरी इलाके के पास हुए हमले में कम से कम 12 लोग घायल हुए हैं। हालांकि उन्होंने कहा कि




रिफाइनरी की मुख्य तकनीकी व्यवस्था को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। रूस के रक्षा मंत्रालय ने दावा किया कि उसकी एयर डिफेंस प्रणाली ने रातभर में 556 ड्रोन नष्ट कर दिए। वहीं पिछले 24 घंटों में 1000 से अधिक ड्रोन को मार गिराने या जाम करने का दावा भी किया गया है। समाचार एजेंसी TASS के अनुसार, मॉस्को की ओर बढ़ रहे 81 ड्रोन को भी रूसी सुरक्षा बलों ने रास्ते में ही रोक दिया। रूस के सबसे बड़े एयरपोर्ट शेरमेत्येवो ने बताया कि ड्रोन का मलबा एयरपोर्ट परिसर में गिरा, लेकिन इससे कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ। उधर यूक्रेन ने दावा किया कि रूस ने भी रातभर में 287 ड्रोन से हमला किया, जिनमें से अधिकांश को मार गिराया गया। यूक्रेन की आपातकालीन सेवाओं के अनुसार, ड्नीप्रोपेत्रोव्स्क क्षेत्र में कई रिहायशी इमारतें क्षतिग्रस्त हुई हैं और कम से कम 8 लोग घायल हुए हैं।

## राहुल-प्रियंका और खरगे के खिलाफ लगे पोस्टर, कांग्रेस दफ्तर की दीवार पर लिखा- वायनाड बनेगा अगला अमेठी

**वायनाड।** वायनाड में कांग्रेस कार्यालय की दीवारों पर राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे के खिलाफ पोस्टर लगाने का मामला सामने आया है। इन पोस्टरों में प्रियंका गांधी को हराने और वायनाड को अमेठी बनाने की धमकी दी गई। फिलहाल पुलिस ने विधायक टी सिद्दीकी की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

केरल के वायनाड में कांग्रेस के राष्ट्रीय नेताओं को निशाना बनाने वाले पोस्टर मिलने के बाद पुलिस ने केस दर्ज किया है। अधिकारियों ने रविवार को इस घटना की जानकारी दी। ये पोस्टर राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा और मल्लिकार्जुन खरगे के खिलाफ लगाए गए थे। ये पोस्टर वायनाड में जिला कांग्रेस कमेटी (DCC) कार्यालय की दीवारों और उसके पास के इलाकों में लगाए गए थे। कलपेट्टा पुलिस स्टेशन के अधिकारियों ने बताया कि विधायक टी सिद्दीकी ने इस मामले में पुलिस को शिकायत दी थी। उनकी शिकायत के आधार पर ही मामला दर्ज किया गया है। एफआईआर के मुताबिक, ये पोस्टर 13 मई को सामने आए थे। उस समय केरल के अगले मुख्यमंत्री के चुनाव को लेकर असमंजस और अनिश्चितता की स्थिति बनी हुई थी। इन विवादित पोस्टरों में वायनाड की



### बार-बार पेपर लीक होने के बावजूद धर्मेंद्र प्रधान को बर्खास्त क्यों नहीं कर रहे? राहुल का पीएम से सवाल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पेपर लीक को लेकर रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि बार-बार पेपर लीक होने के बावजूद वह धर्मेंद्र प्रधान को केंद्रीय शिक्षा मंत्री के पद से क्यों नहीं हटा रहे हैं। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में प्रधानमंत्री की चुप्पी पर सवाल उठाया। उन्होंने लिखा, 'नीट 2024 : पेपर लीक हुआ। परीक्षा रद्द नहीं हुई। मंत्री ने इस्तीफा नहीं दिया। सीबीआई जांच बैठाई गई। एक समिति बनाई गई। नीट 2026 : पेपर लीक हुआ। परीक्षा रद्द हुई। मंत्री ने अब भी इस्तीफा नहीं दिया। सीबीआई फिर जांच कर रही है। एक और समिति बनाई जाएगी।'

सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा को सीधे तौर पर धमकी दी गई थी। पोस्टरों में दावा किया गया कि अगले चुनाव में उन्हें हरा दिया जाएगा। इसके अलावा पोस्टरों में यह चेतावनी भी दी गई कि वायनाड अब अगला अमेठी बनेगा। जैसे ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं को इन पोस्टरों के बारे में पता चला, उन्होंने तुरंत इन्हें दीवारों से हटा दिया। पुलिस ने इस मामले में भारतीय न्याय संहिता और केरल पुलिस एक्ट की अलग-अलग धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस को जांच के दौरान एक सीसीटीवी फुटेज भी मिला है। इस फुटेज में एक संदिग्ध व्यक्ति दीवारों पर पोस्टर चिपकाते हुए नजर आ रहा है। पुलिस अधिकारी अब उस व्यक्ति की पहचान करने और उसे पकड़ने की कोशिशों में जुटे हैं। पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि इन पोस्टरों को लगाने के पीछे किसका हाथ है।

## डंपर ने ऑटो को रौंदा, महिला समेत तीन की मौत

### हाईवे पर मची चीख-पुकार, चार लोग हुए घायल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** कांट-जलालाबाद हाईवे पर रविवार को तेज रफ्तार डंपर ने सवारियों से भरे ऑटो में पीछे से टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि ऑटो के परखच्चे उड़ गए। मौके पर ही तीन लोगों की मौत हो गई। हादसे के बाद हाईवे पर चीख-पुकार मच गई। राहगीर और स्थानीय लोग मदद के लिए दौड़ पड़े। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और घायलों को अस्पताल भिजवाया गया।

रविवार पूर्वाह्न करीब 11 बजे जलालाबाद की ओर से आ रहे ऑटो को कांट थाना क्षेत्र के कमलनैनपुर चौराहे के पास पीछे से तेज रफ्तार डंपर ने टक्कर मार दी। ऑटो में महिला और बच्चों समेत सात लोग सवार थे। टक्कर इतनी तेज थी कि ऑटो सड़क किनारे पलट गया और उसमें बैठे यात्री दूर जा गिरे। हादसे में कांट थाना क्षेत्र के गांव बवक्करपुर निवासी 28 वर्षीय रामक्षत्रिय पत्नी सनी कुमार, जलालाबाद थाना क्षेत्र के मोहल्ला यूसूफजई निवासी 45 वर्षीय कल्लू और उनकी पत्नी राबिया की मौके पर ही मौत हो गई। तीनों की मौत के बाद परिवारों में कोहराम मच गया। घटनास्थल पर मौजूद लोगों की आंखें भी नम हो गईं। हादसे में जलालाबाद के गांव नयागांव निवासी 18 वर्षीय मुस्कान, मृतका रामक्षत्रिय का चार वर्षीय पुत्र कृष्णा, रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के मोहल्ला मिश्रीपुर निवासी अनूप समेत चार लोग घायल हो गए। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को बाहर निकालकर पहले सीएचसी भेजा, जहां से गंभीर हालत में उन्हें राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

#### डंपर चालक फरार, पुलिस ने वाहन कब्जे में लिया

हादसे के बाद हाईवे पर लंबा जाम लग गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर यातायात सुचारु कराया। हादसे के बाद डंपर चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने गिट्टी और मौरंग से भरे डंपर को कब्जे में ले लिया है। ऑटो को अल्हागंज थाना क्षेत्र के मऊ खालसा निवासी नवेद चला रहा था। सीओ सिटी पंकज पंत मेडिकल कॉलेज पहुंचे और घायलों का हालचाल लिया। पुलिस फरार चालक की तलाश में जुटी हुई है।

## राजधानी एक्सप्रेस में लगी आग, डेढ़ दर्जन ट्रेनें प्रभावित

**नई दिल्ली।** त्रिवेंद्रम-हजरत निजामुद्दीन राजधानी एक्सप्रेस (12431) के दो कोच में भीषण आगजनी के बाद दिल्ली-मुंबई रेल लाइन पर यातायात ठप हो गया है. जिसके चलते करीब डेढ़ दर्जन ट्रेनें प्रभावित हुई है। इन ट्रेनों को अलग-अलग स्टेशन पर रोका गया है। ट्रेन नंबर 20945 एकता नगर हजरत निजामुद्दीन सुपरफास्ट एक्सप्रेस को नागदा स्टेशन पर रोका गया है। तो वहीं ट्रेन नम्बर 19103 कोटा रतलाम मेमू ट्रेन को बांगरोद में रोका गया है। ट्रेन नंबर 20945 एकता नगर हजरत निजामुद्दीन सुपरफास्ट एक्सप्रेस को नागदा स्टेशन पर रोका गया है। ट्रेन नंबर 12937 गांधीधाम हावड़ा एक्सप्रेस ट्रेन को बेरवानिया स्टेशन पर रोका गया है। ट्रेन ओन डिमांड के रूप में चल रही ट्रेन नंबर 05054 बांद्रा टर्मिनस गोरखपुर स्पेशल ट्रेन को रतलाम में रोका गया है। ट्रेन नम्बर 19103 कोटा रतलाम



मेमू ट्रेन को बांगरोद में रोका गया है। ट्रेन ओन डिमांड के रूप में चल रही ट्रेन नंबर 05054 बांद्रा टर्मिनस गोरखपुर स्पेशल ट्रेन को रतलाम में रोका गया है. ट्रेन नंबर 19037 अवध एक्सप्रेस को रतलाम स्टेशन पर रोका गया है। डाउन लाइन की ट्रेन नंबर 22210 मुंबई सेंट्रल दुरंतो एक्सप्रेस को बेरवा नियर में रोका गया है। ट्रेन नंबर 01492 हजरत निजामुद्दीन पुणे स्पेशल ट्रेन को नाथू खेड़ी में रोका गया है।

## होर्मुज से 20 हजार टन एलपीजी लेकर भारत पहुंचा जहाज

**दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी भीषण युद्ध और बढ़ते तनाव के बीच भारत के लिए एक बड़ी राहतभरी खबर सामने आई है। दुनिया के सबसे खतरनाक समुद्री रास्तों में शामिल स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को पार करके रसोई गैस से भरा एक बड़ा जहाज सुरक्षित भारत पहुंच गया है। मार्शल आइलैंड्स के झंडे वाला एलपीजी टैंकर 'सिमी' करीब 20 हजार टन रसोई गैस लेकर गुजरात के कांडला स्थित दीनदयाल बंदरगाह पहुंचा है।

लेकिन इस खबर की सबसे बड़ी बात सिर्फ जहाज का पहुंचना नहीं, बल्कि उसका वह खतरनाक सफर है, जिसने पूरी दुनिया का ध्यान खींच लिया है। बताया जा रहा है कि ईरानी नौसेना की कड़ी निगरानी, अमेरिकी नाकेबंदी और युद्ध के खतरे के बीच जहाज को सुरक्षित निकालना किसी बड़े सैन्य ऑपरेशन से कम नहीं था। यहां तक कि दुश्मन के रडार से बचने के लिए जहाज का ऑटोमैटिक आइडेंटिफिकेशन



सिस्टम यानी AIS तक बंद करना पड़ा।

भारत के लिए यह राहत इसलिए भी बेहद अहम है क्योंकि युद्ध के कारण देश के ईंधन भंडार पर दबाव लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में यह खेप देश की रसोई और ऊर्जा सुरक्षा दोनों के लिए बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है। पश्चिम एशिया में जारी भीषण तनाव और युद्ध के बीच भारत के लिए बड़ी राहतभरी खबर सामने आई है। मार्शल आइलैंड्स के झंडे वाला एलपीजी मालवाहक जहाज 'सिमी' रविवार सुबह सुरक्षित रूप से गुजरात के कांडला स्थित दीनदयाल बंदरगाह पहुंच गया। यह जहाज करीब 20 हजार टन रसोई गैस लेकर भारत पहुंचा है। खास बात यह है कि जहाज ने दुनिया के सबसे संवेदनशील और खतरनाक समुद्री रास्तों में गिने जाने वाले 'स्ट्रेट ऑफ होर्मुज' को पार कर यह सफर पूरा किया है। पश्चिम एशिया में पिछले करीब 75 दिनों से जारी युद्ध के कारण यह समुद्री मार्ग पूरी तरह तनाव के घेरे में है।

## 25 मई को पद्म पुरस्कार प्रदान करेंगी राष्ट्रपति मुर्मू, 131 लोगों को किया जाएगा सम्मानित




**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 25 मई को 2026 के पद्म पुरस्कार प्रदान करेंगी। केंद्रीय गृह मंत्रालय (एमएचए) ने रविवार को सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि राष्ट्रपति मुर्मू राष्ट्रपति भवन में आयोजित होने वाले पहले नागरिक अलंकरण समारोह में पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री पुरस्कार प्रदान करेंगी।

इस वर्ष भारत सरकार ने कुल 131 पद्म पुरस्कारों की घोषणा की है, जिनमें पांच पद्म विभूषण, 13 पद्म भूषण और 113 पद्म श्री शामिल हैं। इनमें 19 महिलाएं हैं। जबकि 16 व्यक्तियों को मरणोपरांत सम्मान दिया जाएगा।

पद्म पुरस्कार देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में से एक हैं। इन्हें वर्ष 1954 में शुरू किया गया था। ये हर साल गणतंत्र दिवस के अवसर पर घोषित किए जाते हैं और कला, साहित्य, शिक्षा, खेल, चिकित्सा, सामाजिक कार्य, विज्ञान एवं इंजीनियरिंग, सार्वजनिक जीवन तथा व्यापार और उद्योग जैसे क्षेत्रों में विशिष्ट योगदान के लिए दिए जाते हैं।

**अध्यादेश** राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद जजों की संख्या 33 से बढ़ाकर 37 हुई

## सुप्रीम कोर्ट में जजों की संख्या बढ़ी, कैबिनेट की मंजूरी के बाद अध्यादेश जारी

**नई दिल्ली।** मोदी सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में अधिकतम जजों की संख्या में इजाफा करने का फैसला किया है। इसके लिए कल देर रात राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की मंजूरी के बाद एक अध्यादेश जारी किया गया है। संसद के मॉनसून सत्र में इस बारे में एक बिल पारित किया जाएगा जो अध्यादेश की जगह लेगा। अध्यादेश तुरंत प्रभाव से लागू हो गया है।

संविधान के अनुच्छेद 123 ( 1 ) के तहत जारी किए गए अध्यादेश में सुप्रीम कोर्ट में जजों की कुल संख्या को वर्तमान के 33 से बढ़ाकर 37 करने का प्रावधान किया गया है। इस संख्या में मुख्य न्यायाधीश शामिल नहीं होते हैं यानि व्यवहारिक रूप में ये संख्या बढ़कर 38 हो जाएगी। अध्यादेश के जरिए सुप्रीम कोर्ट ने Act 1956 में संशोधन किया गया है।

हालांकि फ़िलहाल स्वीकृत 33 जजों में दो पद खाली पड़े हैं। समय-समय



पर सुप्रीम कोर्ट में जजों की संख्या बढ़ाए जाने की मांग होती रहती है, ताकि मुकदमों को समय से निपटाने में मदद मिल सके। आखिरी बार 2019 में ये संख्या बढ़ाई गई थी जब मुख्य न्यायाधीश को छोड़कर संख्या को 30 से बढ़ाकर 33 कर दिया गया था। 1950 में जब सुप्रीम कोर्ट का गठन किया गया था, तब संख्या केवल 8 थी। पहली बार 1956 में संसद में कानून बनाकर इस संख्या में बढ़ोत्तरी की गई और इसे 11 कर दिया गया। संविधान के मुताबिक अगर संसद का सत्र नहीं चल रहा हो तो अध्यादेश के जरिए कोई कानून बनाया जा सकता है. शर्त ये है कि किसी अध्यादेश की मियाद केवल 6 महीने होती है? 6 महीने के भीतर अध्यादेश पर संसद की मंजूरी लेनी पड़ती है, जिसके बाद वो स्थाई कानून बन जाता है। संसद की मंजूरी नहीं मिल पाने पर कोई अध्यादेश स्वतः ही निरस्त हो जाता है।

केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इस संशोधन की जानकारी दी है। उन्होंने लिखा राष्ट्रपति ने अध्यादेश के जरिए सुप्रीम कोर्ट (न्यायाधीशों की संख्या) अधिनियम, 1956 में संशोधन कर दिया है। उन्होंने आगे कहा 'इससे न्याय प्रक्रिया को तेजी मिलेगी और लंबित मामलों का निपटारा आसान होगा।' इसी के साथ कुल जजों की संख्या अब मुख्य न्यायाधीश सहित 38 पहुंच जाएगी।

बता दें, यह फैसला 05 मई 2026 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में लिया गया था। मंत्रिमंडल ने संसद में 'सुप्रीम कोर्ट (न्यायाधीशों की संख्या) संशोधन विधेयक, 2026' पेश करने का प्रस्ताव पास किया था। जानकारी के अनुसार, वर्तमान में सुप्रीम कोर्ट में 92,000 से ज्यादा मामले लंबित हैं। इसी वजह से न्यायाधीशों की संख्या बढ़ाने का फैसला लिया गया है, जिससे सुनवाई तेज होगी और न्याय मिलने में देरी कम होगी।

## चीन की धमकी से डर गए ट्रंप ताइवान को नहीं बेचेंगे हथियार

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के चीन दौरे के ठीक बाद ताइवान को लेकर बयान दिया है। ट्रंप ने साफ कर दिया है कि वह ताइवान के साथ होने वाले 14 अरब डॉलर के सैन्य समझौते को फिलहाल टाल रहे हैं। इस फैसले को चीन की धमकी के आगे ट्रंप के पैर पीछे खींचने के तौर पर देखा जा रहा है। क्योंकि बीजिंग में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने कहा है कि अमेरिका को ताइवान का मुद्दा अच्छे से संभालना चाहिए वरना स्थिति संघर्ष की हद तक पहुंच सकती है। ट्रंप ने खुद माना है कि ताइवान को हथियारों की सप्लाई अब इस बात पर निर्भर करेगी कि चीन अमेरिका के साथ कैसी डील करता है।

जब ट्रंप से पूछा गया कि क्या वह ताइवान के महीनों से अटके पड़े हथियार सौदे को मंजूरी देंगे? इस पर ट्रंप ने दोटूक कहा, "मैं इसे अभी रोक कर रख रहा हूं और यह चीन पर निर्भर करता है. साफ कहूं तो यह हमारे लिए मोलभाव (नेगोशिएशन) का एक बहुत



अच्छा जरिया है। आखिर यह बहुत सारे हथियार की बात है।

इस बयान के बाद ट्रंप प्रशासन की नीति पर सवाल उठने लगे हैं. ताइवान को लेकर चीन का रुख हमेशा से बेहद आक्रामक रहा है; वह इसे अपना ही एक हिस्सा मानता है और जरूरत पड़ने पर बलपूर्वक इस पर कब्जा करने की बात भी कहता रहा है। दूसरी तरफ, अमेरिका भले ही बीजिंग की 'वन चाइना' नीति के तहत ताइवान को एक अलग देश के रूप में मान्यता नहीं देता, लेकिन वह हमेशा से ताइवान का सबसे बड़ा समर्थक और हथियारों का सप्लायर रहा है।



## एक नजर

### पहले किया था प्रेम विवाह फिर पति पर लगाया उत्पीड़न का आरोप

**बिसौली।** मुरादाबाद जनपद की रहने वाली एक युवती ने अपनी मर्जी से बदायूं जनपद के वजीरगंज थाना क्षेत्र स्थित ग्राम गोठा निवासी युवक से शादी कर ली। युवती ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर न्याय की गुहार लगाई है और अपने माता-पिता पर पति को झूठे मुकदमे में फंसाने का आरोप लगाया है। युवती ने बताया कि उसने अपनी इच्छा से युवक संजय पुत्र गोरखनाथ निवासी ग्राम गोटा थाना वजीरगंज से हिंदू रीति-रिवाज के अनुसार विवाह किया है। युवती का आरोप है कि उसके माता-पिता और परिवार के लोग इस शादी से नाराज हैं तथा उसके पति और ससुराल वालों को झूठे मामले में फंसाने का प्रयास कर रहे हैं। युवती ने यह भी कहा कि वह बालिग है और अपनी मर्जी से पति के घर बालों के साथ रह रही है। मुख्यमंत्री को भेजे गए पत्र में युवती ने अपने माता-पिता के खिलाफ कार्रवाई किए जाने तथा उसे और उसके पति को सुरक्षा प्रदान करने की मांग उठाई है।

# मेडिकल संचालक को घर बुलाकर लगाया जहरीला इंजेक्शन, मौत

## फिर बोलेरो में फेंक आए शव, पुलिस ने किए दो गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय

बरेली। भुता थाना क्षेत्र से फरवरी में लापता हुए मेडिकल संचालक परमजीत हत्याकांड का पुलिस ने सनसनीखेज खुलासा कर दिया है। दवाइयों के लेन-देन में शुरू हुआ विवाद इतनी खूनी साजिश में बदल गया कि आरोपी ने अपने भाई और साले के साथ मिलकर मेडिकल संचालक को जहरीला इंजेक्शन लगा दिया। परमजीत की तड़प-तड़पकर मौत हो गई। इसके बाद शव को बुलेरो में डालकर फतेहगंज पश्चिमी इलाके में फेंक दिया गया। पुलिस ने मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक भुता के रिछा गांव निवासी 24 वर्षीय परमजीत मेडिकल स्टोर



चलाता था। 21 फरवरी 2026 को वह मेडिकल स्टोर जाने की बात कहकर घर से निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। अगले दिन उसके पिता रामवीर ने गुमशुदगी दर्ज कराई। उसी दिन फतेहगंज पश्चिमी क्षेत्र में उसका शव बरामद हुआ था। शुरुआत में मामला रहस्य बना रहा, लेकिन 14 मई को पिता ने सोमवीर नाम के युवक पर शक जताते हुए हत्या का आरोप लगाया। पुलिस पूछताछ में गिरफ्तार आरोपी सोमवीर ने बताया कि उसका परमजीत से दवाइयों का लेन-देन था।

### इंजेक्शन में भरी किलनीमार दवा, फिर बांध दिए हाथ-पैर

पूछताछ में आरोपियों ने कबूल किया कि उन्होंने किलनी मारने वाली जहरीली दवा इंजेक्शन में भरकर परमजीत की नस में लगा दी। एक आरोपी ने उसके हाथ-पैर पकड़े, दूसरे ने रस्सी से बांध दिया। कुछ देर में परमजीत की हालत बिगड़ गई और उसकी मौत हो गई। आरोपियों ने शव को काले रंग की बोलेरो में रखा और रात में फतेहगंज पश्चिमी इलाके में फेंक आए। बाद में मृतक का मोबाइल नदी में बहा दिया।

### तमंचा, कार, बाइक और मृतक के दस्तावेज बरामद

एसओजी और सर्विलांस टीम की मदद से पुलिस ने सोमवीर और आकाशदीप मौर्य को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के कब्जे से अवैध तमंचा, कारतूस, दो बाइक, बोलेरो कार, मृतक की अंगूठी, ओम लॉकेट, आधार कार्ड और अन्य दस्तावेज बरामद किए गए हैं। पुलिस तीसरे आरोपी अजयवीर की तलाश में दबिश दे रही है।

घटना वाले दिन वह परमजीत को पट्टी कराने के बहाने अपने घर ले गया। वहां उसका भाई अजयवीर और साला आकाशदीप पहले से मौजूद थे। आरोपियों ने परमजीत से उधार के 10 हजार रुपये मांगे, लेकिन उसने देने से इनकार कर दिया। इसी दौरान नकली दवाइयों को लेकर विवाद बढ़ गया। परमजीत ने शिकायत करने की धमकी दी तो तीनों ने मिलकर उसकी हत्या की साजिश रच डाली।

# 29 करोड़ की जीएसटी चोरी का भंडाफोड़

## पान मसाला कारोबारी पार्टनर और अकाउंटेंट गए जेल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** बरेली में पान मसाला कारोबार की आड़ में चल रहे करोड़ों के जीएसटी घोटाले का केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर की एंटी इवेजन शाखा ने बड़ा खुलासा किया है। धनी ब्रांड के पान मसाले से जुड़े प्रतिष्ठानों पर चार दिन तक चली ताबड़तोड़ छापेमारी में करीब 29.12 करोड़ रुपये की टैक्स चोरी पकड़ में आई। कार्रवाई के बाद कंपनी के पार्टनर और अकाउंटेंट को गिरफ्तार कर मेरठ की स्पेशल कोर्ट में पेश किया गया, जहां से दोनों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

सीजीएसटी गौतमबुद्ध नगर की एंटी इवेजन शाखा को इनपुट मिला था कि बरेली में बड़े स्तर पर पान मसाले के निर्माण और सप्लाई के जरिए टैक्स चोरी की जा रही है। इसके बाद वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर करीब 25 अफसरों की पांच टीमों ने सिटी स्टेशन रोड स्थित प्रतिष्ठान, परसाखेड़ा में ताज टोबैको प्रोडक्ट समेत पांच ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। 13 मई से शुरू हुई जांच 16 मई तक चली। इस दौरान टीम ने कई दस्तावेज, डिजिटल रिकॉर्ड और कारोबारी लेनदेन से जुड़े अहम साक्ष्य कब्जे में लिए। अधिकारियों को मौके पर दो पान मसाला पैकिंग मशीनें भी अनधिकृत रूप से संचालित मिलीं। अधिकारियों के मुताबिक इन मशीनों के जरिए बड़े पैमाने पर उत्पादन किया जा रहा था, लेकिन निर्धारित जीएसटी जमा नहीं किया जा रहा था। शुरुआती जांच में करीब 29.12 करोड़ रुपये की कर चोरी सामने आई है। जांच एजेंसियों को शक है कि यह पूरा नेटवर्क संगठित तरीके से काम कर रहा था और टैक्स बचाने के लिए अलग-अलग स्तर पर फर्जीवाड़ा किया जा रहा था।

### बरेली से गिरफ्तारी, मेरठ कोर्ट से सीधे जेल

कार्रवाई के बाद सीजीएसटी टीम ने शनिवार सुबह कंपनी के पार्टनर जगदीश चंद्र अग्रवाल और अकाउंटेंट गोपाल सक्सेना को बरेली से गिरफ्तार किया। दोनों को शाम करीब पांच बजे मेरठ की स्पेशल सीजेएम कोर्ट में पेश किया गया।विशेष लोक अभियोजक लक्ष्य कुमार सिंह और उनकी सहयोगी वंदना सिंह ने अदालत में पक्ष रखा। पुख्ता साक्ष्यों और दस्तावेजों के आधार पर कोर्ट ने दोनों आरोपियों को 10 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेजने के आदेश दिए।

### अब नेटवर्क की गहराई से होगी जांच

सीजीएसटी अधिकारियों का कहना है कि छापेमारी में मिले डिजिटल रिकॉर्ड और वित्तीय दस्तावेजों की फोरेंसिक जांच कराई जाएगी। शुरुआती संकेत बताते हैं कि टैक्स चोरी का यह नेटवर्क कई स्तरों पर फैला हो सकता है। आने वाले दिनों में इस मामले में और बड़े खुलासे होने की संभावना जताई जा रही है।

# शूटआउट एट लोखंडवाला देख माया भाई बनने चला था मुकुल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** फिल्म 'शूटआउट एट लोखंडवाला' के कुख्यात किरदार 'माया भाई' से प्रभावित होकर इलाके में खौफ पैदा करने का सपना देख रहे एक युवक को कैंट थाना पुलिस ने अवैध तमंचे और कारतूस के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी खुद को गैंगस्टर की तरह पेश करना चाहता था।

कैंट थाना प्रभारी संजय धीर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर दरोगा राजीव पटेल की टीम ने कठपुला पुल के पास घेराबंदी कर सदर कैंट के यादव मोहल्ला निवासी 24 वर्षीय मुकुल यादव को दबोच लिया। तलाशी में उसके पास से एक अवैध तमंचा और कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ में मुकुल ने कबूला कि वह फिल्म के किरदार 'माया भाई' से बेहद प्रभावित है और उसी की तरह अपना दबदबा बनाना चाहता था, जिसके लिए उसने यह हथियार खरीदा था।पुलिस जांच में सामने आया कि मुकुल का पुराना आपराधिक इतिहास है। उसके खिलाफ पहले से ही मारपीट, लूट, एससी-एसटी एक्ट और पॉक्सो एक्ट जैसे गंभीर अपराधों के करीब 10 मुकदमे दर्ज हैं। कैंट पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आयुध अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

# सूदखोरी से परेशान वार्ड बॉय ने लगाई फांसी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** जिला अस्पताल के वार्ड बॉय प्रदीप कुमार की आत्महत्या ने शहर में सूदखोरी के उस काले जाल को उजागर कर दिया है, जिसमें फंसकर एक और परिवार बर्बाद हो गया। मौत से पहले लिखे गए सुसाइड नोट में प्रदीप ने बानखाना निवासी सुधीर कुमार उर्फ चूचू को अपनी मौत का जिम्मेदार बताया है। बेटी मानसी शर्मा की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है, लेकिन आरोपी घर छोड़कर फरार बताया जा रहा है।

शुक्रवार शाम जिला अस्पताल परिसर के बर्न वार्ड में प्रदीप का शव फंदे से लटका मिला था। घटना के बाद मिले सुसाइड नोट ने पूरे परिवार को झकझोर दिया। बेटी मानसी ने पुलिस को बताया



कि करीब दस साल पहले पिता ने सुधीर उर्फ चूचू से 30 लाख रुपये लिए थे। इसके बाद से हर महीने उनकी सैलरी का बड़ा हिस्सा सूद के रूप में जाता रहा।परिवार का दावा है कि बैंक स्टेटमेंट में रकम ट्रांसफर होने का पूरा रिकॉर्ड मौजूद है। इतना ही नहीं, प्रदीप मूल रकम से करीब दो लाख रुपये ज्यादा भी चुका चुके थे, लेकिन इसके बावजूद सूदखोर लगातार दबाव और धमकियां देता रहा। सुसाइड नोट में प्रदीप ने अपनी टूटती जिंदगी का दर्द उकेरा है। उन्होंने लिखा कि पूरी रकम चुकाने के बाद भी सुधीर उनका मानसिक उत्पीड़न करता रहा। घर की आर्थिक हालत बिगड़ती गई, लेकिन उन्होंने पूरी सच्चाई पत्नी और बच्चों को नहीं बताई।पत्नी को यह तक लगने लगा था कि प्रदीप का किसी दूसरी महिला से संबंध है, क्योंकि हर महीने बड़ी रकम कहीं चली जाती थी। नोट में उन्होंने लिखा कि "सुधीर जैसे लोगों की वजह से मेरे जैसे पचासों लोग आत्महत्या करते होंगे... अब आत्महत्या के अलावा कुछ नहीं सूझ रहा।

### बेटी की तहरीर पर मुकदमा, आरोपी की तलाश

मानसी शर्मा ने कोतवाल धनंजय पांडेय को सुसाइड नोट सौंपते हुए आरोप लगाया कि सूदखोर की धमकियों से परेशान होकर ही उनके पिता ने जान दी। पुलिस ने आरोपी सुधीर कुमार उर्फ चूचू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।शनिवार देर रात पुलिस ने आरोपी के घर और संभावित ठिकानों पर दबिश दी, लेकिन वह फरार मिला। पुलिस का कहना है कि आरोपी की तलाश जारी है और सुसाइड नोट समेत बैंक रिकॉर्ड को जांच में शामिल किया गया है।

### शहर में फिर उठा सूदखोरी का मुद्दा

घटना के बाद शहर में अवैध सूदखोरी का मुद्दा एक बार फिर गरमा गया है। लोगों का कहना है कि ऊंचे ब्याज पर पैसा देकर जरूरतमंदों को जाल में फंसाने वाले ऐसे लोग कई परिवारों को बर्बाद कर चुके हैं, लेकिन शिकायतें सामने नहीं आ पातीं। अब प्रदीप की मौत ने इस काले कारोबार पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है।

# नैनीताल हाईवे पर 13 किलो अफीम संग दो तस्कर गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** देवरनिया थाना पुलिस और एएनटीएफ (एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स) की संयुक्त टीम ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल की है। टीम ने नैनीताल हाईवे स्थित बिचपुरी के पास से दो अंतरराज्यीय अफीम तस्करों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से अंतरराष्ट्रीय बाजार में करोड़ों रुपये मूल्य की 13 किलोग्राम अफीम बरामद हुई है।

देवरनिया थाना प्रभारी आशुतोष द्विवेदी और एएनटीएफ के उपनिरीक्षक विकास यादव के नेतृत्व में पुलिस ने शुक्रवार देर रात हाईवे पर घेराबंदी कर दोनों आरोपियों को दबोचा। पूछताछ में आरोपियों की पहचान विशाल कुमार (निवासी बरिसाखी, चतरा) और अजय कुमार (निवासी तेतरिया, चतरा) झारखंड के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान विशाल के पास से सात किलो और अजय के पास से छह किलो अफीम के अलावा दो मोबाइल फोन बरामद किए गए। तस्करों ने कबूला कि वे झारखंड से कम दामों में अफीम लाकर उत्तराखंड के पहाड़ी इलाकों और मैदानी जिलों में ऊंचे दामों पर सप्लाई करते थे। उन्होंने आर्थिक तंगी दूर करने और शौक पूरे करने के लिए तस्करी का धंधा चुना था। पुलिस ने दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया है और उनके पूरे नेटवर्क को खंगाल रही है।

# प्रेम प्रसंग में मारपीट, युवक ने खाया जहर

## पत्नी ने पांच लोगों पर घर में घुसकर हमला और ब्लैकमेल करने का लगाया आरोप, थाने में दी तहरीर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बहेड़ी।** थाना क्षेत्र के ग्राम मितीपुर में प्रेम संबंधों के विवाद को लेकर एक युवक के साथ मारपीट और मानसिक प्रताड़ना का मामला सामने आया है। युवक की पत्नी ने पांच लोगों पर उसके पति को प्रेमजाल में फंसाकर ब्लैकमेल करने, घर में घुसकर मारपीट करने और लगातार परेशान करने का आरोप लगाया है। मामले में पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की गई है।

ग्राम मितीपुर निवासी अनीता देवी पत्नी सुरेश कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके पति को पिछले करीब पांच वर्षों से सिंह गौटिया निवासी एक युवती ने अपने प्रेमजाल में फंसा रखा था। आरोप है कि युवती और उसके परिजन उसके पति से लगातार रुपये-पैसों की मांग करते थे और काफी धनराशि भी ले चुके हैं। जब उसके पति ने रुपये देने से मना किया तो आरोपियों ने उन्हें ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया और झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देने लगे। पीड़िता के अनुसार शनिवार सुबह करीब नौ से दस बजे के बीच सिंह गौटिया निवासी रमेश, नरेश, गंगा देई तथा हुसैन नगला निवासी करन मास्टर और उसकी पत्नी रूबी एक राय होकर उनके घर में घुस आए। आरोप है कि सभी ने गाली-गलौज करते हुए उसके पति के साथ मारपीट की और मोबाइल फोन भी तोड़ दिया। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। महिला का आरोप है कि शाम करीब साढ़े पांच बजे उसके पति बहेड़ी स्थित सेंटर प्वाइंट पर मोबाइल रिपेयरिंग का काम कर रहे थे। तभी आरोपी वहां भी पहुंच गए और दोबारा मारपीट कर लोगों के सामने बेइज्जत किया। लगातार प्रताड़ना और अपमान से परेशान होकर उसके पति ने जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उन्हें सरकारी अस्पताल बहेड़ी ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने गंभीर हालत देखते हुए बरेली रेफर कर दिया। पीड़िता ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही।

# परिवार पर तेजाब फेंकने वाला आरोपी गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** शादीशुदा महिला और उसके परिवार पर तेजाब फेंककर सनसनी फैलाने वाला मुख्य आरोपी आखिरकार पुलिस मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया।

वारदात के बाद से फरार चल रहा आरोपी उमेश कश्यप शनिवार देर रात पुलिस की जवाबी फायरिंग में पैर में गोली लगने से घायल हो गया। इस मुठभेड़ में एक हेड कांस्टेबल भी जख्मी हुआ है। आरोपी के पास से अवैध तमंचा और कारतूस बरामद हुआ है। पूरा मामला शेरगढ़ थाना क्षेत्र का है। पीड़ित महिला द्वारा बात बंद करने से बौखलाए आरोपी उमेश ने 16 मई की तड़के करीब चार बजे घर में घुसकर सो रहे पूरे परिवार पर तेजाब फेंक दिया था। इस एसिड अटैक में महिला, उसका पति और दो बच्चे गंभीर रूप से झुलस गए थे, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने महिला की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की थी। रविवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने शेरगढ़ बाईपास मार्ग पर घेराबंदी की। खुद को घिरता देख आरोपी ने पुलिस टीम पर फायर झोंक दिया। आत्मरक्षार्थ पुलिस द्वारा चलाई गई गोली आरोपी के पैर में लगी, जिसके बाद उसे दबोच लिया गया। पुलिस ने घायल तस्कर को इलाज के लिए अस्पताल भेजा है।

# साइबर ठगों पर 506 मुकदमे दर्ज

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत बरेली रेंज पुलिस ने साइबर अपराधियों के खिलाफ बड़ा अभियान छेड़ दिया है। ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल सेंटर, डिजिटल अरेस्ट और यूपीआई फ्रॉड जैसे अपराधों पर शिकंजा कसते हुए पुलिस ने पिछले छह महीनों में 506 मुकदमे दर्ज कर 72 साइबर अपराधियों को सलाखों के पीछे पहुंचाया है।

कार्रवाई के दौरान करोड़ों रुपये की ठगी गई रकम भी होल्ड और रिकवर कराई गई है। प्रदेश में साइबर अपराध पर सख्त कार्रवाई के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों के बाद डीआईजी बरेली रेंज अजय कुमार साहनी की निगरानी में बरेली, बदायूं, पीलीभीत और शाहजहांपुर में लगातार अभियान चलाया गया। हर जिले में साइबर थाना, साइबर सेल और थानों पर साइबर हेल्पडेस्क सक्रिय की गईं। पुलिस टीमों ने तकनीकी सर्विलांस, बैंक ट्रांजेक्शन और डिजिटल डाटा के आधार पर साइबर गैंगों का नेटवर्क तोड़ा।

### 7 करोड़ से ज्यादा रकम होल्ड, लाखों रुपये वापस

साइबर ठगी से जुड़े 8697 प्रार्थना पत्र पुलिस को मिले, जिनमें से 6103 शिकायतों का निस्तारण किया गया। कार्रवाई के दौरान 7 करोड़ 24 लाख रुपये से अधिक की रकम होल्ड कराई गई, जबकि एक करोड़ रुपये से ज्यादा रकम पीड़ितों को वापस दिलाई गई। पुलिस का दावा है कि समय रहते शिकायत करने वालों की रकम बचाने में बड़ी सफलता मिली है। बरेली साइबर थाना पुलिस ने रेलवे जंक्शन इलाके से अंतरराज्यीय मोबाइल चोर और साइबर अपराधी गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के पास से करीब 15 लाख रुपये कीमत के 45 चोरी के मोबाइल बरामद हुए। पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपी भीड़भाड़ वाले इलाकों से मोबाइल चोरी कर यूपीआई के जरिए लोगों के खातों से रकम उड़ाते थे।

### बदायूं में फर्जी कॉल सेंटर पर छापा

बदायूं पुलिस ने नई सराय इलाके में चल रहे फर्जी कॉल सेंटर पर छापा मारकर पांच साइबर ठगों को गिरफ्तार किया। आरोपी नौकरी दिलाने के नाम पर लोगों से रजिस्ट्रेशन फीस लेकर ठगी कर रहे थे। पुलिस ने मौके से लैपटॉप, प्रिंटर, मोबाइल फोन और 23 सिम कार्ड बरामद किए।

# मिशन शक्ति की गूंज गनगोली में महिलाओं को दी जानकारी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**ओरछी।** महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षित और आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से शासन के निर्देश पर चलाए जा रहे 'मिशन शक्ति' अभियान के तहत रविवार को थाना फैजगंज बेहटा पुलिस ने ग्राम गनगोली में मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं और बालिकाओं को एकत्र कर उन्हें सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं और आपातकालीन टोल-फ्री नंबरों की विस्तार से जानकारी दी।

संबोधित करते हुए कहा कि महिलाएं किसी भी परिस्थिति में खुद को असहाय न समझें। सरकार और पुलिस हर कदम पर उनकी सुरक्षा के लिए मुस्तैद है, महत्वपूर्ण नंबरों के बारे में बताया इस अभियान की खास बात यह रही कि टीम में शामिल महिला पुलिसकर्मियों ने गांव की महिलाओं और किशोरियों से बेहद दोस्ताना माहौल में संवाद किया। मिशन शक्ति टीम में एसआई दिनेश कुमार,कांस्टेबल राहुल सिंह रिक्रूट महिला कांस्टेबल अंशु गिरी और रिक्रूट महिला कांस्टेबल वैष्णवी मौजूद रहीं। महिला पुलिसकर्मियों ने बच्चियों को 'गुड टच और बैड टच' के बारे में समझाने के साथ-साथ उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया, जिससे प्रेरित होकर ग्रामीण महिलाओं ने भी पुलिस के सामने अपनी बातें खुलकर रखीं।

# एएसपी की रडार पर आए शातिर गोतस्कर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** पुलिस ने एक साथ 31 शातिर अपराधियों पर ऐसा शिकंजा कसा है, जिससे अपराधियों में हलचल मच गई है। गौकशी, पशु चोरी, लूट, चोरी, जुआ, मादक पदार्थ तस्करी और हत्या के प्रयास जैसे गंभीर मामलों में सक्रिय बदमाशों की क्लास-बी हिस्ट्रीशीट खोल दी गई है। एसएसपी अनुराग आर्य के निर्देश पर हुई इस कार्रवाई के बाद कई थानों में हड़कंप का माहौल है। पुलिस अब इन अपराधियों की हर गतिविधि पर नजर रखेगी।

सबसे ज्यादा कार्रवाई बारादरी और इज्जतनगर इलाके में हुई है। बारादरी के 6 और इज्जतनगर के 7 अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोली गई है। इसके अलावा बिथरी चैनपुर के 6, आंवला के 5 और शीशगढ़ के 3 बदमाश भी पुलिस के निशाने पर आ गए हैं। बहेड़ी, शाही, फरीदपुर और भोजीपुरा के भी एक-एक अपराधी को हिस्ट्रीशीटर बनाया गया है। वहीं पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक 31 में से 21 आरोपी गौवध और पशु तस्करी से जुड़े मामलों में सक्रिय रहे हैं। कई आरोपी लंबे समय से पुलिस की निगरानी में थे और लगातार मुकदमे दर्ज होने के बावजूद अपराध नहीं छोड़ रहे थे। पुलिस ने अब उनकी पूरी क्राइम हिस्ट्री खोलकर उन्हें स्थायी निगरानी सूची में डाल दिया है। बारादरी थाना क्षेत्र के हजियापुर निवासी आजम पुत्र जिलानी, कसाई टोला निवासी फैय्याज उर्फ रहमान पुत्र अताउर रहमान, कटकुईया निवासी नसीम उर्फ चुन्नू पुत्र अल्ताफ, कटरा चांद खां निवासी जमीर अहमद पुत्र मो यूसुफ, चक महमूद निवासी साहिबे आलम उर्फ छोटू पुत्र बाबू उर्फ उमर कुरैशी और फईम पुत्र कफील लंबे समय से गौकशी और गैंग गतिविधियों में सक्रिय बताए गए हैं। वहीं इज्जतनगर के परतापुर चौधरी निवासी आबिद यार खां पुत्र मो यार खां, भगवानपुर धीमरी निवासी जलालुद्दीन पुत्र मकबूल, फरीदापुर चौधरी निवासी सलीम पुत्र शफीक उर्फ टूटा, कलारी निवासी सादाब पुत्र जाकिर अली उर्फ पप्पू, कलारी निवासी नन्हे उर्फ मुकद्दर पुत्र कल्लू शाह, फरीदापुर चौधरी मो. असलम पुत्र मो अब्दुल नबी जैसे नाम भी हिस्ट्रीशीटर सूची में शामिल किए गए हैं।

### हत्या के प्रयास और लूट वाले आरोपी भी शामिल

इज्जतनगर के मुड़िया अहमद नगर निवासी पंकज यादव पुत्र ओमप्रकाश पर मारपीट, हत्या के प्रयास और गैंगवार जैसे गंभीर मुकदमे दर्ज हैं। वहीं आंवला के नाजिम पुत्र छोटे, अकरम कुरैशी पुत्र नवी अहदम, तौफिक पुत्र रहीश, यासीन कुरैशी और नासीर कुरैशी पुत्र नौसे। वहीं बिथरी चैनपुर के मनोज पटेल पुत्र मानसिंह उर्फ मिहीलाल, रंगीला पुत्र अतराज, कमल पटेल पुत्र देशराज पटेल, पप्पू पुत्र नियामतुल्ला, जाबिर उर्फ पिद्दू उर्फ जाहीर पुत्र सफीउल्ला, केशव पटेल पुत्र राजेंद्र सिंह। शीशगढ़ के अज्जू पुत्र बादूल्ला, नसीम पुत्र हनीफ, मिस्कू पुत्र साबिर। बहेड़ी के सद्दाम पुत्र इश्तियाक, शाही के इरशाद पुत्र अकील, फरीदपुर के वहीद उर्फ आदिया पुत्र मकबूल और भोजीपुरा के नदीम कुरैशी उर्फ बड़े पुत्र रहीश की हिस्ट्रीशीट खोली है। एसएसपी अनुराग आर्य ने सभी थाना प्रभारियों को साफ निर्देश दिए हैं कि हिस्ट्रीशीटरों की लगातार निगरानी की जाए। उनके उठने-बैठने, आने-जाने और गतिविधियों की रिपोर्ट नियमित तैयार होगी। पुलिस का कहना है कि जिले में अपराधियों के लिए अब कोई नरमी नहीं बरती जाएगी।

# दहेज उत्पीड़न और तीन तलाक का केस दर्ज

जागरण मोर्चा कार्यालय

- विवाहिता ने कोर्ट के आदेश पर दर्ज कराया मुकदमा
- बिल्सी कोतवाली पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की

**बिल्सी।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली विवाहिता ने पति समेत छह लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न व छेड़खानी के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप है कि पति दहेज की मांग करते हुए उसको प्रताड़ित कर रहा था। वही जेठ उसके साथ छेड़खानी करता था। विवाहिता ने सास ससुर से शिकायत की तो पति ने तीन तलाक देकर घर से निकाल दिया।पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है।

विवाहिता ने कोर्ट में दिए प्रार्थना पत्र में बताया है कि उसकी शादी जिला संभल के कोतवाली बहजोई क्षेत्र के एक गांव निवासी हनीफ के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही पति दहेज के लिए उसे प्रताड़ित करने लगा। साथ ही उसका जेठ उसके साथ छेड़खानी करता था। शिकायत करने पर परिवार के लोग उसके साथ मारपीट करते और भूखा रखते थे। इसकी शिकायत जब उसने अपने सास ससुर से की तो पति ने उसकी तीन तलाक देते हुए घर से निकाल दिया। पुलिस ने पति हनीफ सैफी, ससुर छोटे सैफी, सास नसरीन, ननद शबनम व जेठ तालिब के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है।

## आवश्यकता है

उत्तर प्रदेश के तेजी से बढ़ते अखबार जागरण मोर्चा को मुरादाबाद मंडल और जिला रामपुर में रिपोर्टरों और एजेंसी के लिए लोगों की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त विज्ञापन एंव अखबार के लिए संपर्क करें।
मोबाइल नंबर–9412252847
7906815587, 9758444242


## एक नजर

### दो घंटे को बंद रहेगी बिजली आपूर्ति

**रामपुर।** किला बिजलीघर में स्विच यार्ड के अनुरक्षण बिजनेस प्लान के अंतर्गत 33/11केवी 5 एमवीए, टीएफ– प्रथम सीटी यूनिट स्थापित करने का कार्य कराया जाएगा। इसलिए आपूर्ति दोपहर 2 से 4 बजे तक घेर बेचा खां, बजरिया मुल्ला जरीफ, मदरसा कोहना, इमली असमत खां, अस्तबल, कुंचा लाल मियां, एफसी रोड, पान दरीबा, चरख वाली मस्जिद की बंद रहेगी।

### राज्यमंत्री ने किया सड़क निर्माण कार्यों का शिलान्यास

**रामपुर।** राज्यमंत्री कृषि बलदेव सिंह औलख ने क्षेत्र के विकास को नई गति देते हुए विभिन्न सड़क निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया गया। ग्राम पंजाबनगर से सदराखेड़ा मार्ग के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया, जिसकी लागत लगभग 55 .49 लाख रुपये है तथा मार्ग की लंबाई लगभग 780 मीटर है। इसके अतिरिक्त अलीपुर ठेका से गुरुद्वारे की ओर जाने वाले मार्ग का भी शिलान्यास किया गया, जिसकी लागत लगभग 68 .67 लाख रुपये तथा लंबाई लगभग 1 .100 किलोमीटर है। इन मार्गों के निर्माण से ग्रामीणों एवं श्रद्धालुओं को बेहतर आवागमन सुविधा मिलेगी तथा क्षेत्रीय विकास को मजबूती प्राप्त होगी।संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि सरकार विकास कार्यों को प्राथमिकता देते हुए प्रदेश एवं केंद्र सरकार लगातार जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य क्षेत्र के प्रत्येक गांव तक मूलभूत सुविधाएं पहुंचाना है, जिससे आमजन को सीधा लाभ मिल सके।

# नवजात की मौत पर परिजनों का हंगामा, सील

## परिजनों ने लगाया लापरवाही का आरोप, मौके से स्टाफ फरार


जच्चा–बच्चा केंद्र को सील करते नोडल।

### बिना पंजीकरण के तीन क्लीनिकों पर शिकंजा

**टांडा।** स्वास्थ्य विभाग की टीम ने टांडा क्षेत्र में अवैध रूप से एलोपैथिक चिकित्सा और पैथोलॉजी लैब संचालित करने वाले तीन क्लीनिकों को चिन्हित किया है। विभाग द्वारा इन तीनों के संचालकों के खिलाफ अलग–अलग प्राथमिकी दर्ज करने को थाने में तहरीर दी है। नोडल अधिकारी डॉ. देवेश चौधरी के निरीक्षण में इन क्लीनिकों में कोई वैध पंजीकरण या प्रमाण–पत्र नहीं मिला। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार सिटी हेल्थ केयर टांडा बादली अलहिंद पैथोलॉजी लैब टांडा और उस्मानी क्लीनिक दढ़ियाल के संचालक नोटिस मिलने के बावजूद जिला मुख्यालय पर पंजीकरण संबंधी दस्तावेज पेश करने नहीं पहुंचे।

### अर्बन पीएचसी पर है मेडिकल ऑफिसर

डॉ. नीलोफर अर्बन पीएचसी पर मेडिकल ऑफिसर है जबकि यह महिला अस्पताल में भी अटैचमेंट के रूप में ईएमओ सेवाएं देती है। इनका एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ था। जानकारी में आया है कि डॉ.नीलोफर किलकारी जच्चा–बच्चा की संचालिका है।

> नवजात की मौत की सूचना मिलने पर स्वयं गए। जहां पर संचालक और स्टाफ मौके से फरार है किलकारी जच्चा–बच्चा केंद्र को सील कर दिया गया है।
> –डॉ.देवेश चौधरी, नोडल झोलाछाप।

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** थाना गंज क्षेत्र के किलकारी जच्चा-बच्चा केंद्र पर नवजात की मौत हो गई। जबकि जच्चा की हालत सही बताई जा रही है। उसे परिजनों ने कहीं ओर उपचार के लिए शिफ्ट करा दिया है। वहीं बच्चे की मौत पर परिजनों ने जमकर हंगामा किया। हंगामे की सूचना मिलने पर गंज पुलिस मौके पर पहुंची। जहां गुस्साए परिजनों में समझा-बुझाकर शांत कराया। मौके पर पहुंचे नोडल भी अस्पताल को सील कर दिया है।

बिलासपुर गेट निवासी फरहा को रविवार को जच्चा को प्रसव के चलते किलकारी जच्चा-बच्चा केंद्र पर ससुरालियों ने भर्ती कराया। परिजनों का आरोप है कि डॉ. नीलोफर ने नार्मल डिलीवरी की बात बोलकर नवजात को मार दिया। बच्चे को मारकर संचालक स्टॉफ समेत मौके पर फरार हो गई। यह देख परिजनों में इलाज में लापरवाही की आरोप लगाते हुए मौके पर हंगामा करना शुरू कर दिया। हंगामे की सूचना मिलने पर पुलिस, स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी ने पहुंचकर अस्पताल को सील कर दिया है।

**नोडल का दावा, सीएमओ कार्यालय में नहीं है पंजीकरण**

झोलाछाप के नोडल डॉ.देवेश चौधरी का दावा है कि किलकारी जच्चा-बच्चा केंद्र का सीएमओ कार्यालय में पंजीकरण नहीं हैं। जनपद में न जाने कितने ऐसे में केंद्र है जिनका पंजीकरण नहीं है, लेकिन नियमों को दरकिनार कर धड़ल्ले से संचालन कर रहे हैं। वहीं विभाग की ओर से इन पर कार्रवाई के बजाए खुली छूट दी जी रही है। नोडल अधिकारी ने बताया कि इस मामले में सोमवार को संबंधित थाने में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से बुजुर्ग की मौत, कोहराम

जागरण मोर्चा कार्यालय



**मिलक।** थाना क्षेत्र के गांव हरैया में रविवार दोपहर दर्दनाक हादसे में 60 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई। गांव के ही एक युवक पर तेज रफ्तार व लापरवाही से ट्रैक्टर-ट्रॉली चलाकर टक्कर मारने का आरोप है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है।

थाना मिलक को दी गई तहरीर के अनुसार अमरपाल निवासी ग्राम हरैया ने बताया कि रविवार को दोपहर करीब 3:30 बजे उसका बड़ा भाई नन्द राम पुत्र फकीरचंद उम्र 60 वर्ष अपने घर के सामने रोड के किनारे बनी चक्की पर बैठा था। तभी गांव के ही प्रेमपाल पुत्र चम्पत बीर अपनी ट्रैक्टर-ट्रॉली संख्या 585 को बहुत तेजी व लापरवाही से चलाकर लाया और नन्हे राम को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से नन्द राम गंभीर रूप से घायल हो गए।परिजन उन्हें तुरंत सरकारी अस्पताल मिलक लेकर गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद आरोपी प्रेमपाल ट्रैक्टर-ट्रॉली समेत मौके से फरार हो गया।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के भाई अमरपाल ने आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जायेगी आरोपी की तलाश जारी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# जमीन खरीदने से नाराज पिता-पुत्र ने घर में घुसकर की मारपीट

- गाली-गलौज, रिपोर्ट दर्ज

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मिलक।** कोतवाली क्षेत्र के गांव कृपिया हप्पू में जमीन खरीदने की रंजिश में पिता-पुत्र ने घर में घुसकर एक व्यक्ति के साथ मारपीट व गाली-गलौज की। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ कई धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

कोतवाली में दी गई तहरीर के अनुसार, गांव कृपिया हप्पू निवासी शोभरन ने बताया कि 17 मई को सुबह करीब 8:30 बजे वह अपने घर पर अकेला था। तभी गांव के ही गिरिराज और उसका बेटा विकास दोनों पिता-पुत्र अपने हाथों में डंडा लेकर उसके घर में घुस गए। आरोपियों ने उसके साथ मारपीट और गाली-गलौज शुरू कर दी।शोभरन ने बताया कि शोर सुनकर आसपास के लोगों को आता देख दोनों आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पीड़ित का आरोप है कि आरोपी जमीन खरीदने से नाराज थे, इसी रंजिश में उन्होंने वारदात को अंजाम दिया।इस संबंध में शोभरन ने कोतवाली में तहरीर दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी पिता-पुत्र गिरिराज व विकास के खिलाफ मारपीट, गाली-गलौज सहित कई धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।प्रभारी निरीक्षक मनीराम ने बताया कि मामले की विवेचना हल्का प्रभारी द्वारा कराई जा रही है। साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# शाहबाद में पुलिस ने दस लोगों का शांति भंग में किया चालान

**शाहबाद।** थाना शाहबाद पुलिस ने क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से कार्रवाई करते हुए 10 लोगों को हिरासत में लिया है।

पुलिस के अनुसार 17 मई 2026 को थाना क्षेत्र के अलग-अलग मामले में शांतिभंग के मामलों में कार्रवाई करते हुए बंदार, परौता, महेवा तथा मोहल्ला कानूनगोयान के ग्रामीणों पर कार्रवाही की है।पुलिस ने बनवारी, बब्बू, खमानी, सुरेश, अमन, प्रमोद, पिंकू, अनुप सिंह, गौतम तथा मोहनलाल का शांति भंग में चालान किया है। उपनिरीक्षक दिलीप कुमार, अंकित कुमार, रमेश चंद्र, बालकिशोर सिंह आदि रहे।

# एनआईए का नरपतनगर में छापा, मचा हड़कंप

- पकड़े गए युवक के दोस्त के घर पहुंचकर ली तलाशी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** स्वार आतंकी गठजोड़ के आरोप में गुजरात की सूरत जेल में बंद फैजान शेख उर्फ फैजान सलमानी मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने रविवार को नरपत नगर में छापेमारी कर दोबारा जांच पड़ताल की। एनआईए टीम ने रविवार को पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ फैजान सलमानी तथा उसके मित्र बताए जा रहे 17 वर्षीय मुकीम के घर पहुंचकर तलाशी ली, पूछताछ की और मोबाइल फोन की जांच की। कई घंटे चली कार्रवाई के बावजूद टीम को कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली।

बताया जा रहा है कि जनवरी माह में गुजरात एसआईटी ने फैजान शेख को मोबाइल पर आपत्तिजनक स्टेटस लगाने के आरोप में गिरफ्तार किया था। उस समय भी जांच एजेंसी उसे लेकर नरपत नगर स्थित उसके घर पहुंची



थी। गहन तलाशी ली थी, लेकिन तब भी कोई संदिग्ध सामग्री बरामद नहीं हुई थी। गिरफ्तारी के बाद फैजान को जेल भेजा गया था, जहां से उसे 12 दिन की रिमांड पर लिया गया था। रिमांड अवधि के दौरान भी जांच एजेंसियां उसे नरपत नगर लाकर पूछताछ कर चुकी हैं।रविवार सुबह करीब साढ़े छह बजे एनआईए की टीम फैजान सलमानी के घर पहुंची और घर का कोना-कोना खंगाला। टीम ने पूरे घटनाक्रम की वीडियोग्राफी कराई। परिवार के सदस्यों से पूछताछ की,अधिकारियों ने फैजान के पिता शकील अहमद सलमानी के मोबाइल फोन की भी जांच की। घर में रखा एक एंड्रॉयड मोबाइल अपने साथ ले गए। परिवार के अनुसार पति-पत्नी एक ही मोबाइल फोन का इस्तेमाल करते हैं।परिजनों ने बताया कि छापेमारी के समय शकील अहमद सलमानी एक शादी समारोह में खाना बनाने गए हुए थे। बाद में टीम ने उन्हें अहमदाबाद पहुंचने के लिए कहा,परिवार के मुताबिक शकील अहमद ईद से पहले अपने बेटे फैजान से जेल में मिलने भी गए थे।उधर एनआईए टीम के कुछ सदस्य मैन रोड स्थित मुन्ना के घर पहुंचे।वहां मुकीम के संबंध में जानकारी जुटाई। बताया जा रहा है कि मुकीम फैजान का करीबी मित्र है।

अधिकारियों ने परिवार के लोगों से पूछताछ कर आवश्यक जानकारी एकत्र की। सुबह करीब साढ़े नौ बजे तक मुन्ना के घर जांच कार्रवाई जारी रही।एडिशनल एसपी अनुराग सिंह ने बताया कि एनआईए टीम नरपत नगर पहुंची थी। उसके बाद वहां पर पकड़े गए युवक के दोस्त के यहां पर तलाशी ली।

# भड़काऊ बयानबाजी में बजरंग दल नेता पर रिपोर्ट

जागरण मोर्चा कार्यालय




**मिलक।** कोतवाली क्षेत्र में बजरंग दल नेता पर फेसबुक लाइव के दौरान भड़काऊ और सांप्रदायिक टिप्पणी करने का आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। शिकायत आदेश शंखधार पुत्र रामा शंकर निवासी असदुल्लापुर ने दर्ज कराई है।

शिकायतकर्ता के अनुसार, आरोपी ने 19 जनवरी 2026 को शाम करीब 4:30 बजे बजरंग दल के एक कार्यक्रम के दौरान मंच से लाइव आकर भड़काऊ भाषण दिया। इसी तरह 25 फरवरी 2026 को सुबह 10 बजे भी फेसबुक लाइव कर अमर्यादित टिप्पणी की गई।शिकायत में कहा कि इन बयानों से समाज में धार्मिक भावनाएं भड़काने और दो समुदायों के बीच तनाव फैलने की आशंका है। पीड़ित पक्ष ने पुलिस से मामले की गंभीरता को देखते हुए कानूनी कार्रवाई की तहरीर में 8 मई को फेसबुक पर अपलोड किए गए एक अन्य वीडियो का भी उल्लेख है, जिसमें कथित तौर पर धमकी भरी भाषा का इस्तेमाल किया गया। शिकायतकर्ता ने पुलिस को वीडियो के लिंक भी उपलब्ध कराए हैं।पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है। कोतवाली प्रभारी मनी राम ने बताया कि सोशल मीडिया पर सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाले किसी भी कार्य को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# मालगोदाम के बाद पहाड़ी गेट पर लगे सीसीटीवी कैमरे

- शहर के तीन स्थानों पर लगेंगे कैमरे, होगी निगरानी

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** मालगोदाम के बाद पहाड़ी गेट, स्टार चौराहा पर सीसीटीवी कैमरे लग गए हैं। पुलिस के बजाए सड़कों पर लगे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कैमरे खुद चालान काट देंगे। ऑटोमैटिक नंबर प्लेट रिकग्निशन तकनीक से लैस ये कैमरे नियम तोड़ते ही गाड़ी की तस्वीर खींचेंगें और मिनटों में ई-चालान आपके मोबाइल पर आ जाएगा।


पहाड़ी गेट पर लगा सीसीटीवी कैमरा। –जागरण मोर्चा

यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्ती लगातार बढ़ती जा रही है। ट्रैफिक पुलिस ने शहर में ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर बनाने और जाम से राहत दिलाने के लिए तीन प्रमुख चौराहों पर हाईटेक सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जो हर समय ट्रैफिक पर नजर रखेंगे। इन कैमरों की मदद से नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों की पहचान कर उनके खिलाफ चालान की कार्रवाई की जाएगी। इन कैमरों की मदद से ट्रैफिक पुलिस को काफी मदद मिलेगी। अब चौराहों पर खड़े होकर हर वाहन की निगरानी करना जरूरी नहीं होगा, क्योंकि कैमरे खुद ही नियम उल्लंघन करने वालों को रिकॉर्ड कर लेगा।

# वीडियो बना रहे फोटोग्राफर को पीटने का आरोप

**शाहबाद।** बारात में नाच रहे युवकों पर फोटोग्राफर को पीटने का आरोप लगा है। घायल हालत में शाहबाद थाने पहुंचे फोटोग्राफर का पुलिस ने मेडिकल कराया है।

पटवाई के बूढ़पुर निवासी फोटोग्राफर जोगेश ने जानकारी देते हुए बताया कि बीती रात रीठ गांव से एक बारात शाहबाद थाना क्षेत्र के परोता गांव में आई थीं। जोगेश के अनुसार उसके पास बारात में वीडियोग्राफी का काम था।

आरोप है कि जब वह और उसका भाई सचिन बारात की वीडियो बना रहा था तो गांव के युवकों ने दोनों भाइयों के साथ मारपीट की। जिसमें वह जख्मी हो गए। मिली जानकारी के अनुसार घायल हालत में थाने पहुंचे फोटोग्राफर का पुलिस ने मेडिकल कराया है।

# जिला अस्पताल के बाहर खड़ी कार में लगी आग


कार से उठतीं लपटें। –जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** जिला अस्पताल के बाहर खड़ी कार में आग लग गई। यह देख मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आनन फानन में सूचना दमकल कर्मियों को दी गई। सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने आग को बुझाया। इस दौरान मौके पर लोगों को जमघट लगा रहा।

रविवार को जिला अस्पताल के बाहर खड़ी कार में अचानक से आग लग गई। आग लगने से रास्ते में चल रहे लोगों में भगदड़ मच गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। किसी प्रकार आग की सूचना मिलने पर दमकल कर्मी मौके पर पहुंचे। दमकल कर्मियों ने भीषण आग को बुझाया। इस दौरान लोगों की भीड़ लगी रही। चौकी इंचार्ज मनोज कुमार ने बताया कि कार में आग शार्ट सर्किट से लगी है मौके पर सबकुछ सामान्य है।






अभियान: 50 हजार से अधिक लोगों ने किया ऑनलाइन पंजीकरण

# ‘स्वगणना के लिए केवल चार दिन शेष’

- अबकी बार ना छूटे कार्ड बना स्व गणना अभियान का जनसंदेश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** जिले में चल रहा ऑनलाइन स्वगणना अभियान अब जनआंदोलन का रूप लेता दिखाई दे रहा है। मुरादाबाद मंडल की जनसंख्या के आंकड़े से देखा जाय तो मण्डल में सबसे बड़ी भागीदारी दर्ज करते हुए 50 हजार से अधिक ऑनलाइन स्वगणना पंजीकरण का आंकड़ा पार कर लिया है। गांवों और शहरों में लोगों में अभियान को लेकर लगातार उत्साह बढ़ रहा है।

इस अभियान की बढ़ती लोकप्रियता का अंदाजा इसी



बात से लगाया जा सकता है कि अब गांव-शहर में हर जुबान पर एक ही संदेश सुनाई दे रहा है।अबकी बार ना छूटे कार्ड। वहीं लोग यह भी कह रहे हैं कि अब पीछे नहीं हटेंगे, हर परिवार करेगा स्वगणना।

प्रमुख जिला गणना अधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने कहा कि ऑनलाइन स्व गणना के लिए अब केवल चार दिन शेष हैं। उन्होंने जनपद वासियों से अपील की कि समय रहते स्वयं स्वगणना कर अभियान को शत-प्रतिशत सफल बनाने में सहयोग करें।जनपद के सभी विभाग संयुक्त रूप से अभियान को सफल बनाने में जुटे हैं।तहसीलों, ब्लॉक कार्यालयों, रोजगार कार्यालयों, ग्राम पंचायतों, विद्यालयों तथा अन्य सरकारी कार्यालयों के माध्यम से आमजन को लगातार स्व गणना के प्रति जागरूक किया जा रहा है।पंचायत प्रतिनिधियों, शिक्षकों, कर्मचारियों एवं स्व गणना से जुड़े कार्मिकों द्वारा लोगों को ऑनलाइन प्रक्रिया की जानकारी देकर स्वयं स्व गणना के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

जिलाधिकारी ने कहा कि स्व गणना केवल आंकड़े जुटाने की प्रक्रिया नहीं, बल्कि भविष्य की विकास योजनाओं, सरकारी सुविधाओं एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों को मजबूत आधार देने का महत्वपूर्ण माध्यम है। जितनी अधिक जनभागीदारी होगी, उतने ही सटीक आंकड़े प्राप्त होंगे।उन्होंने बताया कि ऑनलाइन स्वगणना की सुविधा 21 मई 2026 तक उपलब्ध है। इसके बाद घर-घर सर्वेक्षण कार्य प्रारंभ किया जाएगा। प्रशासन का लक्ष्य निर्धारित समय से पूर्व अधिकतम स्वगणना करना है।

## एक नजर

### कैंप आयोजित कर बनाए आयुष्मान कार्ड

**सैफनी।** शासन के निर्देश पर पात्र लोगों को पांच लाख तक निशुल्क इलाज की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए अभियान चलाया गया। इसके तहत रविवार को पुराने नगर पंचायत कार्यालय में पूर्ति निरीक्षक किशन लाल की अध्यक्षता शिविर लगाकर पात्र लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया है। इस दौरान नितेश शर्मा वैक्सीन इंचार्ज, मशरूम राशन डीलर, विवेक भारती राशन, शाने आलम विमल जोशी आदि लोग मौजूद रहे।

### मेधावी छात्र अभिनंदन एवं सम्मान समारोह को सफल बनाने का निर्णय

**बिलासपुर।** अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन (एआईवीएफ) की एक बैठक हुई। जिसमें आगामी 27 मई को होने जा रहे जिला स्तरीय मेधावी छात्र अभिनंदन एवं सम्मान समारोह को सफल बनाने का निर्णय लिया गया। जिलाध्यक्ष ने स्थानीय मेधावी छात्रों की सूची तैयार कर जिला स्तर पर भेजने और छात्रों को समारोह में आमंत्रित करने के निर्देश दिए।यह बैठक नगर में रामपुर रोड स्थित एक प्रतिष्ठान पर आयोजित हुई,जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष हरीश अग्रवाल ने की। इसमें कार्यकारी अध्यक्ष दीपक गुप्ता एडवोकेट ने बताया कि आगामी 27 मई को कोसी मंदिर मार्ग स्थित उत्सव पैलेस में सायं छह बजे से जिला स्तरीय मेधावी छात्र अभिनंदन एवं सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा।

# शहर की हर गली-गली में गूंज रहा श्रीनाथ जी का नाम रस

## शहर के कई मोहल्लों में निकलेगी एक माह तक प्रभात फेरी

जागरण मोर्चा कार्यालय


रविवार को प्रभात फेरी निकालते भक्त। -जागरण मोर्चा

**रामपुर।** अधिक मास के पावन अवसर पर गौ सेवा परिवार द्वारा आयोजित मधुर यात्रा का शुभारंभ रविवार प्रातः श्रद्धा, भक्ति एवं उत्साह के साथ हुआ। प्रभात फेरी में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, मातृशक्ति एवं युवाओं ने सहभागिता कर श्रीनाथ के जयघोष के साथ पूरे क्षेत्र को भक्तिमय बना दिया।

यह प्रभात फेरी आगामी श्रीनाथ जी रसकथा महोत्सव18 से 21 जुलाई के निमंत्रण के लिए पूरे एक माह तक प्रतिदिन शहर की विभिन्न गलियों एवं मोहल्लों में निकाली जाएगी। यात्रा के माध्यम से शहर की हर गली में श्रीनाथ जी का नाम रस पहुंचाया जाएगा तथा घर-घर जाकर श्रद्धालुओं को श्रीनाथ जी रस कथा महोत्सव का निमंत्रण दिया जाएगा।प्रभात फेरी जोगी राम की बगिया मंदिर, तिलक कॉलोनी से प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गों एवं गलियों से होते हुए पुनः मंदिर परिसर पर सम्पन्न हुई। यात्रा के दौरान भजन-कीर्तन, जयघोष एवं धार्मिक वातावरण ने क्षेत्रवासियों को भावविभोर कर दिया। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने यात्रा का पुष्पवर्षा एवं स्वागत कर अभिनंदन किया।आयोजकों ने बताया कि इस प्रभात फेरी का मुख्य उद्देश्य समाज में सनातन संस्कृति, भक्ति एवं श्रीनाथ जी के प्रति प्रेम और जुड़ाव को जन-जन तक पहुंचाना है।

अधिक मास के इस पुण्य अवसर पर प्रतिदिन प्रभात फेरी के माध्यम से नगरवासियों को श्रीनाथ जी रस कथा महोत्सव से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।उल्लेखनीय है कि श्रीनाथ रस कथा महोत्सव का आयोजन 18 से 21 जुलाई तक उत्सव पैलेस, सनातन धर्म रामलीला ग्राउंड, कोसी मार्ग में होगा।प्रभात फेरी में सीए शलभ अग्रवाल, अरविंद अग्रवाल, नेहा टंडन, कोमल मित्तल, प्रतिभा अग्रवाल, वीना अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, निमित्त अग्रवाल, भावना गुप्ता, ज्योति गुप्ता, अंतरा, अनीता वैश्य, पुष्कर, शोभित, राघव, शुभम, आशीष, साहिल, बृजेश अग्रवाल आदि लोग सम्मिलित रहे।

### समाजवादी नेता ने ग्रामीण के निधन पर जताई संवेदना



**शाहबाद।** ग्राम निस्वी में उस समय शोक की लहर दौड़ गई, जब ग्रामीण हीरा लाल के पूज्य पिता के देहांत की खबर सामने आई। इस दुखद समाचार को पाकर समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और अम्बेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव रामबहादुर तुरंत शोक संतप्त परिवार के बीच पहुंचे और दिवंगत आत्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करके पीड़ित परिवार से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया। उन्होंने न केवल परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं, बल्कि अंतिम शव यात्रा में शामिल होकर दिवंगत की अर्थी को कंधा भी दिया और अंतिम संस्कार की रस्मों में भाग लिया। शोकग्रस्त परिवार को सांत्वना देते हुए राष्ट्रीय सचिव रामबहादुर ने कहा कि पिता का साया सिर से उठ जाना जीवन की सबसे बड़ी और अपूरणीय क्षति है। दुख की इस विकट घड़ी में, मैं और पूरी समाजवादी पार्टी हीरा लाल जी और उनके परिवार के साथ मजबूती से खड़े हैं। ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने चरणों में स्थान दें और परिवार को यह असहनीय दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

# 'विपक्ष की आवाज को दबाने का किया जा रहा प्रयास'

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** बिलासपुर के ग्राम गोदी में जिला कांग्रेस संगठन की एक सभा का आयोजन किया गया। सभा का आयोजन ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सरदार गुरबाज सिंह संधु द्वारा किया गया। अध्यक्षता नेता सरदार चरण सिंह ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजकुमार ठुकराल, वशिष्ट अतिथि के रूप में संजय कपूर रहे।

सभा को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक राजकुमार ठकुराल ने कहा कि देश की जनता महंगाई, बेरोजगारी और आर्थिक संकट से जूझ रही है। डीजल, पेट्रोल, रसोई गैस और खाद्य तेल की कीमतों ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है। उन्होंने कहा कि आज हालात ऐसे हैं कि रसोई से गैस गायब होती दिखाई दे रही है, गाड़ियों से डीजल-पेट्रोल गायब है और बाजार से राशन आम आदमी की पहुंच से बाहर होता जा रहा है। वशिष्ट अतिथि संजय कपूर ने कहा कि आज देश में लोकतंत्र और संवैधानिक संस्थाओं पर लगातार दबाव बनाया जा रहा है। विपक्ष की आवाज़ दबाने का प्रयास किया जा रहा है, लेकिन कांग्रेस पार्टी जनता के मुद्दों पर सड़क से सदन तक संघर्ष करती रहेगी। कांग्रेस कार्यकर्ताओं का दायित्व है कि वह जनता के बीच जाकर केंद्र सरकार की नाकामियों को उजागर करें। इस अवसर पर डॉ. जफर, वेदराम यादव, देवकी नंदन, सज्जू, लईक बाबू, जिवेंद्र गंगवार, सभा संचालक असलम जावेद, सोशल मीडिया प्रभारी नोमान मुमताज़ खां, कपिल चौधरी, दुर्गेश मौर्य, अजीब सिंह, कलाम बाबू प्रधान, चेतन मौजूद रहे।


गांव गोदी में आयोजित जनसभा में शामिल अतिथि, वशिष्ट अतिथि। -जागरण मोर्चा

# मिलक के भैरव बाबा मंदिर में लगा मेला, उमड़े श्रद्धालु


मंदिर में पूजा करने के लिए लगी भक्तों की भीड़। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** मेहंदी नगर स्थित श्री दयामय अमर भैरव बाबा मंदिर परिसर में मंगलवार को मासिक मेला लगा। तड़के से ही जलाभिषेक करने के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतार लग गई। भक्तों ने बैरिकेडिंग में लगकर भोलेनाथ का जलाभिषेक किया।

मेले के दौरान भैरव बाबा और अन्य देवी-देवताओं की मूर्तियों का नए वस्त्रों से श्रृंगार कर भव्य सजावट की गई। मुख्य पुजारी प्रेम शंकर ने कथा सुनाई। उन्होंने कहा कि ज्ञान की प्राप्ति ही मनुष्य का वास्तविक लक्ष्य है। सच्चे ज्ञान को प्राप्त करने का हर समय उपाय करते रहना चाहिए। ज्ञान की शक्ति से ही मनुष्य अनन्त सामर्थ्यवान है। कथा के बाद विशाल खिचड़ी भोज का आयोजन हुआ, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर मिलक तहसील का एक प्रसिद्ध मन्दिर है यहां हर महीने की 17 तारीख को मेले का आयोजन होता है।मंदिर के सामने हाईवे पर श्रद्धालुओं के वाहन खड़े होने से जाम की स्थिति बन गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने वाहनों को हटवाकर यातायात सुचारु कराया।इस मौके पर प्रमोद कुमार गंगवार, मंगल सेन गंगवार, महेंद्र पाल सिंह यदुवंशी, दीपांशु, वीर सिंह गंगवार, यदुवीर गंगवार, ललित, जयवीर गंगवार, रिंकू आदि मौजूद रहे।

# भक्तों ने निकाली कलश यात्रा

जागरण मोर्चा कार्यालय


मंदिर में पूजा अर्चना से पहले मौजूद भक्त।

**रामपुर।** जेष्ठ शुक्ल पक्ष द्वितीया को भागवत कथा प्रारम्भ होने से पहले दत्त राम शिवालय मंदिर वाली गली में भजन कीर्तन करते हुए कलश स्थापना की गई। उसके बाद मुख्य यजमान प्रदीप कुमार अग्रवाल पत्नी प्रभा अग्रवाल के साथ भक्तों ने पूजन किया। सोमवार से अग्रवाल धर्मशाला में सत्संग भवन में नैमिषारण्य से पधारे कथावाचक पूज्य देवव्रत शुक्ला कथा सुनाएंगे ।इस मौके पर विश्वनाथ प्रसाद मिश्रा, सीताराम शर्मा, सत्यम शर्मा, शैलेन्द्र कुमार शर्मा,नीता गुप्ता, अनिल, प्रभा अग्रवाल, दिनेश, सुरेश, चुन्ना भाई, सीमा,रामनाथ गुप्ता, सुधीर बंसल, विष्णु सरन अग्रवाल, गोविंद गुप्ता, शांति देवी शर्मा, नीरज, राजेन्द्र, सुधा, राजू, राधा, मुनीश शर्मा, सौरभ पाठक आदि भारी संख्या में श्रद्धालु झूमते रहे। राधेश्याम यादव, प्रतिभा शर्मा, उमा शर्मा, रवि अग्रवाल, नीलम अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# फरार चल रहे आरोपियों को जल्द पकड़ेः एसपी

जागरण मोर्चा कार्यालय


बैठक में बोलते एसपी। -जागरण मोर्चा

**रामपुर।** पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा एवं अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह द्वारा पुलिस लाइन सभागार कक्ष में सैनिक सम्मेलन का आयोजन किया। सम्मेलन में जनपद के सभी थाना, शाखा से आए पुलिसकर्मियों की समस्याओं एवं सुझावों को गंभीरता से सुना गया।उनके शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उसके बाद पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध समीक्षा गोष्ठी आयोजित कर अधिकारियों,कर्मचारियों को दिशा-निर्देश दिए। जिसमें लंबित विवेचनाओं का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण तय किया जाए।

वांछित अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी की जाए। समस्त थाना क्षेत्रों में नियमित गश्त की जाए तथा संवेदनशील स्थलों पर सतर्क दृष्टि बनाए रखी जाए।आमजन के साथ बेहतर संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान किया जाए। समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि यक्ष ऐप पर बीट सूचना अपडेट करने के लिए निर्देशित किया जाए ।

# 'बेहतर भविष्य के लिए शिक्षा जरूरी'

- विजयी छात्र-छात्राओं को बांटी साइकिल

जागरण मोर्चा कार्यालय


विजयी छात्र को पुरस्कार देते मुख्य अतिथि। -जागरण मोर्चा

**रामपुर।** ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा के प्रति जागरूकता के लिए ब्लॉक चमरौआ के ग्राम लदौरा में आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी सुनील यादव और उनके साथियों द्वारा किया गया।

प्रतियोगिता में सैकड़ों प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। सुनील ने बताया कि प्रतियोगिता में कक्षा 5 से 8 तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिसमें प्रथम स्थान कुलदीप द्वितीय स्थान अभिषेक तथा तृतीय स्थान पर अभिनय रहे। विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार स्वरूप साइकिल और नकद धनराशि प्रदान की गई। सुनील ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे अनेकों ऐसे साथी जो आज के समय में सरकारी विभागों, व्यवसायों में अपना योगदान देकर समाज को मजबूत करने का काम कर रहे हैं। उन सभी का मकसद ग्रामीण प्रतिभावान बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में जागरूक करना है। उन सभी साथियों के आर्थिक सहयोग से इस प्रकार के आयोजन ब्लॉक चमरौआ के लगभग 15 पंचायतों में आयोजित किए जा रहे है। इस दौरान शिवांश सक्सेना सुरेंद्र लौधी, राकेश, अरुण चंद्रा ,लाल सिंह, अनेकपाल, धर्मपाल प्रजापति, रामधन, आदेश यादव, गौरव सैनी, शिवा कश्यप, दीपू गुप्ता, विशाल यादव, ईश्वर सिंह, अखिलेश कुमार,नासिर अली उपस्थित रहें।

# जनपद में 28 मई को मनाई जाएगी ईद उल अजहा

- ईदगाह में सुबह 7 बजे, जामा मस्जिद में 7:30 बजे होगी नमाज

जागरण मोर्चा, कार्यालय



**रामपुर।** रविवार को ईद उल अजहा के चांद का दीदार नहीं सका। इसलिए मंगलवार को ईद उल अजहा की 1 तारीख होगी। 28 मई को जनपद में ईद का त्योहार मनाया जाएगा।

इसको लेकर जामा मस्जिद, ईदगाह कमेटी ने तैयारियां शुरू कर दी है। जामा मस्जिद में सोमवार को ईद को लेकर बैठक बुलाई गई है। जल्द ही कमेटी बकरीद पर पानी की सप्लाई समेत अन्य मांगों को लेकर जिलाधिकारी से वार्ता करेगी। कार्यवाहक शहर काजी ईदगाह इमाम सैयद अनस मियां ने बताया कि रविवार को ईद उल अजहा का चांद नजर नहीं आया है इसलिए मंगल को पहली तारीख होगी। 28 मई को बकरीद का पर्व मनाया जाएगा। सेकटरी मुकर्रम रजा इनायती ने बताया ईदगाह में सुबह 7, जामा मस्जिद में 7:30 बजे अदा होगी।

# ट्रैफिक पुलिस ने अंबेडकर पार्क के पास चलाया चेकिंग अभियान


वाहनों को चेक करते ट्रैफिक पुलिसकर्मी। -जागरण मोर्चा

- बिना हेलमेट व कागजात के दौड़ रहे वाहनों पर कार्रवाई, एक बुलेट सीज

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मिलक।** रविवार को यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर शिकंजा कसते हुए रविवार को टीएसआई प्रेमचंद सिंह की अध्यक्षता में नगर के अंबेडकर पार्क के पास चेकिंग अभियान चलाया गया।

अभियान के दौरान यातायात पुलिस ने नियमों का उल्लंघन कर रहे वाहन चालकों के चालान काटे। वहीं बिना कागजात के सड़क पर दौड़ रही एक बुलेट मोटरसाइकिल को सीज कर थाने मे जमा किया।टीएसआई प्रेमचंद सिंह ने बताया कि अभियान के दौरान मुख्य रूप से बिना हेलमेट, मॉडिफाइड साइलेंसर हूटर बिना लाइसेंस, बिना आरसी व बीमा के चल रहे वाहनों की चेकिंग की गई। चालकों को यातायात नियमों का पालन करने की हिदायत भी दी गई।चेकिंग अभियान में कांस्टेबल विकास कुमार, अजय कुमार व होमगार्ड मनीष कुमार मौजूद रहे। पुलिस ने चेतावनी दी कि आगे भी इस तरह के अभियान जारी रहेंगे।

### जमीनी विवाद में झगड़ा, 5 महिलाएं जख्मी

**शाहबाद।** जमीन को लेकर दो परिवारों में हुए झगड़े में पांच महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं। थाना क्षेत्र के पस्तोर गांव निवासी दो परिवारों में जमीनी विवाद को लेकर कहासुनी हो गई, कुछ ही देर में मामूली कहासुनी झगड़े में बदल गई, जिसमें मारपीट भी हुई। मारपीट में एक पक्ष से कल्लू की 56 वर्षीय पत्नी नाजमा और नजमुद्दीन की पचपन वर्षीय पत्नी जैबुन गंभीर रूप से घायल हो गई। कोतवाली में दी गई तहरीर के आधार पर दोनों का मेडिकल कराया गया। वहीं दूसरे पक्ष की ओर से 18 वर्षीय मंतशा, 30 वर्षीय शबनम और 60 वर्षीय नन्ही भी घायल हो गईं । दूसरे पक्ष की ओर से भी कोतवाली में तहरीर दी गई और तीनों का मेडिकल कराकर पुलिस ने दोनों पक्षों की ओर से रिपोर्ट दर्ज कर अपनी आगे की कार्रवाई शुरू कर दी।

**कार्यक्रम** कोयला टोल प्लाजा पर विशेष प्रशिक्षण शिविर संपन्न

# कर्मचारियों ने सीखे तनाव मुक्ति और सीपीआर के गुर

जागरण मोर्चा कार्यालय


टोल कर्मचारियों को अंजलि मुद्रा का लाइव अभ्यास करते डॉक्टर कुलदीप चौहान।


तनाव मुक्ति का अभ्यास करते डॉक्टर कुलदीप चौहान। -जागरण मोर्चा

**रामपुर।** भोट के कोयला टोल प्लाजा पर विशेष प्रशिक्षण शिविर संपन्न हो गया। जिसमें कार्यस्थल पर बढ़ते मानसिक तनाव को कम करने, आपातकालीन स्थितियों से निपटने और यात्रियों के साथ व्यवहार को अधिक मधुर बनाने के उद्देश्य से आयोजित विशेष दिव्य रिफ्रेशर प्रशिक्षण शिविर हुआ।इस अनूठे प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत नमस्ते और अंजलि मुद्रा के पावन अभ्यास के साथ की गई, जिसने कर्मचारियों को मानसिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा का अहसास कराया।

शिविर के मुख्य वक्ता और प्रसिद्ध आयुर्वेद मनोचिकित्सक डॉ. कुलदीप सिंह चौहान ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि टोल प्लाजा पर काम करने वाले कर्मियों को अक्सर भारी मानसिक दबाव का सामना करना पड़ता है। इससे बचने का सरल उपाय बताते हुए उन्होंने कहा कि टोल स्थल से गुजरने वाले यात्रियों का नमस्ते और अंजलि मुद्रा से स्वागत करने से न केवल यात्रियों को अच्छा लगेगा, बल्कि स्वयं कर्मचारियों का मानसिक तनाव भी दूर होगा।डॉ. चौहान ने तनाव मुक्त रहने के लिए कई महत्वपूर्ण मनोवैज्ञानिक अभ्यास और आयुर्वेद के सिद्धांत सिखाए। उन्होंने जोर देकर कहा कि मानसिक स्वास्थ्य ही शारीरिक स्वास्थ्य की नींव है। दिनभर की चुनौतियों के बीच खुद को शांत रखना एक कला है, जिसे नियमित अभ्यास से सीखा जा सकता है।आपातकाल के लिए सीपीआर का लाइव अभ्यास कराया।तनाव प्रबंधन के साथ-साथ इस शिविर में कर्मचारियों को जीवन रक्षक तकनीकों से भी अवगत कराया।किसी भी आपातकालीन चिकित्सा स्थिति (जैसे अचानक दिल का दौरा पड़ना या कार्डियक अरेस्ट) से निपटने के लिए कर्मचारियों को सीपीआर का व्यावहारिक अभ्यास कराया गया। टोल कर्मचारियों ने डमी पर सीपीआर देने की सही तकनीक सीखी, ताकि टोल प्लाजा या उसके आसपास किसी भी राहगीर की आपातकाल में जान बचाई जा सके।

कर्मचारियों में दिखा भारी उत्साह, 50 कर्मियों ने भाग लिया।इस एक दिवसीय रिफ्रेशर प्रशिक्षण में कुल 50 टोल कर्मचारियों ने भाग लिया। जिन्होंने पूर्व में 3 दिवसीय बुनियादी प्रशिक्षण प्राप्त किया था।प्रशिक्षण के समापन पर टोल प्लाजा के प्रबंधक महेंद्र और कर्मचारियों ने इस पहल की सराहना की। कर्मचारियों का कहना था कि अंजलि मुद्रा और मनोवैज्ञानिक अभ्यासों से उन्हें मानसिक रूप से बेहद हल्का और ऊर्जावान महसूस हो रहा है।प्रबंधक महेंद्र ने कहा कि इस तरह के आयोजन न केवल कर्मचारियों की कार्यक्षमता और यात्रियों के साथ उनको बेहतर बनाते हैं, बल्कि उनके समग्र कल्याण में भी मील का पत्थर साबित होते हैं।

## एक नजर

### ट्रैक्टर चालक ने बाइक सवार भाई बहन को मारी टक्कर, केस दर्ज

**शाहबाद।** थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार भाई-बहन गंभीर रूप से घायल हो गए। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कहिन्या नगला थाना चन्दौसी जिला संभल निवासी सुमित और उसकी बहन नेहा 17 अप्रैल की शाम साढ़े छह बजे अपनी मौसी के घर से बाइक पर सवार होकर वापस अपने घर लौट रहे थे, जैसे ही बाइक सवार भाई बहन शाहबाद क्षेत्र के जाहिदपुर चौराहे के पास पहुंचे, तभी सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टरके चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।हादसे में दोनों भाई-बहन गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की मदद से उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रामपुर रेफर कर दिया गया। आरोप है कि जिला अस्पताल में समुचित इलाज की सुविधा न मिलने पर परिजनों ने दोनों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज अभी भी जारी है। पीड़ित पक्ष ने आरोपी ट्रैक्टर चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए थाना शाहबाद में तहरीर दी। पुलिस ने केस दर्ज करते हुए जांच पड़ताल शुरू कर दी।

# टीचर्स सेल्फ केयर टीम ने वितरित किए 51-51 हजार के कन्यादान चेक

## शिक्षकों की बेटियों के विवाह के लिए सहायतार्थ प्रदान की जाती है धनराशि

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** राजकीय इंटर कॉलेज पहाड़ी गेट के सभागार में टीचर्स सेल्फ केयर टीम के जिला संयोजक अनुपम कुमार पटेल की अध्यक्षता में जनपद के पात्र 4 शिक्षकों को कन्या के विवाह के दान के रूप में मिलक ब्लॉक के मुकेश कुमार यादव, स्वार ब्लॉक के त्रिलोकी नाथ, रमेश चंद्र व चमरौआ ब्लॉक के करतार सिंह को 51-51 हजार रुपए के चेक दिए गए।



कन्यादान चेक प्रदान करते मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि। -जागरण मोर्चा


कार्यक्रम में मौजूद टीम के पदाधिकारी एवं अन्य सदस्य। -जागरण मोर्चा

टीचर्स सेल्फ केयर टीम द्वारा दिवंगत शिक्षकों के परिवार को 55-55 लाख रुपए के सहयोग के अतिरिक्त कन्यादान के रूप में भी अपने वैध सदस्यों को आर्थिक सहयोग प्रदान किया जाता है। जिसमें जरूरत के मुताबिक टी एस सी टी के सदस्यों द्वारा स्वेच्छा से कन्या को मात्र 1 रूपये का आर्थिक सहयोग किया जाता है जो राशि एकत्रित होती है उसे कन्या के विवाह हेतु प्राप्त आवेदनों में सभी को बराबर बराबर बांट दिया जाता है।इससे पूर्व भी जनपद के तीन शिक्षकों को 55-55 हजार के चेक दिए जा चुके हैं। टीम का कहना है कि कन्यादान न केवल आर्थिक सहयोग है बल्कि उन तमाम साथियों को दान का अवसर प्रदान करता है जिनके घर कन्याएं नहीं हैं। इस योजना के माध्यम से सदस्य अपना आंशिक सहयोग करके दान रूपी पुण्य कार्य में सहभागिता करते हैं।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य मोहन स्वरूप गंगवार तथा विशिष्ट अतिथि टी एस सी टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी नरेंद्र प्रताप गंगवार द्वारा चेक प्रदान किए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि द्वारा टीम के समस्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि कन्यादान जैसी पुण्यकारी योजना में सभी शिक्षक अति उत्साह के अपनी सहभागिता का निर्वहन करें जिससे कन्याओं को अधिक से अधिक धनराशि प्रदान की जा सके।कार्यक्रम में मंडल संयोजक जगदीश पटेल, कन्यादान प्रभारी लता पाल सहित जिला व ब्लॉक टीम के पदाधिकारियों ने भी अपने विचार रखे।कार्यक्रम के अंत में जिला संयोजक अनुपम कुमार पटेल द्वारा समस्त अतिथियों एवं पदाधिकारियों को धन्यवाद व आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन जिला सह संयोजक केशव कुमार ने किया।

### इस अवसर पर मौजूद रहे ये पदाधिकारी

जिला सह संयोजक हरिओम शर्मा, उमाकांत, नसीम अहमद, नितिन राजपूत, आई टी सेल प्रभारी वरुण आर्य, सह प्रभारी विवेक यादव, ब्लॉक टीम से रोहित सक्सेना, जे पी सिंह,चंद्र पाल सिंह, नरेंद्र सैनी, हरद्वारी लाल, दमयंती गंगवार, सौरभ शर्मा, सुंदर लाल, भानु प्रताप सहित सभी न्याय पंचायत प्रभारी।

# आजम की रिहाई को लेकर सपाइयों ने जंतर-मंतर पर दिया धरना

- 7 माह से पिता-पुत्र जेल में है बंद

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** सपा नेता पूर्वमंत्री आजम खां, अब्दुल्ला आजम खां की रिहाई को लेकर सपाइयों ने दिल्ली पहुंचकर जंतर मंतर पर धरना दिया। इस मौके पर जिले से काफी तादात में सपाई पहुंचे।

जौनपुर पूर्व विधायक सपा के राष्ट्रीय सचिव अरशद अली के नेतृत्व में आजम खां, अब्दुल्ला आजम की रिहाई को लेकर जंतर मंतर पर धरना दिया गया। जिसमें देश-प्रदेश के सैकड़ों सपाइयों ने दिल्ली पहुंचकर दोनों की रिहाई की मांग की। धरने को पूर्व विधायक अरशद अली, पूर्व पालिका ध्यक्ष फात्मा जबी, पूर्व बार एसोसिएशन अध्यक्ष सतनाम सिंह मट्टू, नगराध्यक्ष आसिम राजा ने संबोधित किया। नगराध्यक्ष ने कहा कि हम देश के राष्ट्रपति से मांग करते है आजम खां, अब्दुल्ला आजम पर हो रहे अत्याचार का संज्ञान लेकर रिहा किया जाए। कहा कि आजम खां दो बार पार्लियामेंट सदस्य, चार बार मंत्री और एक नेता प्रतिपक्ष, जौहर विवि के संस्थापक और चांसलर है जिन्होंने कम पैसों में बच्चों को तालीम देने का काम किया है। इस धरने के माध्यम से मांग करते है कि आजम खां के परिवार पर 100 से ज्यादा झूठे मुकदमे दर्ज, कई मामलों में सजाए भी हो चुकी है। वह बीमार है तीन बार आपरेशन हो चुके है इसलिए पिता-पुत्र को जल्द ही रिहा किया जाए। धरने में सरदार अमरजीत सिंह, इकरार हुसैन,जावेद खां, प्रमोद गंगवार, आसिम खां, राजा खां, कामरान खां, मसूद गुड्डू, पूर्व विधायक विजय सिंह, अखिलेश गंगवार, ओमेंद्र चौहान, अमरीश पटेल, राधेश्याम राही, आरिफ अरोमा आदि मौजूद रहे।


जंतर-मंतर पर धरने को संबोधित करते नगर अध्यक्ष। -जागरण मोर्चा

# महिलाओं ने गायों को खिलाया तरबूज

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** अखिल भारतीय सर्व वैश्य एकता महासभा की महिला शाखा द्वारा अधिक मास के उपलक्ष में गायों के लिए तरबूज भोज एंव हरे चारे का कार्यक्रम कोसी मार्ग स्थित गोशाला में किया। जिसमें सर्वप्रथम गाय के मस्तक पर तिलक लगाकर उनका पूजन किया।उसके बाद अपने-अपने घरों से प्रसाद रूपी पूरी प्लाव,सूखे आलू मीठे का भोग लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

उसके बाद संस्था के सदस्यों ने भजन गाकर ईश्वर का गुणगान किया। इस मौके पर प्रदेशाध्यक्ष गौरव अग्रवाल ने बताया कि हम हर वर्ष यह कार्यक्रम गोशाला में करते हैं। जिसमें गायों के लिए हरे चारे तरबूज आदि का कार्यक्रम प्रमुख रूप से किया जाता है, वहीं महिला जिलाध्यक्ष राधिका अग्रवाल ने बताया कि अधिक मास एक महत्वपूर्ण दिन माना जाता है, जिसमें गायों की सेवा करके पुन्य लाभ कमाया जा सकता है,यह दिन सभी के लिए विशेष होता है,सभी सदस्यों ने बड़े हर्षोल्लास के साथ कार्यक्रम में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया।कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष मुरादाबाद प्रतिभा अग्रवाल मंडल महामंत्री पारूल अग्रवाल, महिला महामंत्री शिवांगी अग्रवाल, जिला कोषाध्यक्ष प्रीति गुप्ता नगर अध्यक्ष राधा गुप्ता नगर महामंत्री कोमल मित्तल,संरक्षक बीना माहेश्वरी, भावना गुप्ता जया गुप्ता, नीलम सिंघल, श्वेता वर्मा, बबीता गुप्ता, ज्योति गुप्ता, मीना खण्डेलवाल, आराधना गुप्ता,प्रियंका रस्तोगी, पारूल गुप्ता,रति अग्रवाल,सीमा अग्रवाल, पल्लवी आदि उपस्थित रहे।


कार्यक्रम के दौरान मौजूद महिलाएं। -जागरण मोर्चा

# तुरैहा समाज मेधावी बच्चों का करेगा सम्मान समारोह: कमल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** रविवार को सराय गेट स्थित माता संतोषी मन्दिर बाबा रामस्वरूप तुरैहा की समाधि के प्रांगण में तुरैहा मछुआ समाज की बैठक का आयोजन किया। बैठक को सम्बोधित करते हुए तुरैहा मछुआ समाज के जिलाध्यक्ष कमल कुमार तुरैहा ने कहां की समाज के युवा वर्ग को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सभी गणमान्य साथियों व संगठन के पदाधिकारियों की आम सहमति से जून की 7 तारीख को समाज के परिवार के सभी बच्चे जिन्होने हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण की है। उन सभी को कार्यक्रम आयोजित कर सम्मानित किया जाएगा।



बैठक को संबोधित करते जिलाध्यक्ष। -जागरण मोर्चा

इसके साथ-साथ जिन बच्चों की किसी भी विभाग में नौकरी प्राप्त की है। उन सभी को मुख्यालय में तुरैहा मछुआ समाज के तत्वाधान में आयोजित मेधावी छात्र,छात्रा सम्मान समारोह कार्यक्रम के तहत मुख्य अतिथियों की उपस्थिति में सम्मानित किया जाएगा।जिला महामंत्री राम सिंह तुरैहा एडवोकेट ने कहां की संगठन के सभी तहसील प्रभारी स्व-जनगणना के लिए अपने अपने क्षेत्र के स्वजातीय तुरैहा परिवारों को जागरूक करें। जाति वाले कालम में तुरैहा अनुसूचित जाति ही अंकित कराए। बैठक को सम्बोधित करते हुए तुरैहा मछुआ समाज के जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनोद कुमार एडवोकेट ने कहां की समाज में शिक्षा की महत्ता व बढ़ावा देने के उद्देश्य से आज सभी गणमान्य साथियों की आम सहमति से जनपद के सभी तहसील व नगरीय क्षेत्र के स्वाजातीय परिवार के जो बच्चे हाईस्कूल, इंटरमीडिएट व अन्य उच्च परीक्षाओं और किसी भी सरकारी विभाग में नौकरी पाए हैं।मेधावी रहे है उन सभी को संगठन के अगामी प्रस्तावित 7 जून 2026 को भव्य सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित कर सम्मानित किया जायेगा इसके लिए आज कार्ययोजना तैयार की गयी। बैठक का संचालन कर हे हुए रामगोपाल पंडित जी ने कहां की समाज के जो भी साथी अपनी ग्राम पंचायत में सक्रीय राजनीति में है वह सभी ग्राम पंचायत व क्षेत्र पंचायत के चुनाव की तैयारी जरूर करें क्योंकि जब तक समाज का प्रतिनिधित्व राजनीति में नही बढ़ेगा समाज तरक्की नही कर पायेगा और जबतक समाज के लोग घरों से बाहर नही निकलेगे तबतक उन्हे कोई तवज्जो नही देगा।

### यह रहे मौजूद

रामसिंह तुरैहा, विनोद कुमार, रामगोपाल पंडित,अरविन्द कुमार, धर्म सिंह, हरि शंकर भोट, शिवम कश्यप, राजेश तुरैहा, मुरारी लाल तुरैहा, विक्रम सिंह, अर्जुन कुमार, रमेश लाल, चन्द्रपाल, राम सरन तुरैहा, नरेंद्र कुमार तुरैहा, पूरन लाल कश्यप, प्रीतम तुरैहा, राजीव कुमार तुरैहा, रामसरन, रवि तुरैहा, कृष्ण अवतार पंडित जी, रिन्कू, नवल किशोर, शिवकुमार, बालकिशोर आदि उपस्थित रहे।

# सौहार्द के साथ मनाएं त्यौहार, दूसरे की भावनाओं का रखें ख्याल: देवकीनंदन


अमन कमेटी की बैठक में बोलते सीओ देवकीनंदन। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहबाद।** थाना परिसर में रविवार को शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया।बैठक की अध्यक्षता करते हुए सीओ देवकीनंदन ने बकरीद को शांति और सौहार्द के साथ मनाएं जाने की अपील की।

सीओ देवकीनंदन ने अमन कमेटी के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी हाल में प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी न करें। उन्होंने चेताया कि यदि कहीं से भी ऐसी कोई सूचना प्राप्त हुई तो संबंधितों के विरुद्ध सबसे कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने खुले में नमाज न अदा करने तथा सार्वजनिक स्थानों पर खुले में कुर्बानी न करने की भी हिदायत दी। उन्होंने कहा कि शासन के निर्देशों का पूर्णतः पालन किया जाए और दूसरे समुदाय की भावनाओं का भी पूरा ख्याल रखा जाए। कोतवाल प्रदीप कुमार ने कहा कि सभी लोग मिलजुल कर त्योहार मनाएं और अफवाहों पर ध्यान न दें। उन्होंने सख्त हिदायत दी कि सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की विवादित या भड़काऊ पोस्ट साझा न की जाए।साथ ही साथ बैठक में आने के लिए सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। अपराध निरीक्षक जेपी यादव ने भी सभी से अपील करते हुए कहा कि शाहबाद अमन और चैन के लिए जाना जाता है। यह भाईचारा बना रहे,शाहबाद का नाम किसी भी स्थिति में खराब न हो, इसलिए आगामी त्यौहारों को शांतिपूर्ण ढंग से मनाएं। बकरीद के मौके पर नगर पंचायत की ओर से पानी तथा सफाई की व्यवस्था दुरुस्त रखने की मांग की गई। बैठक में एसआई अतिशय जैन, एसआई रमेश चंद्र, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के नगर अध्यक्ष मुकेश चंद्र गुप्ता, नामित सभासद अमित चंद्रवंशी,राजू चंद्रवंशी, शोभित गुप्ता, गोरे खा, आकिल खा, इमाम शावेज अली, सभासद शप्पू खा उर्फ सदाकत खा, अय्यूब खां आदि मौजूद रहे। शांति समिति की बैठक का संचालन व्यापार मण्डल के नगर अध्यक्ष मुकेश चंद्र गुप्ता ने किया।

## रामपुर के शिक्षक मेरठ में हुए सम्मानित

**रामपुर।** राजकीय शिक्षक संघ उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित प्रदेश स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह एवं राजकीय शिक्षक संघ के 65 के पीएल शर्मा स्मारक, मेरठ, उत्तर प्रदेश में आयोजित प्रदेश स्तरीय विशाल अधिवेशन , दीपक पुंडीर, डॉ. मुनीश शर्मा, सहित कई अन्य वरिष्ठ शिक्षकों को सांसद राजकुमार सांगवान ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस मौके पर पुरस्कृत शिक्षक वेलफेयर सोसायटी उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष बीएन खरे, महामंत्री ऋषिपाल सिंह द्वारा अंगवस्त्र पहनाकर एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।दीपक पुंडीर पुरस्कृत शिक्षक वेलफेयर सोसायटी उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद मंडल अध्यक्ष की जिम्मेदारी भी निभा रहे हैं। इस अवसर पर पूरे प्रदेश के विभिन्न जनपदों से पधारे सैकड़ों शिक्षक उपस्थित भी रहे।


मेरठ में सम्मानित होते शिक्षक।

# ई- फार्मेसी बंद का केमिस्ट एसोसिएशन ने किया विरोध

- संगठन का मतलब समस्याओं का निराकरण करना

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** रामपुर केमिस्ट एसोसिएशन रजि. ने 20 मई प्रस्तावित दवा दुकानों, फार्मेसी बंद का संगठन विरोध करेगा। इसको लेकर जिला अध्यक्ष राजीव गुप्ता ने कहा कि संगठन का मतलब है कि औषधि व्यवसाय से संबंधित समस्याओं का निराकरण कराना, बल्कि मरीजों को असुविधा में डाला जाए।

कलेक्ट्रेट पहुंचकर एक ज्ञापन रामपुर केमिस्ट एसोसिएशन ने जिलाधिकारी के नाम प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा। जिसमें जिला महामंत्री नूर मोहम्मद खां ने कहा कि ऐसा कोई भी कदम आम जनता, रोगियों और जीवन रक्षक औषधियों की निर्बाध उपलब्धता के प्रतिकूल है। इसलिए समस्त दवा विक्रेताओं से अपील की जाती है कि वे अपनी दुकानें खुली रखें और किसी तथाकथित संगठन के भ्रामक अथवा जनविरोधी बंद आह्वान से स्वयं को पृथक रखें। रामपुर केमिस्ट एसोसिएशन रजि. के लिए आम जनता और मरीजों का हित सर्वोपरि है। औषधियों की निर्बाध उपलब्धता करना हमारा विधिक, नैतिक एवं सामाजिक दायित्व है। इसलिए किसी भी तथाकथित बंद आह्वान का समर्थन जनहित के प्रतिकूल माना जाएगा। ज्ञापन देने वालों में नूर मोहम्मद खां, राजीव गुप्ता, अमित शर्मा समेत अन्य लोग शामिल रहे।


कलेक्ट्रेट परिसर में प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन सौंपते जिलाध्यक्ष व अन्य।

## शादी में बनाए रसगुल्ले के पैसे मांगने पर गाली गलौज ,दी तहरीर

**धमोरा।** शहजादनगर थाना क्षेत्र के गांव में शादी के मौके पर बनाई गई रसगुल्ला मिठाई के पैसे मांगने को लेकर दो लोगों में विवाद हो गया। जिसके चलते मामले की तहरीर धमोरा चौकी पुलिस को दी गई है। मामला थाना क्षेत्र के धमोरा गांव से जुड़ा है। बाबूराम पुत्र नन्हे धमोरा निवासी की तेलीपुरा रोड स्थित मिठाई की दुकान है। जहां से बंशीपुर निवासी देवीदास पुत्र नाथूराम ने अपने यहां शादी पर 90 किलो रसगुल्ला व अन्य मिठाई बनवाई थी। जिसके चलते मिठाइयों के पैसे बारात के दो दिन बाद देने का वादा किया था। शादी के चार दिन बीत जाने के बाद जब दुकान स्वामी बाबूराम ने अपने पैसे लेने के लिए फोन किया तो वह आग बबूला हो गया और फोन पर गाली गलौज करने लगा। जब दुकान स्वामी ने इस बात का विरोध किया तो वह जान से मारने की धमकी देने लगा। जिसके बाद फोन काट दिया। इस संबंध में पीड़ित बाबूराम ने मामले की शिकायत धमोरा चौकी पुलिस से तहरीर के आधार पर की है।

रणनीति | रविवार को सिविल लाइंस स्थित कार्यालय पर हुआ बैठक का आयोजन

# मीट फैक्ट्री के खिलाफ 18 मई को जिलाधिकारी को सौंपा जाएगा ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** राष्ट्रीय शिव शक्ति सेना के जिला कार्यालय पर राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय गुप्ता की अध्यक्षता बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में विशेष प्रकरण को लेकर विचार विमर्श किया।सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि जनपद में जो विगत काफी समय से पहाड़ी गेट पर फियर एक्सपोर्ट (इण्डियन) प्राइवेट लिमिटेड में अनाधिकृत रूप से दुधारू भैंसो, गर्भन भैंसो, भैंसो के छोटे बच्चों तथा भैंस के पेट में 4-5 माह के बच्चे को जबरन निकालकर काटा जा रहा है। जो जीव अभी दुनिया में आया ही नहीं उसे जबरन भैंस के पेट से निकालकर काटा जा रहा है। भैंस के वंशजों को काटकर मीट को अलग अलग पैक किया जाता है।भैंस के छोटे बच्चों को काट कर अलग पैक किया जाता है।भैंस के मीट को काटकर अलग पैक किया जाता है।



बैठक में बोलते राष्ट्रीय अध्यक्ष। -जागरण मोर्चा

संज्ञान में आया है कि भैंस वंशजों के मीट को अलग कैटेगरी में पैक करके विदेशों में भेजा जाता है।हर कैटेगरी की मीट के कीमत अलग-अलग है। जिस तरह से भैंस, भैंस के वंशजों को काटा जा रहा है इससे भैंसों की भारी कमी होती जा रही है। पब्लिक को दूध की भारी कमी से झूझना पड़ रहा है।मजबूरी में थैली के दूध का प्रयोग के लिए विवश हो रहे हैं। भविष्य में भैंस के दूध की कमी स्वाभाविक रूप से होगी जिससे सरकार की व्यवस्था पर प्रश्न चिन्ह लगेगा।बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि 18 मई को संगठन के पदाधिकारी, सदस्य तथा जनता काफी मात्रा में अम्बेडकर पार्क में एकत्रित होंगे। अम्बेडकर पार्क से पैदल मार्च करते हुए जिलाधिकारी को ज्ञापन सौपेंगे। जिलाधिकारी से अनुरोध किया जाएगा।इस अनाधिकृत रूप से भैंस, भैंस के वंशजों के कटान को उच्चाधिकारियों से जांच कराकर अविलम्ब रोका जाए।

## एक नजर

### पुलिस ने खनन करते 4 ट्रैक्टर-ट्राली पकड़ी

**चन्दौसी।** बहजोई थाना पुलिस ने अवैध खनन के खिलाफ अभियान चलाते हुए मिट्टी खनन में लगे 4 ट्रैक्टर-ट्राली, एक मिट्टी भरे वाली मशीन तथा 5 लोगों को हिरासत में लिया है। पुलिस ने मामले की सूचना खनन विभाग को देकर अगली कार्रवाई आरंभ कर दी है। शनिवार की रात थाना पुलिस को सूचना मिली कि गांव लहरावन के निकट अवैध रूप से मिट्टी खनन का कार्य किया जा रहा है। सूचना पर थाना पुलिस टीम मौके पर पहुंची और खनन करने वालों की घेराबंदी कर छापेमारी की। पुलिस को मिट्टी से भरे 4 ट्रैक्टर-ट्राली, मिट्टी भरने में प्रयुक्त एक मशीन मिली। मौके पर मौजूद लोगों से पुलिस ने खनन संबंधी अनुमति पत्र व आवश्यक दस्तावेज मांगे, लेकिन वह कोई वैध अभिलेख नहीं दिखा सके। पुलिस ने मौके से 5 लोगों को हिरासत में लिया है। पुलिस ने पकड़े गए ट्रैक्टर-ट्राली को पुलिस लाइन में खड़ा करा दिया है। पुलिस ने घटना की जानकारी खनन विभाग दे दी है।

# प्रदेश सरकार ने अनुदेशकों का मानदेय किया 17 हजार रुपये

**कलक्ट्रेट सभागार में अनुदेशकों को वितरित किए 17 हजार रुपये के प्रतीकात्मक चेक**

जागरण मोर्चा कार्यालय


अनुदेशकों को वितरित किए गए प्रतीकात्मक चेक। -जागरण मोर्चा

**चन्दौसी।** कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल व मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाख भट्ट के निर्देशन में अनुदेशक सम्मान एवं बढ़े हुए मानदेय शुभारंभ समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री व पूर्व विधायक गुन्नौर अजीत कुमार उर्फ राजू यादव मौजूद रहे।

कार्यक्रम में सर्वप्रथम लखनऊ में आयोजित मुख्यमंत्री के अनुदेशक सम्मान एवं चेक वितरण कार्यख्रम का सजीव प्रसारण देखा गया। इसके उपरांत कलक्ट्रेट सभागार में मुख्य अतिथि द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का आरंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा अनुदेशकों का मानदेय बढ़ाया जाना एक सराहनीय एवं ऐतिहासिक निर्णय है। उन्होंने इसके लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर प्रभावी कार्य कर रही हैं तथा शिक्षा की गुणवत्ता के साथ किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जा रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले समय में परिषदीय विद्यालयों की शिक्षा व्यवस्था इतनी सुदृढ़ होगी कि अभिभावक निजी विद्यालयों के स्थान पर अपने बच्चों को सरकारी विद्यालयों में शिक्षा दिलाना पसंद करेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य गांव के प्रत्येक बच्चे को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम में अनुदेशकों को बढ़े हुए मानदेय 17 हजार रुपये के प्रतीकात्मक चेक वितरित किए गए।

## सीसीटीवी में कैद हुए बकरी चोर



**सैफनी।** दिनदहाड़े घर के बाहर से बकरी चोरी कर भाग रहे दो चोरों को ग्रामीणों ने पांच किलोमीटर तक पीछा कर खदेड़ दिया। घटना रविवार दोपहर की है। मोहल्ला गुलाबनगर निवासी असलम की बकरी घर के गेट पर बंधी थी, तभी स्प्लेंडर बाइक सवार दो अज्ञात चोर उसे उठा ले गए। भनक लगते ही असलम और अन्य लोगों ने पीछा किया। शाहबाद-बिलारी मार्ग पर धर्मपुर कलां कब्रिस्तान के पास खुद को घिरता देख चोर बकरी छोड़कर फरार हो गए। चोरी की यह वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई है। लगातार हो रही पशु चोरी से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। पीड़ित ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर तहरीर देकर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है।

# अनुदेशक बेसिक शिक्षा व्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी : बीएसए

जागरण मोर्चा कार्यालय


अनुदेशक को चेक देते राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख एवं मौजूद अधिकारी।

**रामपुर।** विकास भवन सभागार में रविवार को अनुदेशकों के सम्मान एवं बढ़े हुए मानदेय वितरण समारोह का आयोजन किया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख रहे। कार्यक्रम में प्रदेश सरकार द्वारा अनुदेशकों के मानदेय में की गई वृद्धि पर हर्ष व्यक्त किया। प्रतीकात्मक चेक वितरित किए गए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कल्पना देवी ने कहा कि अनुदेशक बेसिक शिक्षा व्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी हैं।बच्चों के सर्वांगीण विकास में उनकी भूमिका अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने सरकार द्वारा मानदेय वृद्धि को अनुदेशकों के सम्मान की दिशा में बड़ा कदम बताया।समारोह में बताया कि पूर्व में अनुदेशकों को 9000 रुपये मानदेय दिया जाता था, जिसे बढ़ाकर 17000 रुपये किया गया है। जनपद के 166 अनुदेशकों को इसका लाभ प्राप्त होगा। यह अनुदेशक उच्च प्राथमिक विद्यालयों में शारीरिक शिक्षा, कंप्यूटर शिक्षा, गृहशिल्प, कृषि शिक्षा, उद्यान एवं फल संरक्षण आदि विषयों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं।मंत्री द्वारा जनपद के 9 अनुदेशकों को प्रतीकात्मक चेक भी वितरित किए गए। इनमें फारुख अली, अभिषेक शर्मा, सुभाष बाबू, सुधा वर्मा, रेनू यादव, नरेंद्र कुमार, रंजू साहू शैलेंद्र सिंह एवं राजेश कुमार शामिल रहे।कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी मिलक बबिता सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया। मंच संचालन सुरेंद्र यादव ने किया।इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी स्वार पीएल निरंकारी, जिला समन्वयक राहुल सक्सेना, जिला समन्वयक अंकित सक्सेना, जिला समन्वयक सत्येंद्र शर्मा, एआरपी पृथ्वी सिंह, एआरपी निसार अहमद, मोहित सक्सेना, पंकज, एआरपी प्रीति, प्रभाकर गौतम, मीडिया प्रभारी सय्यद आफाक हुसैन सहित बड़ी संख्या में शिक्षक एवं अनुदेशक उपस्थित रहे।

# सिपाही पर ट्रैक्टर चढ़ाने वाले चार आरोपी गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय

▶ थाना धनारी क्षेत्र में मिट्टी से भरी ट्रैक्टर-ट्राली को रोकने पर हुई थी घटना

**चन्दौसी।** थाना धनारी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 4 वांछितों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है। 12 मई को उपनिरीक्षक सदाकत अली व कांस्टेबिल कादिर चौधरी थाना धनारी क्षेत्र में देखरेख व शांति व्यवस्था को गश्त कर रहे थे।

जब पुलिस ग्राम बहीपुर से गांव सिसौरा काजी को जाने वाले मार्ग पर पहुंची, तो एक ट्रैक्टर-ट्राली आती नजर आई, जिसमें मिट्टी भरी थी। ट्रैक्टर पर 6 व्यक्ति व चालक सवार थे। शक होने पर कांस्टेबिल ने ट्रैक्टर को रुकने का इशारा किया तो चालक ने कांस्टेबिल को ऊपर ट्रैक्टर चढ़ा दिया। जिसे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद सभी लोग ट्रैक्टर-ट्राली छोड़कर फरार हो गए। उक्त घटना के बाद पुलिस ने 7 लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की। जिसमें से पुलिस 3 आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी हैं। पुलिस ने रविवार को 4 आरोपी मझौला फत्तेहपुर तिराहा थाना धनारी से गिरफ्तार किया है। जिसमें मोहकम सिंह, दरयाव सिंह, सत्यभान निवासीगण ग्राम बहीपुर थाना धनारी, दुर्गेश उर्फ दुर्गेश निवासी ग्राम कैल की मढ़ैया थाना बबराला शामिल है। पुलिस ने चारों को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

# पालिकाध्यक्ष द्वारा सिलाई शिविर का शुभारंभ

जागरण मोर्चा कार्यालय


समिति के प्रशिक्षण कार्यक्रम में विचार रखती पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय।

**चन्दौसी।** जनता जागरुकता समिति की ओर से सिंलाई प्रशिक्षण शिविर का आयोजन माल गोदाम रोड स्थित मील परिसर में किया गया। जिसका उद्घाटन नगर पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय ने किया। इसके उपरांत प्रशिक्षण कैंप में महिलाओं व युवतियों ने सिंलाई प्रशिक्षण आरंभ हुआ।

पालिकाध्यक्ष ने कहा कि यह बहुत अच्छी पहल है, इससे महिलाओं में जागरुकता पैदा होगी और महिलाएं आत्मनिर्भर बनेगी। ऐसे कैंपों का आयोजन समय-समय पर किया जाना चाहिए। जनता जागरुक समिति के संस्थापक शाह आलम मंसूरी ने कहा कि प्रशिक्षण कैंप में महिलाओं को कटिंग, सिलाई आदि सिखाया गया। जिसमें 30 महिलाओं ने शिविर में आकर लाभ लिया। समिति समय-समय पर ऐसे कैंपों का आयोजन करता रहेगा। समिति की सदस्य व ट्रेनर सना मंसूरी ने कहा कि इस कैंप से काफी महिलाओं ने लाभ उठाया है। हमारा मकसद महिलाओं को जागरुक कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का है। जिससे वह सिंलाई कढ़ाई कर अपने परिवार को आगे बढ़ा सके। गोलागंज स्थित कार्यालय पर युवतियों को सिंलाई का प्रशिक्षण दिया जाता है। इस अवसर पर अध्यक्ष जहीर आलम, मोहम्मद अनस, मोहम्मद रिजवान, इरफानखान, कोमल, अवनी, स्वामी, विनीता, मुस्कान, रिजवाना, रुकिया, संजीदा, शुकायला, मनतशा आदि मौजूद रहे।

## कार की टक्कर से स्कूटी सवार घायल

**चन्दौसी।** मुरादाबाद रोड स्थित न्यू बाईपास पर शनिवार रात एक तेज रफ्तार कार ने स्कूटी सवार को टक्कर मार दी। हादसे में स्कूटी सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर किया गया है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव वसुंधरा एंक्लेव निवासी शुभम कुमार सिंह अपनी स्कूटी से किसी काम के लिए न्यू बाईपास से गुजर रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही अज्ञात कार ने उनकी स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह सड़क पर गिरकर लहूलुहान हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस ने घायल को सीएचसी में भर्ती कराया, जहां गंभीर हालत देखते हुए डॉक्टरों ने उसे रेफर कर दिया। घटना के बाद चालक कार लेकर फरार हो गया।


विदाई समारोह में एडीएम प्रदीप वर्मा के स्मृति चिन्ह भेंट करते डीएम व एसपी।

# एडीएम के स्थानांतरण पर दी गई भावभीनी विदाई

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** कलक्ट्रेट सभागार में अपर जिलाधिकारी (एडीएम) प्रदीप वर्मा के लखनऊ स्थानांतरण पर एक भावभीनी विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल और पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने की। इस अवसर पर अधिकारियों ने निवर्तमान एडीएम को पुष्पगुच्छ भेंट कर और शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। जिलाधिकारी व अन्य वक्ताओं ने उनके साथ अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि एडीएम प्रदीप वर्मा ने अपने कार्यकाल के दौरान प्रशासनिक दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा, पारदर्शिता और संवेदनशीलता के साथ किया। उनके कार्यों की छाप जनपद में सदैव स्मरणीय रहेगी।

# अविवाहित बताकर महिला से बनाए शारीरिक संबंध, फिर शादी से इंकार

जागरण मोर्चा कार्यालय

▶ महिला का गर्भपात कराकर खत्म कर लिए संबंध

▶ महिला ने युवक के विरुद्ध कार्रवाई को एसपी से लगाई गुहार

**चन्दौसी।** महिला ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। महिला का कहना है कि उसका अपने पति से 2021 मई से विवाद चल रहा है, जिससे वह अपने मायके थाना रजपुरा क्षेत्र के एक गांव में रहती है।

महिला का शहर की ओर बैंक खाता है, जिसमें लेन-देन करने हो बैंक आती है। बैंक का एक कर्मचारी जो बहजोई में रहता है और बहजोई में मिनी बैंक सेंटर भी चलाता है। महिला मिनी बैंक सेंटर से रुपये निकालती थी। तभी उसका सेंटर संचालक मोबाइल नंबर ले लिया। इसके बाद दोनों के बीच अक्सर मोबाइल पर बात होनी लगी। युवक ने महिला को प्रेम जाल में फंसा लिया और स्वयं को अविवाहित बताते हुए कहा कि पति से विवाद खत्म होने पर महिला से विवाह कर लेगा। युवक ने महिला को कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले में किराए पर कमरा दिला दिया और दोनों कमरे पर रहने लगे। महिला का आरोप है कि कमरे पर युवक ने उसके साथ शारीरिक संबंध स्थापित कर लिए. कुछ दिनों उसी मोहल्ले में दूसरी जगह कमरा किराए पर ले लिया और दोनों रहने लगा। कुछ दिन बाद युवक की मां व बहनें किराए के कमरे पर पहुंची और महिला से कहा कि जब तुम्हारा पति से विवाद निपट जाए, तो दोनों का विवाह करा देंगे। इसके बाद युवक अपने घर बहजोई चला गया और किराए के कमरे पर आना बंद कर दिया। महिला ने जब युवक के घर पहुंची तो उसे जानकारी हुई कि युवक शादीशुदा है। महिला ने युवक पर झूठ बोलकर शारीरिक संबंध बनाने का आरोप लगाया और कहा कि वह गर्भवती है और उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करेगी। उस समय युवक ने महिला को प्रलोभन वाली बातों में उसका गर्भपात चिकित्सक से करा दिया। इसके बाद युवक ने महिला से बात करनी बंद कर दी। महिला उक्त घटना की तहरीर कोतवाली व सीओ कार्यालय में दी। मगर महिला कहीं सुनवाई नहीं हुई। महिला ने अब एसपी से युवक के विरुद्ध कार्रवाई की गुहार लगाई है।

## डिबिया जलाते समय युवती झुलसी, रेफर

**चन्दौसी।** बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव जनेटा में घर में रोशनी को डिबिया जलाते समय युवती झुलस गई। जिसे उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने हायर सेंटर रेफर कर दिया।

गांव जनेटा निवासी नगमा पुत्री मोहम्मद सादीक शनिवार की रात 10.30 बजे घर में उजाला करने को डिबिया जला रही थी। तभी अचानक युवती आग की चपेट में आ गई और चीखने-चिल्लाने लगी। परिजन मौके पर पहुंचे और युवती के कपड़ों में लगी आग को जैसे-तैसे बुझाया। आग से झुलसने पर परिजनों युवती को उपचार के लिए सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने युवती को हायर सेंटर रेफर कर दिया।

# सीकरी गेट पर फिर जलभराव शुरू, ग्रामीणों में रोष

जागरण मोर्चा कार्यालय

▶ दो माह पहले हुए जलभराव में ई-रिक्शा पलटे से हुई थी एक व्यक्ति की मौत


सीकरी गेट सड़क पर जलभराव से गुजरता बाइक सवार युवक। -जागरण मोर्चा

**चन्दौसी।** सीकरी गेट में रविवार की सुबह से एक बार फिर से जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई। उक्त स्थिति कुछ दूरी पर निर्माण कार्य के चलते उत्पन्न होना बताई जा रही है। दो माह पहले सीकरी गेट पर जलभराव होने पर ई-रिक्शा पलटने से एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। घटना के बाद काफी हंगामा होने पर दूसरे दिन जलभराव खत्म हो गया। अब फिर दो माह बाद जलभराव होने से आवागमन में नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

सीकरी गेट वाल्मीकि बस्ती के पास नगर पालिका द्वारा नाला निर्माण का कार्य पिछले काफी दिनों से चल रहा है। निर्माण कार्य धीमी गति से होने पर अभी तक पूरा नहीं हो सका है। दो माह पहले नाला निर्माण के चलते सीकरी गेट सलीम की पुलिया से स्नेह लता स्कूल तक सड़क पर जलभराव की समस्या उत्पन्न हो गई है। जो कई दिनों से जारी बनी रही। दो माह पहले सुबह 8 बजे के समय ई-रिक्शा पर सवार शेर सिंह 60 वर्ष निवासी जनपद बदायूं के थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के गांव दासपुर कुछ सामान लेकर जा रहा था। जब ई-रिक्शा सीकरी गेट पर सड़क पर हुए जलभराव से गुजर रहा था। तभी अचानक सड़क क्षतिग्रस्त होने पर ई-रिक्शा पलट गया। जिसके नीचे दबने से शेर की मौत हो गई। उक्त घटना के बाद शहर में काफी हंगामा हुआ था तथा नाले निर्माण करने वाले ठेकेदार के विरुद्ध कोतवाली में तहरीर भी दी गई थी। एक या दो दिन बाद सीकरी गेट पर जलभराव एकदम खत्म हो गया। इसके बाद भी नाला निर्माण होता रहा। रविवार की सुबह जब लोग घरों से बाहर निकले तो एक बार फिर सीकरी गेट पर जलभराव देख रोष व्याप्त हो गया। इस बार सीकरी गेट पर जलभराव सलीम की पुलिया से डा. सौरभ गुप्ता की दुकान तक दो से तीन फुट पानी भरा है। रविवार को पूरे दिन सड़क से गुजरने वाले राहगीरों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पडा। अब पता नहीं उक्त जलभराव कितने दिन तक रहेगा।


वृद्धजनों को खाद्य साम्रगी वितरित करतीं मंडल की पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

# महिला पदाधिकारियों ने वृद्धजनों को वितरित की खाद्य सामग्री

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** श्री गीता सत्संग युवा महिला मंडल द्वारा रामबाग रोड स्थित वृद्धाश्रम में अधिक मास पर वृद्धजनो को खाद्य सामग्री के साथ-साथ जरुरत के सामान का वितरण किया गया। जिसमें मंडल की संयोजिका इंदु अग्रवाल ने कार्यक्रम की सराहना की। कहा कि इस अधिक मास में हमें वृद्धजनों की सेवा करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। मंडल की महिला पदाधिकारियों ने वृद्धजनों से आशीर्वाद प्राप्त किया। कहा कि इस माह सभी को ऐसे दान धर्म के कार्य करते रहना चाहिए। इस अवसर पर अध्यक्ष प्रज्ञा अग्रवाल, उपाध्यक्ष मानसी अग्रवाल, शिवानी अग्रवाल, निमिषा अग्रवाल, सुप्रिया अग्रवाल, दीपिका, शुभा, शालिनी, प्रियंका आदि रहे।

# हे दुख भंजन मारुति नंदन, सुन लो मेरी पुकार

जागरण मोर्चा कार्यालय


सुंदर कांड पाठ करते ट्रस्ट के पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

▶ ट्रस्ट का सीएचसी परिसर स्थित महामृत्युंजय मंदिर में संपन्न हुआ श्री सुंदर कांड पाठ

**चन्दौसी।** स्वामी भूमानंद सेवा ट्रस्ट की ओर से सीएचसी परिसर स्थित महामृत्युंजय मंदिर में संगीतमय श्री सुंदर कांड पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वप्रथम डा. योगेंद्र प्रसाद जोशी ने सभी देवी-देवताओं का विधि विधान से पूजन संपन्न कराया।

इसके उपरांत केजी शर्मा, राजेश शंखधार, अनिल शर्मा, अजय सक्सेना, जेएन मिश्रा, आलोक दत्त दुबे, रमेश ग्रेवाल, पीएन शर्मा, सुरेश चंद्र शर्मा, कल्पना वार्ष्णेय, राकेश चौबे, बृजेंद्र शर्मा आदि ने गणेश व सरस्वती वंदना, हनुमान चालीसा, बजरंग वाण व श्री सुंदर कांड की चौपाइयों का वाचन किया। भजनों की श्रंखला में केजी शर्मा ने हे दुख भंजन मारुति नंदन सुन लो मेरी पुकार, पवनसुत विनीत बारंबार, अजय सक्सेना ने फूलों में सज रहे हैं, श्री वृंदावन बिहारी आदि भजन सुनाकर श्रद्धांजुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। अंत में आरती के उपरांत प्रसाद का वितरण किया गया।

इस अवसर पर आलोक दत्त दुबे, रमेश ग्रेवाल, सुरेश चंद्र शर्मा, कल्पना वाष्णेय, राकेश चौबे, बृजेंद्र शर्मा, पीएन शर्मा, गोविंद वार्ष्णेय, सच्चिदानंद शर्मा, संजीव शर्मा, बृजेश वार्ष्णेय, सुदर्शन वार्ष्णेय, सुमित पाराशरी, सीमा चटर्जी, टीसी शर्मा आदि मौजूद रहे।

# उपभोक्ता आयोग ने कंपनी को दिया क्षतिग्रस्त बाइक की मरम्मत कराने के आदेश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** कोतवाली क्षेत्र के आवास विकास कालोनी जा रहे बाइक सवार अधिवक्ता निखिल शर्मा की बुलेट मोटरसाइकिल से टक्कर हो गई। घटना के समय अधिवक्ता की बाइक उनका मित्र चला रहा था। हादसे के बाद बुलेड चालक फरार हो गया और अधिवक्ता के मामूली चोटे आई। मगर बाइक काफी क्षतिग्रस्त हो गई।

अधिवक्ता ने अपने घर पर ही उपचार कराया। इसके बाद बाइक को ऑथराइज सर्विस सेंटर में दिखाया गया तथा इंश्योरेंस कंपनी को सूचना दी, जहां सर्वेयर द्वारा उसका सर्वे किया गया और एस्टीमेंट बना दिया और एस्टीमेंट देने पर उन्होंने क्लेम को निरस्त कर दिया। इसके बाद अधिवक्ता निखिल शर्मा ने उपभोक्ता मामलों के विशेषज्ञ अधिवक्ता लव मोहन वार्ष्णेय से संपर्क किया। उनकी ओर से आयोग में परिवार प्रस्तुत किया गया। जहां इंश्योरेंस कंपनी को आयोग ने तलब किया तो इंश्योरेंस कंपनी ने आयोग को बताया कि परिवादी पर अपना ड्राइविंग लाइसेंस घटना के फोटोग्राफ, इंजरी ट्रीटमेंट की रिपोर्ट, पुलिस प्रथमा सूचना रिपोर्ट आदि चीज नहीं है, तो वादी के अधिवक्ता ने आयोग को अवगत कराया कि घटनास्थल पर जब चोटे लगती हैं, तो घबराया घायल व्यक्ति फोटोग्राफी में अपना इंटरेस्ट नहीं लेता, बल्कि शीघ्र इलाज कराने के लिए दौड़ता है। इंजरी इतनी गहरी नहीं थी जिससे वह अस्पताल जाते। उन्होंने घर पर ही घरेलू दवाइयों से इलाज किया। जबकि घटना के समय बाइक अधिवक्ता का मित्र चला रहा, जिनका ड्राइविंग लाइसेंस संलग्न है। आयोग ने दोनों पक्षकारों की बहस को सुना और अपना निर्णय वादी के पक्ष में देते हुए विपक्षी बीमा कंपनी बजाज इलायंस जनरल इंश्योरेंस कंपनी को आदेशित किया कि वह परिवादी निखिल शर्मा को उसकी दुर्घटना ग्रस्त बाइक की मरम्मत में कुल धनराशि मुबलिग 199928 रुपये उस पर परिवार संस्थान की तिथि से 7 प्रतिशत ब्याज सहित अंदर-अंदर 2 माह में अदा करें। इसके अलावा विपक्षी परिवादी को मुबलिग 10 हजार रुये मानसिक कष्ट व आर्थिक हानि की मद में अदा करें तथा 5 हजार रुपये व्यय की मद में भी अदा करेगा। नियत अवधि में धनराशि अदा न करने की दशा में ब्याज की धनरासि 9 प्रतिशत वार्षिक देय होगी।

## एक नजर

### 10 दिन बाद घायल के पिता की तहरीर पर पुलिस ने किया मुकदमा दर्ज

**हसनपुर।** चाचा के साथ स्कूल जाते समय एंबुलेंस की टक्कर से घायल हुए दो छात्रों के मामले में कोतवाली पुलिस ने 10 दिन बाद अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है ।घटना 7 मई की सुबह की है। ग्राम हथियाखेड़ा निवासी धर्मेंद्र अपने भतीजे सचिन और गांव के देवेंद्र को बाइक से श्रीमती सुखदेवी इंटर कॉलेज छोड़ने जा रहे थे। तीसरे मिल के पास बाइक रोककर जब वह लघुशंका करने लगे, तभी रहरा की तरफ से आई तेज रफ्तार अनियंत्रित एंबुलेंस ने सड़क किनारे खड़े दोनों छात्रों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में सचिन और देवेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन दोनों को सीएचसी लेकर आए, जहां से गंभीर हालत के चलते सचिन को मेरठ रेफर कर दिया गया। अपराध निरीक्षक अमरपाल सिंह ने बताया कि पीड़ित पिता राम किशोर की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# कविता, शायरी, संगीत और कॉमेडी से सजे ओपन माइक कार्यक्रम में युवा कलाकारों ने बांधा समां

## अल्फ़ाज़ के ओपन माइक कार्यक्रम ने नवोदित कलाकारों को दिया रचनात्मक मंच

जागरण मोर्चा कार्यालय




**मुरादाबाद।** साहित्य, संगीत और रचनात्मक अभिव्यक्ति को समर्पित अल्फ़ाज़ अपने फाउंडेशन द्वारा ओपन माइक – मुरादाबाद संस्करण का भव्य आयोजन बोर्सेल कैफ़े, सिविल लाइंस, मुरादाबाद में किया गया। कार्यक्रम में शहर के युवा कलाकारों ने कविता, शायरी, गायन एवं स्टैंड-अप कॉमेडी जैसी विभिन्न विधाओं में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ बोर्सले कैफे के स्वामी भूदेव शर्मा द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात कार्यक्रम का संचालन आकृति सिन्हा द्वारा प्रभावशाली एवं ऊर्जावान अंदाज़ में किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में धवल दीक्षित, एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में मनोज कुमार, रवि यदुवंशी, सूरज गौतम, मलिक आदि उपस्थित रहे। पूरे आयोजन के दौरान युवाओं का उत्साह, कला के प्रति समर्पण एवं साहित्यिक वातावरण विशेष आकर्षण का केंद्र बना रहा। कार्यक्रम में ओम अग्रवाल, मोहम्मद अली, गोविंद, अमित कुमार एवं जीपी सिंह, ने अपनी शायरियों से दर्शकों की खूब तालियाँ बटोरीं। पूर्णिमा शिर्शवाल, अरविंद गौतम, अभिषेक कुमार, शिवांशी सैनी, रुचित अग्रवाल, ने अपनी कविताओं के माध्यम से संवेदनशील विषयों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। वहीं पूजा सिंह, अक्षत थरेजा, निशांत रस्तौगी, निर्भय गुप्ता और उज्ज्वल वर्मा ने अपने मधुर गायन से कार्यक्रम में संगीत का रंग भर दिया। आयुष चौहान ने स्टैंड-अप कॉमेडी प्रस्तुति से दर्शकों को खूब हँसाया और मनोरंजन किया। संस्था की संस्थापिका अभिव्यक्ति सिन्हा ने बताया कि अल्फ़ाज़ अपने फाउंडेशन लगातार साहित्य, कला, संगीत एवं युवा प्रतिभाओं को मंच देने का कार्य कर रहा है। संस्था का उद्देश्य नवोदित कलाकारों को अवसर प्रदान करना तथा रचनात्मक अभिव्यक्ति के माध्यम से समाज में सकारात्मक संवाद स्थापित करना है। वहीं सह-संथापक अमर सक्सैना ने कहा कि युवाओं में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, आवश्यकता केवल सही मंच और प्रोत्साहन की होती है, जो अल्फ़ाज़ अपने फाउंडेशन हमेशा से देता आया है। कार्यक्रम के सफल आयोजन में हर्षल, ऋषभ, हिमांशु, अनमोल, गर्वित, ईशान आदि सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। आयोजन के दौरान उपस्थित दर्शकों ने कलाकारों का उत्साहवर्धन किया और पूरे कार्यक्रम को यादगार बना दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों, कलाकारों, सहयोगियों एवं उपस्थितजनों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किए गए।

## संक्षेप समाचार



श्रीमद् भागवत कथा की समाप्ति पर हवन करते हुए।

### भागवत कथा समापन पर हवन और भंडारा

**हसनपुर।** क्षेत्र के गांव उधनपुर में चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के समापन के कन्याओं में महिलाओं के द्वारा गंगा जी में कलश विसर्जन के बाद रविवार को गांव के शिव मंदिर पर भक्तों के द्वारा हवन यज्ञ भी कराया गया। इसके बाद भक्तों ने भंडारे का आयोजन भी किया,भंडारे के दौरान 61 कन्याओं को भोजन कराया गया कलश उठाने वाली कन्या एवं महिलाओं को दान भी दिया गया व उनके चरण स्पर्श किए गए। इस मौके पर विजय सिंह, धर्मपाल सिंह, राजीव, धर्मपाल, राकेश, सुभाष, कैलाश सिंह, गंगाराम सिंह, रविंदर, अतुल, शीशपाल, मुकेश, हरवीर, शीतल, रिंकी, तारावती, स्वाति, काजल, मनोज, कुसुम, काजल, अलका, राजू मिस्त्री, प्रमोद, ममता, उर्मिला, रेखा, पिंकी प्रधान आदि मौजूद रहे।

### शराबी ने मोड़ा स्टेरिंग, टेंपो पलटने से पांच घायल

**हसनपुर।** सैद नगली थाना क्षेत्र के संभल मार्ग पर नगर से सैद नंगली जा रहे टेंपो का स्टेरिंग पड़कर शराबी ने मोड़ दिया जिससे टेंपो पलट गया टेंपो पलटने से उसमें बैठी पांच सवारियां गंभीर रूप से घायल हो गई। घायलों को नीजि चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया है। कोतवाली क्षेत्र के गांव कालखेड़ा निवासी टेंपो चालक अलाउद्दीन पुत्र इस्लाम नगर के संभल अड्डे से सैद नगली के लिए टेंपो चलाकर अपने परिवार का पालन पोषण करता है। रविवार की दोपहर अलाउद्दीन नगर के संभल अड्डे से सवारियां बैठा कर सैद नंगली जा रहा था। उझारी पहुंचने पर उसे आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव दुल्हेपुर अहीर निवासी युवक प्रदीप मिला और टेंपो में बैठ गया। टेंपो में बैठने के बाद आरोपी गालियां देने लगा टेंपो चालक ने गालियां देने को मना किया तो आरोपी मारपीट करने लगा जैसे ही टेंपो ढक्का मोड़ के निकट पहुंचा तो आरोपी शराबी ने चलते हुए टेंपो का स्टेरिंग मोड़ दिया। टेंपो सड़क पर पलट गया टेंपो पलटने से टेंपो में बैठी सवारियां नगर निवासी शिवानी व शैली, अलाउद्दीन, घायल हो गई। घायलों को नजदीक के नीजि अस्पताल में भर्ती कराया जहां उनका उपचार चल रहा है। पीड़ित टेंपो चालक ने आरोपी शराबी के खिलाफ थाने में तहरीर दी है।

### आगामी मेधावी छात्र-छात्राओं सम्मान समारोह को लेकर प्रजापति महासंघ की बैठक

**गजरौला।** प्रजापति समाज के मेधावी छात्र–छात्राओं को सम्मानित करने एवं शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रजापति प्रतिभा सम्मान समारोह 2026 का आयोजन 28 जून को किया जाएगा। समारोह की सफलता के लिए प्रजापति महासंघ की एक बैठक का आयोजन किया गया। रविवार को आयोजित बैठक में प्रदेश महासचिव नवनीत कुमार गोला ने कहा कि, इस सम्मान समारोह में हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट के प्रतिभाशाली छात्र–छात्रओं को सम्मानित किया जाएगा। यूपी बोर्ड में 70 प्रतिशत तथा सीबीएसई बोर्ड में 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र–छात्रएं सम्मान के पात्र होंगे। कार्यक्रम का आयोजन नगर केआदर्श वेंकट हॉल में होगा। समिति ने समाज के लोगों से अपील की है कि अपने क्षेत्र के योग्य छात्र–छात्रओं के अंकपत्र मोबाइल नंबर एवं पूर्ण पता निर्धारित तिथि 25 जून तक ऑनलाइन माध्यम से उपलब्ध कराएं, ताकि प्रतिभाओं का सही चयन किया जा सके। इस मौके पर विजय प्रजापति, उमेश प्रजापति, नरेश प्रजापति, रजनीश प्रजापति डाल चंद प्रजापति, शीश राम प्रजापति, इंद्रपाल गोला, मदनपाल सिंह, उत्तम प्रजापति, कैलाश , कावेंद्र प्रजापति, सुरेंद्र प्रजापति, पुष्पराज प्रजापति, सुनील प्रजापति, हर्स प्रजापति आदि मौजूद रहे।

### कार्यक्रम में युवाओं को पढ़ाया राष्ट्र शक्ति का पाठ

**गजरौला।** रमाबाई अंबेडकर महाविद्यालय में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से नगर इकाई के विद्यार्थी विभाग की ओर से आयोजित युवा एकत्रीकरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विभाग बौद्धिक प्रमुख कृष्णा कुमार ने युवाओं को राष्ट्रभक्ति का पाठ पढ़ाया। उन्होंने राष्ट्र प्रथम का संदेश देते हुए कहा कि हमारे लिए जीवन में राष्ट्र प्रथम होना चाहिए। उन्होंने पंच परिवर्तन पर जोर देते हुए कहा कि हमें स्वावलंबी बनने के लिए स्वदेशी का उपयोग करना होगा। समरसता के बारे में बताते हुए कहा कि हमारी मित्रता कृष्ण व सुदामा जैसी होनी चाहिए। पर्यावरण संरक्षण के लिए उन्होंने प्लास्टिक का प्रयोग बंद करने की सलाह दी। कुटुंब प्रबोधन के बारे में बताते हुए उन्होंने परिवार में संवाद की आवश्यकता पर जोर दिया और युवाओं का आह्वान किया कि हमें अपने अधिकारों के साथ ही नागरिक कर्तव्यों का भी ध्यान रखना होगा। युवा एकत्रिकरण कार्यक्रम में दो घंटे तक युवाओं ने मैदान पर पसीना बहाया और विभिन्न खेल खेले। संघ प्रार्थना के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस मौके पर नगर विद्यार्थी प्रमुख पार्थ तिवारी, सह विद्यार्थी प्रमुख आशीष, जिला महाविद्यालयीन प्रमुख कनिष्क भूषण, नगर संघ चालक कमल कुमार, सह संघ चालक पुसविन्दर सिंह, नगर कार्यवाह जगदीप सिंह, नगर सह कार्यवाह लोकेश कुमार, वीरेंद्र कुमार, कुलवंत सिंह, प्रदीप कुमार, कमलेश कुमार, विनय कुमार, अशोक प्रियदर्शनी, अनुपम सिंघल, अमरेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

### मिशन शक्ति : बालिकाओं को किया गया जागरूक

**बिसौली।** मिशन शक्ति अभियान 5 .0 के तहत कोतवाली क्षेत्र के गांव कुढोली में मिशन शक्ति टीम द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं को शिक्षा के महत्व और सशक्त भविष्य के लिए आत्मरक्षा की बुनियादी तकनीकों के बारे में जागरूक किया गया। रविवार को मिशन शक्ति टीम का नेतृत्व कर रही महिला उप निरीक्षक पूजा तोमर ने महिलाओं को सुमंगला योजना, स्वयं सहायता समूह, उद्यमिता प्रशिक्षण और शक्ति सदन जैसी सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मिशन शक्ति टीम नियमित रूप से क्षेत्र में भ्रमण कर रही है, शिकायत मिलने पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। पूजा तोमर ने महिलाओं को सलाह दी कि वह किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें, पासवर्ड साझा न करें और संदिग्ध गतिविधियों पर तुरंत पुलिस को सूचना दें।

# पूर्व ब्लाक प्रमुख का भाई भी गया जेल

जागरण मोर्चा कार्यालय



गिरफ्त में पूर्व ब्लाक प्रमुख का भाई।

**पाकबड़ा।** गांव में ही दो गुटों में जमकर बवाल हो गया था। मारपीट में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। जिनको अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पीड़ित की ओर से पूर्व ब्लाक प्रमुख समेत 13 लोगों पर मुकदमा पंजीकृत कराया गया था। पुलिस ने कार्यवाही करते हुए पूर्व ब्लाक प्रमुख के भाई को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

थाना क्षेत्र के गांव करनपुर के निवासी अरशद पुत्र मोहम्मद मुस्तकीम ने करीब दो महीने पहले मुकदमा पंजीकृत कराया था कि ईद के दिन करीब 9:30 बजे सुबह मेरे परिवार के बच्चे नमाज पढ़ने के लिए मस्जिद में गए थे। जो की मस्जिद मेरे घर के पास में है। मेरे गांव के पूर्व ब्लॉक प्रमुख हाजी वाजिद पुत्र मोहम्मद हुसैन द्वारा मेरे परिवार के बच्चों को नमाज पढ़ने से मना कर दिया। गाली देकर भगा दिया। जिसमें हाजी वाजिद से बच्चों के साथ गाली-गलौज करने एवं भगाने के बारे में पूछा गया तो हाजी वाजिद एवं उसके पुत्र हैदर अली, जनाब अली, मारूफ अली, शहनवाज, मोहम्मद कैफ, शाजिद पुत्र मोहम्मद हुसैन, मोहम्मद सैफ अली पुत्र साजिद, ओसाव उर्फ छोटू पुत्र साजिद, सानिव पुत्र साजिद, समीर पुत्र साजिद, मोहम्मद साहिन पुत्र मोहम्मद हुसैन, समीर उर्फ पप्पू पुत्र साहिन निवासी करनपुर आक्रोर्षित हो गए। गाली गलोच, मारपीट करते हुए एक राय होकर सभी जान से मारने की नीयत से पत्नी अरजेशमा एवं भाई नौमान के ऊपर हाथ में लिए तेज धारदार हथियार, लाठी डंडों से हमला कर दिया। जिसमें पत्नी, भाई के गंभीर चोटे आई हैं। जिनको अस्पताल में भर्ती कराया था। इसमें कुछ लोगों को पुलिस पहले ही जेल भेज चुकी है। रविवार को कार्रवाई करते हुए पुलिस ने पूर्व ब्लाक प्रमुख के भाई साजिद को भी जेल भेज दिया है।

## पुलिस ने युवक को अवैध हथियार संग दबोचा

**औरछी।** विशेष चेकिंग अभियान के तहत पुलिस ने एक शातिर युवक को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। एसएसपी के निर्देश पर फैजगंज बेहटा पुलिस ने सुरेनी पापड़ी जंगल मार्ग पर सरकारी ट्यूबवेल के पास घेराबंदी की थी। प्रभारी निरीक्षक सुभाष कुमार ने बताया कि मौके से नाजिम (निवासी मोहल्ला वार्ड नंबर 8, बिल्सी) को दबोचा गया। तलाशी में उसके पास से एक 12 बोर का अवैध तमंचा और जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, आरोपी का पुराना आपराधिक इतिहास है और उसके खिलाफ पहले भी आबकारी व आर्म्स एक्ट के मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई कर आरोपी को रविवार को कोर्ट में पेश किया।

# टेंट गोदाम में भीषण आग 50 लाख का सामान राख

जागरण मोर्चा कार्यालय



जलकर राख सामान। –जागरण मोर्चा

**हसनपुर।** गंगेश्वरी ब्लॉक क्षेत्र के गांव में देर रात एक टेंट के गोदाम में संदिग्ध परिस्थितियों में भीषण आग लग गई। इस अग्निकांड में व्यापारी का करीब 50 लाख रुपये का सामान जलकर राख हो गया।

जानकारी के अनुसार, चेहरा थाना क्षेत्र के गांव बासका कला निवासी तंजीम अख्तर का 'तंजीम टेंट हाउस' के नाम से गोदाम है। शनिवार की देर रात वह गोदाम बंद कर घर चले गए थे। रात करीब 12 बजे अचानक गोदाम से आग की ऊंची लपटें उठने लगीं। ग्रामीणों ने तुरंत इसकी सूचना पीड़ित परिवार और फायर ब्रिगेड को दी। टेंट के कपड़े, प्लास्टिक और लकड़ियों के कारण आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। ग्रामीणों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। जब तक फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं, तब तक व्यापारी की जीवनभर की पूंजी स्वाहा हो चुकी थी। आशंका जताई जा रही है कि हादसा शॉर्ट सर्किट की वजह से हुआ। पीड़ित ने प्रशासन से मुआवजे की गुहार लगाई है।

# ट्रेन मैनेजर की सतर्कता से टला बड़ा हादसा चलती ट्रेन से फिसली छात्रा की बची जान

जागरण मोर्चा कार्यालय



**मुरादाबाद।** उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल में ट्रेन मैनेजर की सतर्कता और त्वरित निर्णय क्षमता से एक बड़ा हादसा टल गया। गाड़ी संख्या 54391 में तैनात ट्रेन मैनेजर श्री ओमकार सिंह (द्वितीय) ने राजा का सहसपुर स्टेशन पर एक छात्रा की जान बचाकर मानवता और कर्तव्यनिष्ठा का उदाहरण पेश किया।

घटना शनिवार 17 मई 2026 की है। रेलवे प्रशासन के अनुसार स्टेशन राजा का सहसपुर (RJK) पर एक छात्रा चलती ट्रेन में चढ़ने का प्रयास कर रही थी। इसी दौरान उसका पैर अचानक फिसल गया और वह असंतुलित होकर प्लेटफॉर्म पर ट्रेन के साथ घिसटने लगी। स्थिति बेहद गंभीर हो गई और कुछ सेकंड की देरी बड़ा हादसा बन सकती थी। घटना के समय ड्यूटी पर मौजूद ट्रेन मैनेजर ओमकार सिंह ने तत्काल स्थिति को भांपते हुए बिना समय गंवाए ट्रेन पर प्रेशर लगाकर उसे रुकवाने की कार्रवाई की। उनकी सतर्कता और सूझबूझ के चलते ट्रेन समय रहते रुक गई और छात्रा को सुरक्षित बचा लिया गया। रेलवे अधिकारियों के मुताबिक छात्रा ने भी साहस का परिचय देते हुए ट्रेन का हैंडल मजबूती से पकड़े रखा, जिससे ट्रेन रुकने तक स्थिति नियंत्रण में बनी रही और उसकी जान बच सकी। घटना के बाद छात्रा और उसके परिजनों ने ट्रेन मैनेजर ओमकार सिंह तथा रेलवे प्रशासन का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि रेलवे कर्मचारियों की तत्परता और संवेदनशीलता के कारण बड़ा हादसा टल गया। उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल ने ट्रेन मैनेजर की उत्कृष्ट सेवा भावना, सतर्कता और कर्तव्यनिष्ठा की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी है। रेलवे प्रशासन ने कहा कि ट्रेन मैनेजर केवल ट्रेन संचालन तक सीमित नहीं रहते, बल्कि यात्रियों की सुरक्षा के सजग प्रहरी के रूप में भी अपनी जिम्मेदारी निभाते हैं।

# शराब की दुकान बंद कराने को प्रदर्शन

जागरण मोर्चा कार्यालय



ग्रामीण महिलाएं प्रदर्शन करते हुए। –जागरण मोर्चा

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव में महिलाओं द्वारा एकत्र होकर शराब की दुकान बंद कराने की मांग को लेकर महिलाओं ने नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया और कहा कि जब से गांव में यह दुकान खुली है। घरों में रहना दुश्वार हो गया है। उन्होंने प्रशासन से जल्द से जल्द दुकान बंद कराने की मांग की है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव अल्लीपुर मिलक मैं देसी शराब की दुकान खोली गई है, इसके विरोध में रविवार की दोपहर को गांव की महिलाएं एकत्र हुई और दुकान के सामने खड़े होकर जमकर नारेबाजी की और प्रदर्शन कर प्रशासन से शराब की दुकान बंद कराने की मांग की। प्रदर्शनकारी महिलाओं का कहना था कि जब से यह दुकान खुली है तब से गांव के व्यक्ति शराब पीते हैं और घर में मारपीट करते हैं ।अतः हमारी प्रशासन से मांग है कि गांव में शराब की दुकान ना खोली जाए। इसी के साथ उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर हमारी सुनवाई यहां नहीं हुई तो वह जिले के उच्च अधिकारियों के यहां भी शिकायत दर्ज करायेगी। प्रदर्शन करने वालों में सरोज, सविता, धनवती, ज्ञानवती, सुखिया, ओमवती, कृष्णा, लक्ष्मी, राजो, तारा, सावित्री, माया, यादवती पूजा, पुष्पा, रजनी आदि महिलाएं मौजूद रही।

**नर्स–दिवस** रोल प्ले और रील्स मेकिंग प्रतियोगिताओं के जरिए पेश की नर्सों के समर्पण की अनूठी मिसाल

# नर्सिंग पेशा नहीं, मानवता की सेवा : प्रो . सुभाषिनी

जागरण मोर्चा कार्यालय



**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के कॉलेज ऑफ नर्सिंग में अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस वर्ष की थीम 'एम्पॉवर नर्सेज, सेव लाइफस' रही। कार्यक्रम का शुभारंभ डीन प्रो. एसपी सुभाषिनी, प्राचार्या प्रो. जेसलीन एम. और वाइस प्रिंसिपल प्रो. रामनिवास ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने रोल प्ले और रील्स मेकिंग प्रतियोगिताओं के जरिए स्वास्थ्य सेवा, रोगी देखभाल और पुनर्वास में नर्सों के समर्पण और जिम्मेदारियों को बखूबी दर्शाया। रोल प्ले प्रतियोगिता में एएनएम की सुरभि, पिंकी, निकिता, स्वाति, सृष्टि, शीतल और सानिया का ग्रुप विजेता रहा। वहीं बीएससी नर्सिंग की अपर्णा, देव, दीक्षा और महिमा के ग्रुप ने दूसरा स्थान हासिल किया ।रोगी देखभाल पर आधारित रील्स मेकिंग प्रतियोगिता में बीएससी नर्सिंग के अभयजीत प्रथम, अपर्णा द्वितीय और प्राची तृतीय स्थान पर रहीं। इसके साथ ही विभिन्न बैचों के दो दर्जन से अधिक मेधावी छात्र-छात्राओं को 'एकेडमिक एक्सीलेंस अवार्ड' से सम्मानित किया गया। प्रतियोगिताओं में डॉ. नेहा आनंद और डॉ. अर्चना जैन ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। डीन प्रो. एसपी सुभाषिनी ने कहा कि सशक्त और शिक्षित नर्सें ही स्वास्थ्य सेवाओं की आधारशिला हैं। उन्होंने नर्सिंग को मानवता की सेवा का सर्वोच्च माध्यम बताया ।प्राचार्या प्रो. जेसलीन एम. ने 'एम्पॉवर नर्सेज, सेव लाइफस' थीम पर प्रकाश डालते हुए नर्सों को सशक्त बनाने पर जोर दिया। वाइस प्रिंसिपल प्रो. राम निवास ने नर्सों को स्वास्थ्य प्रणाली की रीढ़ बताया। कार्यक्रम में डॉ. योगेश कुमार, डॉ. सपना सिंह सहित तमाम फैकल्टी मौजूद रहे। संचालन इशिका और शिवाली ने किया और अंत में डॉ. राम कुमार गर्ग ने आभार व्यक्त किया।

# गजरौला पहुंचे पदाधिकारियों का भव्य स्वागत

जागरण मोर्चा कार्यालय



**गजरौला।** जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने जिलाध्यक्ष ओमकार सिंह कटारिया के नेतृत्व में राष्ट्रीय महासचिव/ उत्तर प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे और कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय, राष्ट्रीय सचिव/ सह प्रभारी प्रदीप नरवाल का नगर के चौपला पर पुष्प वर्षा करके स्वागत किया। राष्ट्रीय महासचिव अविनाश पांडे ने कहा कि विधानसभा का चुनाव नजदीक है।

पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता विधानसभा चुनाव की तैयारी में लक्ष्य बनाकर जुट जायें। देश में और उत्तर प्रदेश में लगातार महत्वपूर्ण परीक्षाओं के पेपर लीक हो रहे हैं, सरकार आंखें बंद किए बैठी है। लगातार पेपर लीक होने से नौजवानों का भविष्य खराब हो रहा है। आरोप लगाया कि केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार नौजवानों की भविष्य से खिलवाड़ कर रही है। डीजल, पेट्रोल और गैस के दाम बढ़ाकर मोदी सरकार ने देश को एक बार फिर से महंगाई की आग में झोंक दिया है। प्रदेशाध्यक्ष अजय राय ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश में भ्रष्टाचार और महंगाई बढ़ गई है। उत्तर प्रदेश में लगातार भ्रष्टाचार हो रहा है, कानून व्यवस्था खत्म हो गई है। हर जगह भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है महंगाई चरम सीमा पर है महंगाई के कारण आम आदमी परेशान है और व्याकुल है। महंगाई की मार से आम आदमी को तो वक्त की रोटी मिलना भी मुश्किल हो गया है। राष्ट्रीय सचिव प्रदीप नरवाल ने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं को मेहनत कर कर इस बार चुनाव में विजय हासिल करनी है। स्वागत करने वालों में जिला अध्यक्ष ओमकार कटारिया, पूर्व जिलाध्यक्ष चौधरी सुखराज सिंह, तारिक मोहम्मद खान, मोहम्मद शाहिद सिद्दीकी, जयपाल सिंह जाटव, ओमप्रकाश पवार, वाहिद अली सैफी, अमरजीत कोहली, मनोज कटारिया, फैजान खान आदि मौजूद रहे।

# संपादकीय

## चौतरफा महंगाई

बृहस्पतिवार को जारी सरकारी आंकड़ों से पता चला कि एक माह के भीतर ही थोक महंगाई दर दुगनी हो गई है। जो कि पिछले 42 महीनों के उच्चतम स्तर पर जा पहुंची है। अब शुक्रवार को पेट्रोल व डीजल तथा सीएनजी के दामों में वृद्धि ने आम आदमी को व्यथित कर दिया। जाहिर है पेट्रोल-डीजल के दामों में वृद्धि से न केवल यातायात महंगा हो जाता है बल्कि मालभाड़ा बढ़ने से हर चीज के दामों में उछाल आ जाता है। वहीं रोजमर्रा का सामान बनाने वाली कंपनियां दुहाई दे रही हैं कि पेट्रोलियम पदार्थों के दामों में वृद्धि से उनकी उत्पादन लागत में दस से बीस फीसदी की वृद्धि हुई है। फलत: इन कंपनियों ने छूट व प्रचार खर्च में कटौती करके भंडारण क्षमता व आपूर्ति शृंखला को मजबूत करना प्राथमिक लक्ष्य बनाया है। अत: देश की एफएमसीजी रोजमर्रा के सामान की लागत बढ़ने व मुनाफे पर बढ़ते दबाव को कम करने के लिये चरणबद्ध तरीके से वस्तुओं के दाम बढ़ाने की तैयारी कर रही हैं। यह भी हकीकत है कि पिछली तिमाही में ये एफएमसीजी पहले ही तीन से पांच प्रतिशत की वृद्धि वस्तुओं की कीमतों में कर चुकी हैं। फलत: आम उपभोक्ता को अभी और महंगाई को झेलने के लिए तैयार रहना चाहिए। यह भी एक हकीकत है कि रुपये के गिरते मूल्य ने भी कीमतें बढ़ाने का दबाव बनाया है। कंपनियां अपना मुनाफा बनाये रखने के लिये कीमतें बढ़ाने और पैकेटबंद उत्पादों की मात्रा घटाने की रणनीति पर काम कर रही हैं। आशंका जतायी जा रही है कि पेट्रोल व डीजल के दामों में तीन-तीन रुपये की वृद्धि के बाद टेलीकॉम कंपनियां रिचार्ज प्लान बढ़ा सकती हैं। उनका दावा है कि मोबाइल टॉवर को चलाने में आने वाला 40 फीसदी खर्च सिर्फ पेट्रोल और बिजली पर होता है। यह खर्चा टैरिफ बढ़ाकर ग्राहकों पर डाला जा सकता है। वहीं सरकारी तेल कंपनियां कह रही हैं कि होर्मुज स्ट्रेट बाधित होने से कच्चे तेल की कीमतों में भारी वृद्धि के बाद उन्होंने मामूली वृद्धि पेट्रोल व डीजल के दामों में की है। निश्चित रूप से पश्चिम एशिया संकट के चलते उपजे हालात ने बताया है कि भारत को ऊर्जा सुरक्षा नीति पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। प्रधानमंत्री द्वारा ईंधन की खपत को कम करने के आह्वान के कुछ दिन बाद ही पेट्रोल, डीजल व सीएनजी के दामों में बढ़ोतरी की गई है। यह बढ़ोतरी चार साल से अधिक समय में पहली बार की गई है। निस्संदेह, खाड़ी संकट से उपजे हालात में कीमतों में यह वृद्धि अनिवार्य लग रही थी। माना जा रहा है कि पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु आदि राज्यों में हुए विधानसभा चुनाव के चलते ही सरकार ने यह कदम देर से उठाया है। चुनाव परिणाम आने के बाद जब हैदराबाद में प्रधानमंत्री ने देशवासियों से ईंधन खपत में कटौती करने का आगाह किया था, तो संकेत माना गया कि पेट्रोलियम पदार्थों के दामों में वृद्धि हो सकती है। सरकार ने तेल विपणन कंपनियों को हो रहे भारी नुकसान की ओर इशारा करते हुए मूल्य वृद्धि का बचाव किया है। रिपोर्ट बताती है कि देश के सार्वजनिक क्षेत्र के रिटेलर्स रोजाना एक हजार करोड़ का नुकसान उठा रहे हैं,जबकि कच्चे तेल की कीमत सौ डॉलर प्रति बैरल थी। निस्संदेह, पहले ही मुद्रास्फीति व स्थिर आय से जूझ रहे नागरिकों को सरकार की यह दलील गले नहीं उतरेगी। वैसे भी चुनावी रणनीति के मद्देनजर संचालित आर्थिक निर्णय सार्वजनिक विश्वास में कमी लाते हैं। जाहिर बात है कि करोड़ों मध्यम वर्गीय परिवार, किसान व छोटे व्यवसाय चलाने वाले लोगों के लिए बढ़ी ईंधन दरें जल्दी ही भोजन, परिवहन और आवश्यक वस्तुओं को महंगा बना देती हैं। फिक्र की बात यह है कि भारत की आयातित कच्चे तेल पर निर्भरता अर्थव्यवस्था को भू राजनीतिक झटकों के प्रति संवेदनशील बना देती है। रूस से मिलने वाला सस्ता कच्चा तेल हमें अस्थायी राहत ही प्रदान करता है। लेकिन यह मार्ग भी प्रतिबंधों, शिपिंग रुकावटों और कूटनीतिक दबावों के प्रति संवेदनशील बना हुआ है। यह संकट भारत को दीर्घकालीन ऊर्जा रणनीति बनाने के लिये बाध्य करता है। हमारी प्राथमिकता सार्वजनिक परिवहन विस्तार, इलेक्ट्रिक वाहनों का प्रयोग व नवीकरणीय ऊर्जा का उपयोग बढ़ाने की होनी चाहिए।

# कब तक होगा परीक्षार्थियों के भविष्य से खिलवाड़?

'नीट प्रश्नपत्र लीक' मामले में गिरफ्तारियों की धरपकड़ जारी है। पड़ताल का जिम्मा सीबीआई को सौंपा गया है। राजस्थान से कुछ आरोपी गिरफ्तार हुए हैं। लेकिन जो आरोपी पकड़े गए हैं वह सियासत से संबंध रखते हैं। पुलिस अभिरक्षा में उनका सार्वजनिक रूप से मीडिया के कैमरों पर बोलना कि वह तो मौहरे मात्र हैं। खिलाड़ी तो कोई और ही हैं वह बडे-बड़े स्तर के? आरोपियों के मुख से निकले ये शब्द निश्चित रूप से निष्पक्ष जांच की उम्मीदों पर ग्रहण लगाने के लिए प्याप्त हैं। यहीं से मुकम्मल जांच की उम्मीदें टूटती दिखाई पड़ती हैं। साढ़े 22 लाख परीक्षार्थियों के भविष्य के साथ हुआ इतना बड़ा खिलवाड़ भी क्या एक कहानी बनकर सरकारी फाइलों में सिमट जाएगा?



करोड़ों लोग नीट परीक्षा लीक कांड की जांच को अब धूमिल होते देख रहे हैं। तसल्ली उन अभिभावकों को भी कर लेनी चाहिए,जो न्याय की उम्मीद लिए बैठे हैं। निष्पिक्ष जांच-पड़ताल की आस अब इसलिए भी नहीं की जा सकती। क्योंकि पूरा सिस्टम जांच छोड़कर, बड़ी मछलियों को बचाने में ही जुटेगा। ऐसा इस बार नहीं, पिछले तकरीबन सभी पेपर लीक कांड़ों में हुआ। नीट दाखिला परीक्षा है, भर्ती की पूरी की पूरी परीक्षा भारत में लीक होने लगी हैं। बावजूद इसके केंद्रीय हुकूमत कोई ऐसा उपाय नहीं कर पा रही जिससे परीक्षार्थियों के भविष्य के साथ किया जाने वाला खिलवाड़ रूक सके।

पिछले 7 वर्षों में यानी 2019 से लेकर 2026 मई तक, भारत में विभिन्न स्तरीय प्रतियोगी लगभग 70 परीक्षाओं के पेपर लीक हुए। आज तक किसी मामले की जांच न पूरी हुई और ना किसी मामले में न्याय हुआ। प्रत्येक मामलों में छोटे स्तर के कर्मचारी ही पकडे. गए जिन्हें कुछ महीनों बाद या एकाध वर्षों में जमानत मिल गई। सबसे पहले दाखिला परीक्षा कराने वाली एनटीए को उनकी जिम्मेदारियों से मुक्त कर देना चाहिए। एनटीए का कार्य इसलिए भी अब संतोषजनक नहीं, क्योंकि वह पुराने तौर-तरीकों को अभी भी अपनाती है।अपने सिस्टम को रिफॉर्म भी नहीं करती। विश्व की प्रतिष्ठित भरोसेमंद परीक्षाओं से भी कुछ नहीं सीखती। इंटरनेट-कंप्यूटर के जमाने में भी प्रश्न पत्र मुद्रित करके परीक्षा केंद्रों पर पहुंचाने में विश्वास करती है।अगर ऐसा ही करना है तो प्रश्पपत्रों के सेट बदले हुए और अलग-अलग होने चाहिए ताकि किसी तरह की गड़बड़ी की संभावनाएं न हो। अगर खुदा ना खास्ता कुछ हो भी, तो पूरी परीक्षा रद ना की जाए, सिर्फ उसी सेंटर पर दोबारा परीक्षा करवाई जाए, जहां कुछ गड़बड़ी हुई हो? अगर ऐसे आधुनिक तरीके अपनाए जाते तो परीक्षार्थियों के साथ खिलवाड़ न होता। केंद्र से लेकर राज्य सरकारें भी अच्छे से जानती हैं कि भारत में आयोजित होने वाली हर चौथी प्रतियोगी परीक्षा का पेपर का लीक होता है जिसमें पुलिस भर्ती और शिक्षा परीक्षाएं कुख्यात हैं। जबकि, नीट परीक्षा नौकरी या भर्ती की परीक्षा नहीं होती, मेडिकल कॉलेजों में दाखिले के लिए आयोजित होती है उसमें भी सेंधमारी, हद है? गौरतलब है अगर पूर्ववर्ती पेपर लीक मामलों में सख्ती और स्वतंत्र-निष्पक्ष जांच हुई होती और आरोपियों के नाम सार्वजनिक किए गए होते और सजा के तौर पर उम्रकैद या मोटा हर्जाना वसूला गया होता, तो ऐसे कांड करने वाले भय खाते, डरते। भविष्य में गड़बड़ी करने से तौबा भी करते? लेकिन लचीला कानून-प्रशासन का उदार रवैया और कमजोर सजा-जुर्माने से आरोपी तनिक भी नहीं डरते। एक कांड करते हैं दूसरे की तैयारी में लगे होते हैं। फिलहाल मौजूदा नीट पेपर कांड पहला दोष तो परीक्षा कराने वाली संस्था 'नेशनल टेस्टिंग एजेंसी' यानी एनटीए का ही है। मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश की पात्रता परीक्षा नीट के सवाल लीक होने से पूरी परीक्षा रद्द करने की मजबूरी जितनी शर्मनाक है, उतनी ही चिंताजनक। एनटीए का गठन 2017 में हुआ, तब से लेकर आज तक इस संस्था की विश्वसनीयता सवालों के घेरे में रही। 5 मई 2024 को भी जब इसी नीट परीक्षा में गडबड़झाला हुआ और मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा था। तब संस्था ने भविष्य में इस तरह की गलती दोबारा न करने का आश्वासन न सिर्फ अदालत को दिया था बल्कि केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय को भी भरोषा दिया था? पर, बेशर्मी देखिए मात्र 24 महीनों बाद भी उससे पहले से भी बड़ा कांड़ कर दिया। पिछली दफा इन्होंने कई छात्रों को पूरे-पूरे 720 नंबर दे डाले थे,जबकि वो सभी छात्र पढ़ने में सामान्य थे उनके मुकाबले टॉपरों को उनसे कहीं कम नंबर दिए गए थे। इस बार तो उससे भी बड़ा ब्लंडर हुआ। पेपर लीक की सूचना सबसे पहले राजस्थान से बाहर निकली। जहां, कई छात्रों के पास 140 से अधिक परीक्षा के मूल प्रश्नों से हूबहू प्रश्न गेस पेपरों में मिले।

# अमेरिका और चीन की रणनीतिक साइड इफेक्ट्स

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच हाल में ही बढ़ती संवाद-प्रक्रिया और संभावित रणनीतिक समझौते को दुनिया बेहद गंभीरता से देख रही है, क्योंकि बदलती वैश्विक दुनियादारी और नवमहत्वाकांक्षी देशों-गुटों की मतलबी कूटनीति-अर्थनीति से अमेरिका-चीन दोनों की अंतरराष्ट्रीय बादशाहत खतरे में है। आखिर जब एक तरफ रूस और भारत अपनी दशकों पुरानी मित्रता पर अडिग हैं, तो दूसरी तरफ अमेरिका और यूरोप भी अपने पुराने सम्बन्धों को तरोताजा कर रहे हैं, जो कि अमेरिकी डीप स्टेट की बिल्कुल नई विसात है।



देखा जा रहा है कि भारत की चतुराई और रूस की दृढ़ता से अमेरिका अपने ही बुने हुए जाल में फंसकर तड़फड़ा रहा है। वहीं, रूस-चीन की समझदारी से पश्चिमी एशिया में जो अमेरिका की फजीहत हुई है, उसके बाद अब चीन के समक्ष हथियार डालने के अलावा उसके पास कोई चारा भी नहीं बचा है। चूंकि ट्रंप मेक अमेरिका ग्रेट अगेन के फार्मूले पर काम कर रहा हैं और रूस, भारत, फ्रांस, ब्राजील, जापान ने उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिए हैं, ऐसे में पाकिस्तान को साधकर अरब में अपनी इज्जत बचाना और चीन के दरबार में हाजिरी लगाने के अलावा उनके पास कोई चारा भी नहीं बचा हुआ था। ऐसे में यदि अमेरिका और चीन के बीच टकराव कुछ कम होता है और "नई दोस्ती" या व्यावहारिक सहयोग बढ़ता है, तो इसके वैश्विक राजनीतिक, आर्थिक और सामरिक प्रभाव दूरगामी हो सकते हैं। चूंकि दोनों देश पहले भी एक दूसरे के करीब रहे हैं, इसलिए उनके बीच कूटनीतिक प्रेम की पहल अमेरिकी की भूल सुधार रणनीति समझी जानी चाहिए और अपने उद्देश्य में ट्रंफ सफल प्रतीत हो चुके हैं। हालांकि यह भविष्य के गर्त में है कि चीनी चाकरी अमेरिका कहाँ तक कर पाएगा? अमेरिका और चीन दुनिया की दो सबसे बड़ी आर्थिक और सामरिक शक्तियाँ हैं। इनके संबंधों का असर लगभग हर देश पर पड़ता है। ऐसे में यदि दोनों के बीच व्यापार, तकनीक, सुरक्षा और कूटनीति पर समझ बढ़ती है, तो वैश्विक तनाव कुछ हद तक कम हो सकता है। साथ ही दुनिया की अर्थव्यवस्था पर भी इसका असर लाजिमी है।

पहला, वैश्विक बाजारों में स्थिरताः अमेरिका-चीन व्यापार युद्ध कम होने पर शेयर बाजारों और निवेशकों का भरोसा बढ़ सकता है। सप्लाई चेन संकट कम हो सकता है। इलेक्ट्रॉनिक्स, सेमीकंडक्टर, ऊर्जा और विनिर्माण क्षेत्र को राहत मिल सकती है।

दूसरा, तेल और ऊर्जा बाजारः यदि दोनों देश सहयोग करते हैं, तो वैश्विक ऊर्जा कीमतों में अनिश्चितता कम हो सकती है। मध्य पूर्व में तनाव कम कराने के लिए संयुक्त दबाव बन सकता है।

तीसरा, डॉलर बनाम युआनः चीन लंबे समय से डॉलर के वैश्विक प्रभुत्व को चुनौती देना चाहता है। ऐसे में अगर रिश्ते सुधरते हैं, तो अमेरिका कुछ आर्थिक संतुलन के साथ चीन को सीमित छूट दे सकता है, लेकिन डॉलर की केंद्रीय भूमिका तुरंत कमजोर नहीं होगी। चतुर्थ, रूस, यूरोप और भारत पर प्रभावः जहां तक रूस की बात है कि रूसी राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन के लिए यह स्थिति मिश्रित हो सकती है। यदि अमेरिका और चीन करीब आते हैं, तो रूस की सामरिक उपयोगिता कुछ घट सकती है। लेकिन चीन रूस को पूरी तरह छोड़ने की स्थिति में नहीं होगा, क्योंकि उसे ऊर्जा और सैन्य संतुलन की जरूरत है।

वहीं, जहां तक यूरोप की बात है तो यूरोपीय देश राहत महसूस करेंगे क्योंकि अमेरिका-चीन तनाव से वैश्विक व्यापार प्रभावित हो रहा था। लेकिन यूरोप को डर रहेगा कि कहीं अमेरिका चीन के साथ सौदेबाजी में यूरोपीय हितों को पीछे न छोड़ दे।

जहां तक भारत की बात है तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत के लिए यह स्थिति अवसर और चुनौती दोनों ला सकती है। जहां संभावित अवसर के रूप में वैश्विक व्यापार स्थिर होने से भारतीय निर्यात को लाभ मिलेगा। अमेरिका और चीन दोनों भारत को संतुलनकारी शक्ति के रूप में महत्व देते रहेंगे। भारत वैकल्पिक विनिर्माण केंद्र बन सकता है।


जहां तक संभावित चुनौतियाँ की बात है तो यदि अमेरिका चीन के प्रति नरम होता है, तो भारत पर चीन-विरोधी रणनीतिक दबाव कम हो सकता है। सीमा विवादों पर चीन अधिक आत्मविश्वासी रुख भी अपना सकता है। वहीं, क्वाड (QUAD) जैसे समूहों की रणनीतिक धार कुछ कम हो सकती है। जहां तक सैन्य और सामरिक प्रभाव की बात है तो ताइवान मुद्दे पर तनाव कुछ समय के लिए कम हो सकता है। दक्षिण चीन सागर में सैन्य टकराव की आशंका घट सकती है। लेकिन दोनों महाशक्तियों के बीच प्रतिस्पर्धा पूरी तरह खत्म नहीं होगी। सवाल है कि क्या यह स्थायी दोस्ती होगी?

## एंटी चिट्टा टेस्ट

चिट्टे पर व्यवस्था के प्रहार और लेखा-जोखा पेश करते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का यह फैसला काबिले तारीफ है कि आइंदा भर्ती परीक्षाओं में चयनित प्रत्याशियों के लिए एंटी चिट्टा टेस्ट भी अनिवार्य होगा। यानी अब खून बताएगा कि रगों में क्या है, वरना दौड़ रहे थे हम सिर्फ जमीन पर। इसमें दो राय नहीं कि प्रदेश की सभ्यता, संस्कृति, मान-सम्मान और सामाजिक परंपराएं धीरे-धीरे चिट्टे की कैद में हैं। हाल यह है कि लड़कियों के लिए भी अलग से नशा मुक्त केंद्र खोलने की जरूरत पड़ गई। जिस पुलिस के दम पर चिट्टे पर निगरानी रही, वहां पुलिस कर्मियों सहित कई सरकारी कर्मचारी ही इस आफत के शिखंडी निकले और हालत यह कि 31 कर्मचारी बर्खास्त हो चुके हैं। चिट्टे की दुकान खोले करीब 90 कर्मचारी अब इसी फेहरिस्त में जुड़ कर बर्खास्त हो जाएंगे। चिट्टा केवल एक कानूनी पहलू नहीं, बल्कि इसकी जद में रिश्ते-नाते और सामाजिक ताने-बाने भी नष्ट हो रहे हैं। विडंबना यह है कि हिमाचल चारों तरफ से हो रही चिट्टे की आपूर्ति का शिकार हो जाता है। एक सीमा तक इस व्याधि के निवारण के लिए पुलिस निगरानी के पहरे सहायक हो सकते हैं, लेकिन यहां सामाजिक निगाहों से इल्तिाा है कि अपने परिवेश में घटित हर मामले को देखे। हिमाचल में चिट्टा विक्रेताओं और इसके ग्राहकों के बीच एक लंबी शृंखला है, जो चौबीस घंटे नित नए प्रयास करती है। अभी कुछ दिन पहले एक जीजा ने अपने नाबालिग साले के कंधे पर चिट्टे की आपूर्ति टांग कर बता दिया था कि इस सौदे में कोई नहीं बचेगा। यही सौदा पुलिस से उसकी वफादारी, सरकारी कामकाज से उसकी ईमानदारी छीन रहा है, तो यहां केवल दुकान नहीं, ग्राहक का नाता भी तोडन्ना पड़ेगा। सरकार अपनी छानबीन की चादर फैला कर समाज से अरदास कर रही है कि वह भी अपनी भागीदारी का दान करे। कमोबेश हर गांव से शहर तक और हर गली से शिक्षण संस्थान तक चिट्टे के सरगना घूम रहे हैं और इनके बचाव में स्वयं ग्राहक छतरी लेकर खड़े हैं। बहरहाल सरकार ने अपनी चौकसी तो बढ़ाई है, और साथ ही साथ नए पैमानों की आजमाइश छात्र जीवन तक पहुंचाई है। बेशक चिट्टे के साथ आधुनिक जीवन की विसंगतियां, भौतिक संसार का अवमूल्यन, युवा भविष्य की चिंताएं और आगे बढन्ने की बाधाएं भी जुड़ी हैं, तो कुछ सफर तो परीक्षाओं में गुजर जाएंगे, लेकिन जहां ठहराव आएगा, वहां पहल चाहिए। बदलने पड़ेंगे शिक्षा के मजमून, आर्थिक संरचना के उसूल और नए सौहार्द के रास्तों पर सह अस्तित्व को करना पड़ेगा कबूल। दरअसल भटके हुए समाज से हम भटके हुए युवाओं को नहीं बचा सकते, इसके लिए नया आगाज-नया वातावरण चाहिए। जीवन के कुछ पीरियड तो शिक्षण संस्थानों में कट जाएंगे, लेकिन घरेलू मजबूरियां और सामाजिक ताने-बाने को फिर से पढन्ना पड़ेगा।

# ईरानी विमानों को अपने यहाँ छिपा कर पाकिस्तान ने उतार दिया 1971 का कर्ज

1971 के भारत पाकिस्तान युद्ध के दौरान जब भारतीय हमलों से बचाने के लिए ईरान ने पाकिस्तानी सैन्य विमानों और संसाधनों को सुरक्षित ठिकाना उपलब्ध कराया था, तब शायद किसी ने नहीं सोचा होगा कि पांच दशक बाद पाकिस्तान उसी एहसान का बदला चुकाता दिखाई देगा। अब आरोप लग रहे हैं कि अमेरिका की संभावित सैन्य कार्रवाई और क्षेत्रीय तनाव के बीच पाकिस्तान ने ईरानी विमानों को अपने सैन्य ठिकानों पर सुरक्षित शरण दी। इस तरह इस्लामाबाद ने तेहरान का पुराना कर्ज तो उतार दिया है लेकिन अब वह खुद संकट में फंसता दिखाई दे रहा है। हालांकि पाकिस्तान ने इन आरोपों को सिरे से खारिज किया है, लेकिन इस पूरे घटनाक्रम ने दक्षिण एशिया और पश्चिम एशिया की जटिल कूटनीतिक राजनीति को फिर से चर्चा के केंद्र में ला दिया है।



सूत्रों के अनुसार ईरान ने संभावित खतरे को देखते हुए अपने कुछ नागरिक विमानों को पड़ोसी अफगानिस्तान की ओर भेजा। अफगान नागरिक उड्डयन विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि महान एयर का एक विमान संघर्ष तेज होने से पहले काबुल पहुंचा था और बाद में सुरक्षा कारणों से उसे हेरात स्थानांतरित कर दिया गया। बताया गया कि अफगान क्षेत्र में पाकिस्तानी हवाई हमलों की खबरों के बाद यह आशंका पैदा हो गई थी कि काबुल हवाई अड्डा भी संभावित निशाना बन सकता है। इन घटनाओं ने दक्षिण एशिया के जानकारों को 1971 के दौर की याद दिला दी है। उस समय शाह मोहम्मद रजा पहलवी के नेतृत्व वाला ईरान पाकिस्तान का प्रमुख समर्थक बनकर सामने आया था। तेहरान ने इस्लामाबाद को हेलिकाप्टर, ईंधन, गोला बारूद और सैन्य उपकरणों के कलपुर्जे उपलब्ध कराए थे। कई रिपोर्टों में यह भी उल्लेख मिलता है कि पाकिस्तान के कुछ सैन्य विमानों ने ईरानी वायुसेना अड्डों पर शरण ली थी।

बाद में सार्वजनिक हुए अमेरिकी दस्तावेजों से पता चला था कि तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन प्रशासन ने पर्दे के पीछे ईरान को पाकिस्तान की सहायता के लिए प्रोत्साहित किया था। उस दौर में अमेरिका और चीन दोनों ही पाकिस्तान को कमजोर होने से बचाना चाहते थे। शीत युद्ध के समय ईरान और पाकिस्तान दोनों सोवियत विरोधी सैन्य गठबंधन सेन्टो के सदस्य थे और निक्सन प्रशासन इन्हें क्षेत्र में सोवियत प्रभाव को रोकने वाले महत्वपूर्ण साझेदार मानता था।

# हाल के चुनावों में संसदीय व्यवस्था के खतरे

पश्चिम बंगाल, असम, तमिलनाडु, केरल और पुडुचेरी में हुए हालिया चुनावों ने एक बार फिर भारत की संसदीय व्यवस्था की कमजोरियों को उजागर कर दिया है। इन चुनावों ने दिखाया कि किस प्रकार चुनावों में हेरफेर किया जा सकता है, अलोकतांत्रिक तरीकों से सरकारें बनाई जा सकती हैं, गठबंधन अस्थिर हो सकते हैं, और भारी बहुमत वाली सरकारें तानाशाही प्रवृत्ति अपना सकती हैं। सबसे चिंताजनक बात यह है कि ये अलग-अलग विफलताएं नहीं हैं, बल्कि ऐसी संरचनात्मक खामियां हैं जिनका संसदीय व्यवस्था में कोई वास्तविक समाधान नहीं है। पश्चिम बंगाल में भाजपा ने ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) को करारी हार दी, लेकिन चुनाव प्रक्रिया स्वयं अत्यंत विवादास्पद रही। मतदान से कुछ ही सप्ताह पहले, भारत के चुनाव आयोग- जो भाजपा-नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के अधीन कार्य करता है- ने लगभग 12 फीसदी मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटा दिए। विश्लेषकों का तर्क है कि यह संख्या राज्य की 294 विधानसभा सीटों में से 99 सीटों पर भाजपा की जीत के अंतर से अधिक थी।



ऐसी हेरफेर लोकतंत्र के लिए गंभीर खतरा है, क्योंकि इससे एक-दलीय प्रभुत्व का रास्ता खुलता है। फिर भी चुनाव आयोग ने जनप्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत मतदाता सूचियों में संशोधन करने के अपने विशेष संवैधानिक अधिकार का हवाला देते हुए अपने कदम का बचाव किया। सर्वोच्च न्यायालय ने भी व्यापक रूप से इस स्थिति का समर्थन किया और कहा कि चुनाव प्रक्रिया शुरू होने के बाद अदालतें हस्तक्षेप नहीं कर सकतीं, असंतुष्ट नागरिकों को अपील न्यायाधिकरण का सहारा लेना चाहिए। व्यवहार में, हालांकि, भारत की धीमी और महंगी न्याय व्यवस्था ने मताधिकार से वंचित मतदाताओं को चुनाव से पहले कोई प्रभावी राहत नहीं दी। भारत की संसदीय व्यवस्था चुनाव आयोग पर बहुत कम नियंत्रण प्रदान करती है। चूंकि केंद्र में सत्तारूढ़ दल कार्यपालिका और विधायिका दोनों को नियंत्रित करता है, इसलिए प्रधानमंत्री आयोग में नियुक्तियों को प्रभावित कर सकते हैं, प्रशासनिक नियमों को आकार दे सकते हैं, और मतदाता पात्रता से संबंधित कानून बना सकते हैं। तमिलनाडु के चुनावों ने संसदीय व्यवस्था की एक और बार-बार सामने आने वाली खामी को उजागर किया- त्रिशंकु विधानसभा की स्थिति में सरकार गठन अक्सर मनमाना और अलोकतांत्रिक बन जाता है।

**एक नजर**

### दिन-ब-दिन तल्ख हो रहा मौसम, 19 मई तक लू का अलर्ट जारी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मौसम दिन-ब-दिन तल्ख होता जा रहा है। शनिवार को पूरे प्रदेश में तापमान में वृद्धि दर्ज की गई। 44.8 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ बांदा प्रदेश में सबसे गर्म स्थान रहा। मौसम विभाग ने प्रदेश में यलो अलर्ट जारी किया है। वहीं दक्षिणी हिस्से के कुछ जिलों में ऑरेंज अलर्ट भी जारी किया है। फिलहाल तापमान से राहत की उम्मीद नहीं है। अगले 4-5 दिनों में तापमान में 2 से 4 डिग्री की बढ़ोतरी के आसार हैं। वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि झांसी में 44.1 डिग्री, प्रयागराज में 44 डिग्री, उरई 43.4, हमीरपुर में 43.2 और आगरा में 43 डिग्री तापमान दर्ज किया गया। उन्होंने बताया प्रदेश के दक्षिणी भाग से लू का एक और दौर शुरू होगा जो 19-22 मई के दौरान अन्य स्थानों तक पहुंचेगा। दक्षिणी हिस्से में कहीं-कहीं भीषण लू चलने की आशंका है। इसके बाद तापमान में आंशिक कमी आने की भी संभावना है।

### चिनहट में बिजली संकट : 5 घंटे गुल रही सप्लाई

**लखनऊ।** भीषण गर्मी और उमस के बीच बिजली कटौती से लोगों का बुरा हाल है। घरों में लगे इनवर्टर जवाब दे गए तो पेयजल संकट भी गहराने लगा। सबसे ज्यादा परेशानी छोटे बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों को उठानी पड़ी। राजधानी लखनऊ के चिनहट क्षेत्र में बिजली संकट गहराता जा रहा है। ओमेगा पावर हाउस से जुड़े जुग्गौर, सिकंदरपुर, मेंहौरा समेत आसपास की कई विकसित कॉलोनियों और गांवों में करीब 5 घंटे तक बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप रही। वहीं, शिवपुरी पॉवर हाउस क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले चिनहट कस्बा, न्यू गुलिस्तां कॉलोनी, गौरव विहार, न्यू नंदी विहार, बुद्ध विहार कॉलोनियों में भी रात करीब 9 बजे से पूरी रात आधे-आधे घंटे और एक-एक घंटे के अंतराल पर बिजली की आवाजाही जारी रही, जिससे लोगों की नींद हराम हो गई। आरोप है कि विभागीय अधिकारियों की लापरवाही के चलते पूरी रात लोग जागने को मजबूर रहे।

# मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सुनीं समस्याएं, शीघ्र समाधान के दिए निर्देश

## खटीमा में 50000 मेट्रिक टन क्षमता के गोदाम निर्माण की मांग

जागरण मोर्चा कार्यालय



**खटीमा।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार सुबह लोहियाहेड स्थित हेलीपैड पर आम जनता, जनप्रतिनिधियों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात की और क्षेत्र के हाल जानें। सीएम धामी का यहां पहुंचे लोगों ने स्वागत किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने आम लोगों की समस्याएं सुनीं और उनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

मुख्यमंत्री धामी ने करोड़ों की लागत से उत्तर प्रदेश सीमा के हल्दी ग्राम में निर्माणाधीन गौशाला के संबंध में जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्या से जानकारी ली। उन्होंने अंतिम चरण के निर्माण को जल्दी पूरा करने को कहा।

हेलीपैड पर मुख्यमंत्री धामी से मिले राइस मिलर एसोसिएशन अध्यक्ष वरिष्ठ व्यवसाय ईश्वर बंसल, वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक बत्रा एवं सभासद विश्वनाथ यादव ने किसानों एवं व्यापारियों की सुविधा के लिए 50 हजार मैट्रिक टन क्षमता वाले गोदाम निर्माण की मांग की। उन्होंने कहा कि इसके लिए भूमि उपलब्ध कराने एवं भंडारण क्षमता दुरुस्त करने की मांग की। भाजपा पूर्व नगर महामंत्री संजय पिलख्वाल, सभासद दीपा धरियाल तथा आनंद धरियाल ने वार्ड 19 में पूर्णागिरी मंदिर के सौंदर्यीकरण की मांग की। इसके अतिरिक्त लोगों ने सीएम के समक्ष कई मामले उठाएं। मुख्यमंत्री धामी ने आम जनता को अस्वस्थ किया कि भाजपा सरकार उनकी समस्याओं के समाधान के लिए वचनबद्ध है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को लोगों की समस्याएं तत्काल समाधान करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य, नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी, ब्लॉक प्रमुख सरिता राणा, सांसद प्रतिनिधि रविंद्र राणा, भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश भट्ट, वरिष्ठ व्यवसाय वरुण अग्रवाल, नवीन बोरा, विनोद मलिक, प्रकाश तिवारी, सावित्री कन्याल, कामिल खान, रवीश भटनागर, बॉक्सिंग कोच पूरन बोरा, पूरन जोशी, एडीएम पंकज उपाध्याय, एसपी डॉ उत्तम सिंह नेगी, एसडीएम तुषार सैनी, अमित बिष्ट, सुमित गुंबर, दीपक तिवारी, हरीश चंद आदि मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर उत्तरांचल जीवन ज्योति ट्रस्ट ने क्षेत्र में किया कीटनाशक का छिड़काव

जागरण मोर्चा कार्यालय



**खटीमा।** राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर मच्छरों से जनित बीमारियों के खिलाफ जागरूकता और सफाई अभियान चलाए गया। खटीमा के बरी अंजनिया क्षेत्र में 'उत्तरांचल जीवन ज्योति ट्रस्ट' ने डेंगू के खिलाफ एक बड़ी मुहिम शुरू की है। ट्रस्ट ने क्षेत्र को डेंगू मुक्त बनाने के लिए व्यापक स्तर पर कीटनाशक दवाइयों का छिड़काव किया है।

बढ़ते डेंगू के मामलों को देखते हुए उत्तरांचल जीवन ज्योति ट्रस्ट, बरी अंजनिया ने राष्ट्रीय डेंगू दिवस को धरातल पर उतारा। ट्रस्ट के अध्यक्ष ईश्वर सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने पूरे क्षेत्र में विशेष कीटनाशक दवा का छिड़काव किया। इस दौरान 17 मील चौकी प्रभारी राकेश राय ने ट्रस्ट की सहराना करते हुए ट्रस्ट के अध्यक्ष ईश्वर सिंह को ऐसे कार्य के लिए उनका हौसला उपजाई किया। इस अभियान के तहत संवेदनशील और सार्वजनिक जगहों पर विशेष ध्यान दिया गया। क्षेत्रीय पुलिस चौकी 17 मील, सरकारी व निजी स्कूल बाल विकास आंगनबाड़ी केंद्रधार्मिक स्थल जैसे मंदिर, मस्जिद और गुरुद्वारे पर विशेष ध्यान रखा।ट्रस्ट के कार्यकर्ताओं ने पुलिस चौकी 17 मील से इस अभियान की शुरुआत की। इसके बाद बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सभी स्थानीय स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों को सैनिटाइज किया गया। सामाजिक सौहार्द और आस्था के केंद्रों जैसे मंदिर, मस्जिद और गुरुद्वारों के आसपास भी सघन फॉगिंग की गई, ताकि मच्छरों के पनपने की गुंजाइश न रहे।

ट्रस्ट के अध्यक्ष ईश्वर सिंह ने बताया कि हमारा मुख्य उद्देश्य जनता को डेंगू के डंक से बचाना है। राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर हमने सिर्फ संदेश नहीं दिया, बल्कि धरातल पर उतरकर काम किया है। ट्रस्ट की इस पहल की स्थानीय जनता और प्रशासन ने जमकर सराहना की है। लोगों का कहना है कि मानसून से ठीक पहले इस तरह के कदम महामारी को रोकने में बेहद मददगार साबित होंगे। वहीं इस दौरान ट्रस्ट के अध्यक्ष ईश्वर सिंह,उपाध्यक्ष अमित कुमार, पियूष राणा, बॉबी भाई,संजय कुमार, सपन विश्वास,ममता कुमारी, शशिकला और अनिल कुमार के साथ ट्रस्ट के सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सहमति के अभाव में अटका मंत्रियों के विभागों का बंटवारा, प्रदेश अध्यक्ष की नई टीम भी लटकी

एजेंसी समाचार



**नई दिल्ली/लखनऊ।** यूपी में सहमति के अभाव में मंत्रियों के विभागों का बंटवारा अटका है। अब पीएम मोदी की स्वदेश वापसी के बाद ही गुत्थी सुलझने की उम्मीद है। यही नहीं कल रायपुर में गृह मंत्री अमित शाह और सीएम योगी की एक और मुलाकात हो सकती है।

उत्तर प्रदेश में एक हफ्ते पहले योगी मंत्रिमंडल में शामिल किए गए और पदोन्नति पाए मंत्रियों को विभाग हासिल करने के लिए लंबा इंतजार करना पड़ेगा। विभाग बंटवारे पर केंद्रीय नेतृत्व और राज्य नेतृत्व के बीच सहमति नहीं बनने के बाद अब इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री की स्वदेश वापसी के बाद ही बीच का रास्ता निकल सकता है।

हालांकि, सोमवार को रायपुर में गृह मंत्री अमित शाह और सीएम योगी आदित्यनाथ की मध्य क्षेत्रीय बैठक में एक और मुलाकात की संभावना है। मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक में छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश के सीएम भी हिस्सा लेंगे। मंत्रियों के विभागों के बंटवारे पर पेच फंसने के कारण निगम और बोडों में खाली पड़े पदों और प्रदेश अध्यक्ष की नई टीम की तैयार सूची भी अटक गई है।

सूत्रों के मुताबिक बीते 10 मई को मंत्रिमंडल विस्तार के बाद विभागों के बंटवारे के मामले में बीच का रास्ता नहीं निकल पा रहा है। बृहस्पतिवार को सीएम योगी की गृह मंत्री शाह और राष्ट्रीय अध्यक्ष से मुलाकात के बाद मंत्रियों के विभागों के बंटवारे की घोषणा होने की उम्मीद जताई जा रही थी।

सूत्रों का कहना है कि कुछ विभागों को लेकर सहमति नहीं बन पाई है। ऐसे में इस मामले में नए सिरे से विमर्श होगा। चूंकि गृह मंत्री शाह रविवार से तीन दिवसीय छत्तीसगढ़ दौरे पर रहेंगे और प्रधानमंत्री 20 मई को विदेश दौरे से वापस का लौटेंगे। ऐसे में अब 20 मई के बाद ही विभागों के बंटवारे का फार्मूला निकलेगा।

# उत्तराखंड क्रांति दल की बैठक में जिला कार्यकारी का गठन

## उक्रांद ने खटीमा, नानकमत्ता तथा सितारगंज विधानसभा सीटों पर की रायशुमारी

जागरण मोर्चा कार्यालय



खटीमा। उत्तराखंड क्रांति दल की जिला इकाई की प्रथम बैठक में संगठन की मजबूती एवं आगामी विधानसभा चुनाव महिला प्रत्याशी को मैदान में उतरने पर सहमति बनी। बैठक में खटीमा विधानसभा सीट के अलावा नानकमत्ता तथा सितारगंज सीटों के प्रत्याशियों के लिए भी रायशुमारी हुई। लोक निर्माण विभाग के विश्रामगृह में आयोजित बैठक की अध्यक्षता उक्रांद जिलाध्यक्ष हरेन्द्र प्रसाद उत्तराखंडी एवं संचालन जिला कार्यकारिणी अध्यक्ष शिवलाल रस्तोगी व जिला महामंत्री संतोष मल्होत्रा ने किया।

संगठन की मजबूती के लिए बूथ स्तर तक दल के युवा कार्यकर्ताओं को लगाया गया है। राष्ट्रीय दलों से त्रस्त उक्रांद में सम्मिलित युवा कार्यकर्ताओं ने दल के लिए संघर्ष करने की घोषणा की। जिला कार्यकारी का विस्तार करने करते हुए उक्रांद जिलाध्यक्ष हरेन्द्र प्रसाद उत्तराखंडी ने रवि राणा को ब्लॉक अध्यक्ष खटीमा, सूरज सिंह राणा को अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ का जिला अध्यक्ष, आकाश सिंह राणा को विधानसभा अध्यक्ष नानकमत्ता, राजेंद्र कुमार टम्टा को नगर अध्यक्ष चकरपुर, पूनम अग्रवाल को महिला प्रकोष्ठ नगर अध्यक्ष खटीमा, पार्वती विश्वास को ब्लॉक अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ खटीमा, अजय सिंह राणा को अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ का ब्लॉक अध्यक्ष खटीमा मनोनयन किया गया1 बैठक में धीरज गहतोड़ी, शहाबुद्दीन अंसारी, जीवन भट्ट, होशियार सिंह जेठी, नित्यानंद जोशी, जोध सिंह मनोला, उदित बिष्ट, खड़क सिंह मुडेला, मदन सिंह ज्याला, जसबीर सिंह धामी, जगत सिंह मेहरा, दुर्गा सिंह सामंत, पार्वती विश्वास, कल्याण सिंह बोरा, ओंमकार सिंह कार्की, कैलाश भट्ट, धन बहादुर चंद, दर्शन सिंह कामरेड, अली अहमद, आरती, रोहित भट्ट, आकाश राणा, योगेश बोरा, रमेश चंद कोठारी, हरीश चन्द्र फुलेरा, राजेंद्र कुमार टम्टा, त्रिभुवन थिरपोला, भवानी शंकर बिष्ट, ज्ञानचंद कंबोज, कुलवंत सिंह कामरेड, नरेश चंद आदि उपस्थित रहे।

# महंगाई के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन, केंद्र सरकार के खिलाफ जताया आक्रोश

जागरण मोर्चा कार्यालय



**टनकपुर।** बढ़ती महंगाई को लेकर शनिवार को टनकपुर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। पूर्व विधायक हेमेश खर्कवाल और नगर कांग्रेस अध्यक्ष श्याम कुमार के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने शहर में रैली निकालकर केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की तथा चड्ढा चौराहे पर भाजपा सरकार का पुतला दहन किया।

कांग्रेस कार्यकर्ता राजाराम चौराहे पर एकत्र हुए, जहां से उन्होंने जुलूस की शुरुआत की। रैली विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए चड्ढा चौराहे पहुंची। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने हाथों में तख्तियां लेकर महंगाई के खिलाफ आवाज बुलंद की और सरकार से आम लोगों को राहत देने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने कहा कि लगातार बढ़ती कीमतों ने आम जनता का बजट बिगाड़ दिया है। घरेलू गैस, पेट्रोल-डीजल, खाद्य सामग्री और रोजमर्रा की जरूरतों की वस्तुओं के दाम बढ़ने से गरीब और मध्यम वर्ग सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार महंगाई पर नियंत्रण पाने में असफल साबित हुई है। पूर्व विधायक हेमेश खर्कवाल ने कहा कि जनता आज आर्थिक परेशानियों से जूझ रही है, लेकिन सरकार लोगों की समस्याओं की ओर ध्यान नहीं दे रही। वहीं नगर अध्यक्ष श्याम कुमार ने कहा कि व्यापारियों, किसानों, युवाओं और मजदूर वर्ग की स्थिति लगातार खराब हो रही है और महंगाई ने हर परिवार पर अतिरिक्त बोझ डाल दिया है। चड्ढा चौराहे पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार का पुतला फूंककर अपना विरोध दर्ज कराया। साथ ही चेतावनी दी कि यदि जल्द महंगाई पर रोक नहीं लगी तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

प्रदर्शन में डॉ. विनोद जोशी, सूरज मिश्रा, पवन सिंह, राहुल कुमार, विनोद बड़ेला, आदिल शाहवेज, सौरभ गिरी, अमन रावत, आसिफ, अयान, इरशाद, अदनान सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# भगवान शनि के जन्मदिन पर सजा बालाजी दरबार एवं चला भंडारा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** नगर के पुरानी तहसील परिसर में लगे शनि मंदिर में श्री शनि देव साईं जनकल्याण समिति द्वारा भव्य श्री बालाजी दरबार एवं भंडारा आयोजित किया गया। भगवान शनिदेव महाराज के जन्म दिवस पर आयोजित भव्य कार्यक्रम का बड़ी संख्या में आने- जाने वाले एवं क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने आनंद लिया। कार्यक्रम को भव्य एवं रोचक मनाने के लिए दीपक लख्खा चंडीगढ़, रजत रंगीला सीतापुर तथा उमा वर्मा किच्छा ने प्रतिभा कर अपनी बेजोड़ रचनाएं प्रस्तुत की। मंदिर पुजारी केवलानंद जोशी की देखरेख में आयोजक मंडल द्वारा भंडारा, रात्रि में बालाजी दरबार सजाया गया तथा 17 मई को प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम का बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने आनंद लिया। कार्यक्रम में विपिन कुमार, पंकज रस्तोगी, शंकर, सुभाष, विनोद प्यार, सूरज कुमार एवं मंडल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध में बुधवार को पूरे प्रदेश में हड़ताल करेंगे दवा व्यापारी

एजेंसी समाचार



**लखनऊ।** ऑनलाइन दवाओं की बिक्री के विरोध में बुधवार को दवा कारोबारी हड़ताल पर रहेंगे। थोक की दुकानें पूरी तरह से बंद रहेंगी। गंभीर मरीजों को समस्या न हो, इसलिए अस्पतालों के सामने स्थित फुटकर दुकानें खुलेंगी। विरोध प्रदर्शन के जरिए सभी जिलों में जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया जाएगा। आनलाइन दवा कारोबार बंद कराने और फार्मासिस्ट की निगरानी में ही दवा बिक्री होने देने की मांग की जाएगी।

ऑल इंडिया ऑर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट (एआईओसीडी) के आह्वान पर प्रदेश के सभी जिलों में 20 को हड़ताल का ऐलान किया गया है। दवा कारोबारियों का आरोप है कि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर सभी तरह की दवाओं की बिक्री हो रही है। बिना मेडिकल जांच और फार्मेसिस्ट सत्यापन के दवाई बेची जा रही हैं। इससे नशे में इस्तेमाल होने वाली दवाओं का खुला बाजार हो गया है और तमाम युवा नशे की गिरफ्त में आ रहे हैं।

दर्द निवारक, स्लीपिंग पिल्स और कुछ प्रतिबंधित दावाओं की धड़ल्ले से आनलाइन बिक्री हो रही है। दवा व्यापारियों के मुताबिक स्थानीय दुकानदारों पर फार्मासिस्ट कई बार संदिग्ध ग्राहकों को दवा देने से मना कर देते हैं, लेकिन ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर खुली छूट है। हड़ताल के जरिए इसका विरोध किया जाएगा। लखनऊ केमिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन के प्रवक्ता मयंक रस्तोगी ने बताया कि 20 को कारोबारी अपनी दुकानें बंद रखेंगे। हालांकि इमरजेंसी और जीवन रक्षक दवाओं की उपलब्धता बनी रहेगी।

**उपलब्धि** क्षेत्र में खुशी की लहर, सबने दी बधाइयां

# खटीमा के मुक्केबाज पोखरिया का कॉमनवेल्थ गेम्स में चयन

जागरण मोर्चा कार्यालय




**खटीमा।** खटीमा के महतगांव निवासी भारतीय सेना के जांबाज मुक्केबाज कपिल पोखरिया के भारतीय बॉक्सिंग टीम में चयन होने पर चकरपुर स्थित स्टेडियम में जश्न का माहौल है। स्टेडियम में इस खुशी में मिठाइयां बांटी गयी। लोगों ने खेल प्रेमियों आम जनता के प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार जाता है।

कपिल पोखरिया आगामी कॉमनवेल्थ गेम्स (ग्लास्गो स्कॉटलैंड) और एशियाई गेम्स (जापान) के लिए भारतीय राष्ट्रीय बॉक्सिंग टीम में चयन हो गया है। 38 वें नेशनल गेम्स में उत्तराखंड का मिला पहला गोल्ड सेना के हवलदार कपिल ने इतिहास रचा। पटियाला के नेताजी सुभाष राष्ट्रीय खेल संस्थान (एनएसएनआईएस)में आयोजित कड़े नेशनल सिलेक्शन ट्रायल के अंतिम दिन कपिल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 90 किलो भार में भारतीय टीम का टिकट हासिल किया। चकरपुर स्टेडियम में आयोजित सम्मान समारोह में कपिल पोखरिया की इस ऐतिहासिक सफलता का खासा उत्साह देखा गया। स्टेडियम में जिला खेल कार्यालय और उत्तराखंड खेल विभाग के अधीन विभिन्न खेलों का प्रशिक्षण सुचारु रूप से दिया जा रहा है। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय बॉक्सिंग प्रशिक्षण रेखा पांडे, एथेनाटिक्स प्रशिक्षक गोविन्द सिंह, मलखान प्रशिक्षक रमेश ओली, पूरन बोरा ने कपिल के पिताजी नरेन्द्र सिंह पोखरिया को विशेष रूप से सम्मानित किया। इस दौरान एक दूसरे को मिठाई खिलाकर हर्ष व्यक्त किया गया। इस दौरान खेल स्टेडियम चकरपुर में प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार जताते हुए खेल की दिशा में उनके द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की गयी। कपिल पोखरिया के प्रथम कोच रहे पूरन सिंह बोरा 2012 में उनके द्वारा खेल कैंप की शुरुआत को दूरदर्शी सोच बताया गया। इसी स्टेडियम की देन है कि आज कुमाऊं के युवा कपिल पोखरिया की तरह अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतिभा को तरासने की महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहे हैं। वर्ष 2014 में स्कूल स्तर पर कपिल पोखरिया ने बॉक्सिंग रिंग में प्रतिभाग किया। वर्तमान में भारतीय सेवा की 15 कुमाऊं रेजीमेंट में हवलदार पद पर कार्यरत कपिल ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लगातार अपना लोहा मनवाया है। 38वें नेशनल गेम्स में उत्तराखंड को पहला गोल्ड सेना के हवलदार कपिल ने दिलाया।

नेशनल गेम्स में दोबारा पदक विजेता रहे कपिल ने हाल ही में 92 किलो हैवी वेट कैटेगरी में मध्य प्रदेश के पारस को पराजित कर स्वर्ण पदक जीत कर इतिहास रचा। उत्तराखंड बॉक्सिंग परिवार ने कपिल को हार्दिक शुभकामनाएं दी। कपिल के चयन पर आर्मी कोच हरिकिशन बिलवाल, दिलीप पुरी, खीमानंद बेलवाल, दुर्योधन नेगी आदि ने खुशी जताई।

# लखनऊ में पुलिस ने वकीलों पर किया लाठीचार्ज

## अवैध चैंबरों पर बुलडोजर चलने का कर रहे थे विरोध, बढ़ा तनाव

एजेंसी समाचार







**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में वकीलों के अवैध चैंबरों पर रविवार को बुलडोजर चला। हाईकोर्ट के आदेश पर यह कार्रवाई हुई। नगर निगम, पुलिस व जिला प्रशासन की टीमों ने सुबह से ही इन्हें तोड़ना शुरू कर दिया। इस दौरान वकीलों ने जमकर नारेबाजी की। पुलिस-प्रशासन से उनकी बहस भी हुई।

इस दौरान हंगामा कर रहे वकीलों पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया। वहीं दूसरी तरफ एक वकील ने खुद को चैंबर में बंद कर लिया। उसने कहा कि हमे कोई नोटिस नहीं मिली है। सिर्फ चैंबर तोड़े जा रहे हैं। उसने चैंबर के अंदर फांसी लगाने की कोशिश की।

एक महिला वकील ने कहा कि कुछ कुछ लोगों की मिलीभगत से यह सब गलत हो रहा है। जिस जगह पर हमारे वकील बैठते थे, उस जगह को हटाया जा रहा है। अगर वे सभी चैंबर्स को गिराने से पहले बैठने के लिए कोई दूसरी जगह दे देते, तो यह ज़्यादा सही होता। उन लोगों के चैंबर्स भी गिरा दिए, जिन्हें गिराने के लिए निशान भी नहीं लगाए गए थे। 72 चैंबर्स की पहचान की गई थी। उन्हें गिराने का आदेश हाईकोर्ट ने दिया था। लेकिन, उन्होंने उन खास चैंबर्स के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। इसके बजाय, आम लोगों के चैंबर्स हटा दिए। बताते चलें कि हाईकोर्ट ने स्वास्थ्य भवन व कचहरी के आसपास बने वकीलों के 240 अवैध चैंबर तोड़ने के लिए कहा था। इसके बाद नगर निगम ने नोटिस चस्पा किए थे। वकीलों को खुद अवैध चैंबर हटाने के लिए वक्त भी दिया था। इसकी मियाद पूरी होने के बावजूद इन चैंबरों को नहीं हटाया गया। इस पर बुलडोजर चलाया गया। वकीलों के हंगामे के आसार के मद्देनजर पीएसी बल भी तैनात की गई है। इससे पहले नगर निगम के अधिकारियों ने बताया कि मुख्य रूप से स्वास्थ्य भवन चौराहे से चकबस्त चौराहे की सड़क पर, सदर तहसील व निबंधन कार्यालय, रेजिडेंसी से सीएमओ, स्वास्थ्य भवन से जिला सत्र न्यायालय की ओर सड़क पर अवैध चैंबर बनाए गए हैं। इन पर कार्रवाई होगी। हालांकि, इससे पहले ही कुछ वकीलों ने कब्जा छोड़ दिया है। जिन लोगों ने सड़क, फुटपाथ, नाले-नालियों पर कब्जा कर चैंबर व फोटो कॉपी की दुकानें बनाई हैं, उनमें अधिकतर प्रभावी लोग हैं।

# आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को मिले स्मार्टफोन

## केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद और राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने स्मार्टफोन बांटकर डिजिटल रूप से सशक्त

जागरण मोर्चा कार्यालय



केंद्रीय आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को स्मार्टफोन देते राज्यमंत्री जितिन प्रसाद और उत्तर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार।

**पीलीभीत।** आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद और उत्तर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं मुख्य सेविकाओं को स्मार्टफोन वितरित किए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि सरकार द्वारा महिलाओं को तकनीक से जोड़ने और योजनाओं को पारदर्शी तरीके से संचालित करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में बाल विकास विभाग में कार्यरत आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को स्मार्टफोन उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिससे विभागीय कार्यों में तेजी आएगी और योजनाओं की निगरानी बेहतर ढंग से हो सकेगी। कार्यक्रम में बताया गया कि वितरित किए गए स्मार्टफोन 5जी नेटवर्क और बेहतर कैमरा गुणवत्ता से लैस हैं। इनके माध्यम से आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां पोषण ट्रैकर, बच्चों और गर्भवती महिलाओं से संबंधित डाटा फीडिंग, ऑनलाइन रिपोर्टिंग तथा अन्य विभागीय कार्य आसानी से कर सकेंगी। इसके अलावा विभिन्न शासकीय कार्यक्रमों की फोटो और जानकारी तत्काल परियोजना एवं जिला स्तर के अधिकारियों तक भेजी जा सकेगी। अधिकारियों ने बताया कि जनपद में कुल 1985 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और मुख्य सेविकाओं को स्मार्टफोन उपलब्ध कराए जाने हैं। कार्यक्रम में विभिन्न परियोजनाओं से आई कार्यकत्रियों को मंच पर बुलाकर स्मार्टफोन वितरित किए गए। केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद और राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने सावित्री देवी, पूनम, चंद्र देवी, राजेश्वरी देवी, ममता देवी, मंजू जैन, सविता, संगीता तथा मुख्य सेविका रुचि सहित कई कार्यकत्रियों को अपने हाथों से मोबाइल प्रदान किए। कार्यक्रम के दौरान जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य, पूर्व विधायक किशनलाल राजपूत, जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह, नवागत मुख्य विकास अधिकारी सतीश प्रसाद मिश्रा, जिला कार्यक्रम अधिकारी युगल किशोर सांगुड़ी सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां रहीं।

## अवैध खनन के वाहनों से टूटीं गांव की नालियां

**पूरनपुर।** तहसील क्षेत्र के ग्राम जादौपुर गहलुईया में मिट्टी खनन के चलते ग्रामीणों में भारी नाराजगी है। आरोप है कि खनन कार्य में लगे भारी डंपर और ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की लगातार और तेज रफ्तार आवाजाही से गांव की कई नालियां टूट गई हैं। इस बदहाली का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

नालियां टूटने से घरों का गंदा पानी और कीचड़ रास्ते पर फैलने लगा है, जिससे राहगीरों के लिए हादसे की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द ही क्षतिग्रस्त नालियों की मरम्मत न कराई गई और इन भारी वाहनों पर नियंत्रण नहीं लगा, तो आगामी बरसात में पूरे गांव में जलभराव की गंभीर स्थिति पैदा हो जाएगी। ग्रामीणों ने प्रशासन से कार्रवाई की मांग की है। वहीं विभागीय अधिकारियों का कहना है कि शिकायत के आधार पर जांच कर सख्त कदम उठाए जाएंगे।

# अवैध बसों और ड्रंकन ड्राइविंग पर एक्शन, 2 सीज, 23 चालान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** सड़क सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने एवं अवैध बस संचालन तथा ड्रंकन ड्राइविंग पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने के उद्देश्य से शनिवार की रात्रि क्षेत्राधिकारी यातायात आकृति पटेल एवं सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) वीरेंद्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस एवं परिवहन विभाग द्वारा संयुक्त विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के अंतर्गत पीलीभीत-बीसलपुर मार्ग सहित विभिन्न स्थानों पर वाहनों की सघन चेकिंग की गई।

अभियान के दौरान अधिकारियों द्वारा बस चालकों एवं परिचालकों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि बिना वैध अनुमति एवं निर्धारित मानकों के विपरीत वाहन संचालन किसी भी दशा में स्वीकार नहीं किया जाएगा। यात्री सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने वाले वाहन स्वामियों एवं संचालकों के विरुद्ध भविष्य में और अधिक कठोर कार्रवाई की जाएगी। जांच के दौरान 23 वाहन चालक शराब पीकर वाहन चलाते हुए पाए गए, जिनके विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत चालान की कार्रवाई की गई।

अधिकारियों ने बताया कि शराब पीकर वाहन चलाना सड़क दुर्घटनाओं का एक प्रमुख कारण है तथा इससे न केवल वाहन चालक बल्कि अन्य राहगीरों एवं यात्रियों के जीवन को भी गंभीर खतरा उत्पन्न होता है। ऐसे में ड्रंकन ड्राइविंग करने वालों के विरुद्ध निरंतर अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। क्षेत्राधिकारी यातायात आकृति पटेल एवं एआरटीओ प्रवर्तन वीरेंद्र सिंह ने संयुक्त रूप से वाहन चालकों से अपील की कि वे यातायात नियमों का पालन करें, वाहन संचालन के दौरान सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखें तथा शराब पीकर वाहन चलाने से पूर्णतः बचें।

# बाढ़ और कटाव प्रभावित क्षेत्रों का राज्यमंत्री ने किया निरीक्षण, अधिकारियों को दिए निर्देश

जागरण मोर्चा कार्यालय


बाढ़ से हुए नुकसान का निरीक्षण करते हुए गन्ना मंत्री। -जागरण मोर्चा

**पीलीभीत।** क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान उत्तर प्रदेश सरकार में गन्ना विकास एवं चीनी मिलें राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह के साथ नौकुंड, बेरीखेड़ा और ब्रह्मचारी घाट क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण का उद्देश्य संभावित बाढ़ एवं नदी कटाव की स्थिति का जायजा लेकर समय रहते सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करना था।

राज्यमंत्री ने नौकुंड एवं बेरीखेड़ा गांव में नदी कटाव से प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने संवेदनशील स्थानों को चिन्हित कर प्रभावी एवं समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने पर जोर दिया। इस दौरान ग्रामीणों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए कहा कि बाढ़ और कटाव से बचाव के लिए सभी जरूरी कदम समय रहते उठाए जाएंगे। इसके बाद राज्यमंत्री ने ब्रह्मचारी घाट पहुंचकर वहां की स्थिति, नदी के जलस्तर तथा सुरक्षा व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को घाट निर्माण और सौंदर्यीकरण के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी सदर, तहसीलदार सदर, नायब तहसीलदार, नगर पालिका पीलीभीत के अधिशासी अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# किसानों का फूटा गुस्सा, बोले- जमीन वापस करो या पाकिस्तान भेज दो

जागरण मोर्चा कार्यालय


नवदिया बंकी की जमीन के मामले में किसानों ने किया प्रदर्शन। -जागरण मोर्चा

**नवदिया बंकी बीट में जंगल की जमीन से हटाए जा रहे कब्जे का मामला**

**पूरनपुर।** दियूरियाकला रेंज के तहत नबदिया बंकी बीट में जंगल की जमीन से हटाए जा रहे कब्जे का मामला तूल पकडता जा रहा है। किसानों ने कई आरोप लगाकर नारेबाजी करते हुए उन्होंने जमीन वापस करो, और या पाकिस्तान भेज दो जैसे तीखे नारे लगाए। जिसका वीडीओ वायरल हो रहा है।

पीलीभीत टाइगर रिजर्व (पीटीआर) की दियूरिया रेंज की नवदिया बंकी बीट जो शाहजहांपुर जिले में आती है। इसका 8.13 हैक्टेयर क्षेत्रफल शाहजंहापुर क्षेत्र में आता है। लेकिन देखरेख पीटीआर के अधीन है। इस भूमि पर कई लोगों ने अवैध कब्जा कर रखा है। भूमि पर फसलें भी उगाई जाती है। पीलीभीत टाइगर रिजर्व को हस्तांतरित की भूमि पर अतिक्रमणकारी पांच दशकों से कब्जा कर गेंहु, धान, सरसो सहित कई फसल उगा रहे थे। 16 मई शुक्रवार को पीलीभीत पीटीआर प्रशासन और सामाजिक वानिकी के अधिकारियों ने संयुक्त टीम ने पहुंच कर कब्जा मुक्त कराया था। नवदिया बंकी के ग्रामीणों ने वताया कि गांव में पाकिस्तान से विस्थापित होकर आए सिख किसान पिछले लगभग 70 वर्षों से लगातार खेती करते आ रहे हैं। किसानों का कहना है कि कई परिवारों के पास भूमि संबंधी अभिलेख, लगान रसीदें तथा न्यायालय द्वारा दिए गए स्थगन आदेश स्टे आदेश भी मौजूद हैं। इसके बावजूद प्रशासन द्वारा किसी प्रकार की सुनवाई अथवा नोटिस दिए बिना कार्रवाई की गई, आरोप है कि कार्रवाई में उनकी फसलों को भारी नुकसान पहुंचाया गया। जिससे ग्रामीणों में भय और असुरक्षा का माहौल वना हुआ है।

कार्रवाई से नाराज बड़ी संख्या में सिख किसानों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की। उन्होंने जमीन वापस, भूमिधरी का मालिकाना हक देने, अन्यथा हमें गोली मार दी जाए या वापस पाकिस्तान भेज दिया जाए जैसे नारे लगाए गए।जिसका वीडीओ सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।जिसमे किसान यह नारे लगाते दिखाई दे रहे है। किसानों का कहना है कि विभाजन के बाद भारत आकर उन्होंने दशकों से इस भूमि को आबाद किया और खेती कर अपने परिवारों का पालन-पोषण किया है। ग्रामीणों ने मांग कि है कि बिना नोटिस की गई कार्रवाई की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए। किसानों की उजाड़ी गई फसलों का उचित मुआवजा दिया जाए। जिन किसानों के पास भूमि अभिलेख, लगान रसीदें एवं न्यायालयीन आदेश हैं, उनके अधिकारों का सम्मान किया जाए। जब तक राजस्व एवं न्यायालयीय स्थिति स्पष्ट न हो, तब तक जबरन कब्जे की कार्रवाई तत्काल रोकी जाए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो वे आंदोलन करने को बाध्य होंगे। इस दौरान कई किसान रहे।

## महिला से दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

**पूरनपुर।** घुंघचाई थाना क्षेत्र की एक महिला के साथ पति की गैरमौजूदगी में दुष्कर्म करने और अश्लील वीडियो बनाने के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। घटना 13 मई की है, जब महिला पूरनपुर की एक कॉलोनी में अकेली थी।आरोप है कि ग्राम कढैया निवासी छत्रपाल ने घर में घुसकर दुष्कर्म किया। विरोध करने पर उसने मारपीट की और वीडियो बना लिया। बाद में वह अपने पांच साथियों संग दोबारा आया और महिला को पीटा। पुलिस ने छत्रपाल, उमेश, राजेश, कामता और सत्यवीर पर मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने मुख्य आरोपी छत्रपाल को जेल भेज दिया है, जबकि फरार आरोपियों की तलाश जारी है।

# पुरानी दुकान पर टीनशेड लगाने को लेकर भारी विवाद, रुकवाया कार्य

जागरण मोर्चा कार्यालय

**दुकान स्वामी ने लगाए जिला पंचायत व नगर पालिक पर आरोप**

**पूरनपुर।** नगर के पुलिस चौकी क्षेत्र के पास राहगीरों और दुकानदारों को धूप से राहत दिलाने के उद्देश्य से लगाए जा रहे टीनशेड को लेकर विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई। मामले की जानकारी मिलने पर जिला पंचायत और नगर पालिका प्रशासन की टीम मौके पर पहुंच गई और निर्माण कार्य को तत्काल रुकवा दिया।

नगर के निवासी नितिन गुप्ता ने वताया कि पुलिस चौकी के समीप 16 साल पुरानी दुकान है। जिसमे पान पुडिया की दुकान उनके पिता चल रहे है। दुकान पर आने वाले ग्रहकों को धूप में खडा रहना पडता है। तेज धूप और गर्मी से बचाव के लिए उन्होंने टीन डालना शुरू कर दिया। इसी दौरान भूमि स्वामित्व को लेकर विवाद खड़ा हो गया। सूचना मिलने पर जिला पंचायत व नगर पालिका के अधिकारी मौके पर पहुंचे, उन्होंने अपने अपने बिभाग की भूमि पर बताकर निर्माण को रूकवा दिया। इस दौरान मौके पर काफी देर तक लोगों की भीड़ जुटी रही और दोनों पक्षों के बीच बहस भी हुई। दुकान स्वामी ने वताया कि जिला पंचायत और नगर पालिका अपनी भूमि बता रही है। लोगों का कहना था कि टीन लगने से राहगीरों और दुकानदारों को राहत मिलती, जबकि प्रशासनिक अधिकारियों का कहना था कि सार्वजनिक स्थल पर किसी भी प्रकार का निर्माण बिना अनुमति नहीं कराया जा सकता। इसको लेकर काफी देर तक हंगामा होता रहा। वमुश्किल सभी को शांत किया गया।

मामले का वीडीओ सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। नगर पालिका के अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सड़क किनारे अथवा सार्वजनिक भूमि पर किसी भी स्थायी या अस्थायी निर्माण के लिए संबंधित विभाग से अनुमति आवश्यक है। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी। मामले को लेकर क्षेत्र में दिनभर चर्चा का माहौल बना रहा। निर्माण कार्य बंद करा दिया है।

## रास्ते में मारपीट कर लोहे की राड से हमला

**पूरनपुर।** ब्लॉक रोड पर सीओ कार्यालय के पास घात लगाकर बैठे दबंगों ने एक युवक और उसके साथी पर जानलेवा हमला कर दिया। घटना छह मई की दोपहर की है, जिसके संबंध में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।ग्राम सिमरिया निवासी मुस्ताक अहमद के अनुसार, उनका पुत्र मोहम्मद इमरान और साथी अरहान ब्लॉक रोड से जा रहे थे। तभी नूरी नगर निवासी अशफाक, इरफान, रेहान और सवान ने उन्हें घेरकर गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने दोनों की जमकर पिटाई की और लोहे की रॉड से हमला कर घायल कर दिया। भीड़ जुटने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।


गोमती स्थल से मंदिर तक की सड़क का चौड़ीकरण का उद्घाटन करते बाबूराम पासवान। -जागरण मोर्चा

# गोमती उद्गम मार्ग चौड़ीकरण का शुभारंभ

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** क्षेत्रीय विधायक बाबूराम पासवान ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत ग्राम माधोटांडा में गोमती उद्गम स्थल से मंदिर तक पहुंच मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य का नारियल फोड़कर शुभारंभ किया। करीब 1.831 किमी लंबे मार्ग के निर्माण हेतु 11 करोड़ 61 लाख की लागत स्वीकृत हुई है। विधायक ने कहा कि यह सड़क श्रद्धालुओं, पर्यटकों एवं स्थानीय लोगों के लिए आवागमन को सुगम बनाएगी तथा क्षेत्रीय पर्यटन और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा देगी। उन्होंने इस उपलब्धि को जनता के विश्वास और क्षेत्र के विकास के प्रति निरंतर प्रयासों का परिणाम बताया। कार्यक्रम में पूर्व प्रधान राजेश सिंह, समाजसेवी संदीप खंडेलवाल, निर्भय सिंह, राममूर्ति सिंह, हिमांशु गुप्ता, विनय कटियार, तेजराम पासवान, पिंकी, सुशील सिंह, सुजान सिंह, विकल्प सिंह तथा जेई नवनीत सक्सेना सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

## चाट फिरोजपुर में निकली गई भव्य कलश यात्रा

**पूरनपुर।** क्षेत्र के गांव चाट फिरोजपुर में रविवार को धार्मिक अनुष्ठान के उपलक्ष्य में भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया। कलश यात्रा में क्षेत्र की सैकड़ों महिला एवं पुरुष श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सिर पर कलश धारण किए महिलाएं भक्ति गीतों पर झूमती हुई चल रही थीं। वहीं श्रद्धालुओं द्वारा लगाए जा रहे जयकारों से पूरा गांव भक्तिमय माहौल में डूब गया। कलश यात्रा का शुभारंभ विधि-विधान और मंत्रोच्चारण के साथ हुआ।




## किशोरी को ले जाने के मामले में मुकदमा

**पूरनपुर।** घुंघचाई क्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति ने वताया कि 8 मई की रात्रि में उसकी नाबालिग पुत्री को गांव निवासी एक युवक बहला फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया। सुवह युवती को घर से गायब पाया तो उनके होश उड़ गए। काफी तलाश करने के बाद भी कोई पता नहीं चल सका है। थाने पहुंच कर पुलिस को तहरीर दी गई। पुलिस ने आरोपी शिवा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इस मामले में पुलिस कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने वताया कि रिपोर्ट दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी गई है। जल्द ही उसको पकड लिया जाएगा।

# मल्टीपर्पज हॉल युवाओं के सपनों को देगा उड़ान: जितिन प्रसाद

जागरण मोर्चा कार्यालय


मल्टीपर्पज हॉल का निरीक्षण करते केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद एवं विधायक बाबू राम पासवान।

**पूरनपुर।** खेलो इंडिया योजना के तहत तहसील क्षेत्र के सिमरिया ता.महाराजपुर में निर्मित अत्याधुनिक मल्टीपर्पज हॉल क्षेत्र के खिलाड़ियों के लिए बड़ी सौगात साबित होने जा रहा है। युवा कल्याण एवं प्रादेशिक सेवा दल विभाग द्वारा संचालित इस नवनिर्मित हॉल का रविवार को भाजपा सांसद व केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद ने पहुंच कर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने हॉल में उपलब्ध कराई गई खेल सुविधाओं का जायजा लिया और अधिकारियों को खिलाड़ियों को हर संभव सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए, निरीक्षण के दौरान मंत्री ने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार की प्राथमिकता ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे बढ़ाना है। गांवों में रहने वाले अनेक प्रतिभाशाली खिलाड़ी संसाधनों और उचित प्रशिक्षण के अभाव में अपनी प्रतिभा को राष्ट्रीय स्तर तक नहीं पहुंचा पाते थे। लेकिन अब खेलो इंडिया योजना के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में आधुनिक खेल सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि निर्मित यह मल्टीपर्पज हॉल केवल एक भवन नहीं, बल्कि क्षेत्र के युवाओं के सपनों को नई उड़ान देने वाला केंद्र बनेगा। यहां क्षेत्र का कोई भी खिलाड़ी बिना किसी शुल्क के अभ्यास कर सकेगा। खिलाड़ियों को आधुनिक खेल उपकरण, सुरक्षित वातावरण और बेहतर प्रशिक्षण की सुविधाएं मिलेंगी। इससे युवाओं को अपनी प्रतिभा निखारने का सुनहरा अवसर प्राप्त होगा। कहा कि प्रधानमंत्री के फिट इंडिया और डिजिटल इंडिया के विजन के अनुरूप खेल सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। ताकि ग्रामीण युवाओं को भी शहरों जैसी आधुनिक सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने कहा कि आज देश के गांवों में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। आवश्यकता केवल उन्हें सही मंच और संसाधन उपलब्ध कराने की है। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में सिमरिया और पीलीभीत क्षेत्र के खिलाड़ी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जिले और प्रदेश का नाम रोशन करेंगे। निरीक्षण कार्यक्रम के दौरान हॉल की व्यवस्थाओं, खेल उपकरणों एवं प्रशिक्षण सुविधाओं का भी अवलोकन किया गया। अधिकारियों ने मंत्री को बताया कि यहां विभिन्न इनडोर खेलों के अभ्यास की व्यवस्था की गई है और भविष्य में खिलाड़ियों की आवश्यकता के अनुसार अतिरिक्त सुविधाएं भी विकसित की जाएंगी।

स्थानीय युवाओं और खिलाड़ियों में इस मल्टीपर्पज हॉल को लेकर खासा उत्साह दिखाई दिया। खिलाड़ियों का कहना है कि अब उन्हें बेहतर अभ्यास और प्रशिक्षण के लिए बड़े शहरों की ओर नहीं जाना पड़ेगा। गांव में ही आधुनिक सुविधाएं मिलने से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों को विशेष लाभ मिलेगा। इस अवसर पर पूरनपुर भाजपा विधायक वावूराम पासबान, विधान परिषद के सदस्य सुधीर गुप्ता, रजनीश पाण्डेय, महादेव गाईन, रितुराज पासवान, मनोज मिश्रा, महेश आजाद सहित कई लोग मौजूद रहे। इससे पहले पूरनपुर पहुंचने पर स्थानीय लोगों ने फूल मालाएं डालकर उनका स्वागत किया। कुछ लोगों ने अपनी मांगों व समस्याएं उनके सामने रखी। इस पर उन्होंने आश्वासन दिया।

**एक नजर**

### पांच दिन से गायब युवक का पेड़ पर फंदे से लटका मिला शव

**बदायूं।** पांच दिन से गायब युवक का शव पास के ही गांव के जंगल में पेड़ से लटका मिलने की सूचना पर परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम को भेजकर जांच शुरू कर दी है। अलापुर थाना क्षेत्र के गांव नवादा निवासी मायादीन 22 पुत्र जय सिंह 13 मई को अचानक घर से बिना बताए कहीं चला गया। जब वह घर नहीं लौटा तो परिवार के लोग उसकी तलाश करने लगे। लेकिन उसका कहीं सुराग नहीं लगा। रविवार की सुबह उसका शव कटिया गांव के जंगल में पेड़ पर फंदे से लटका मिला। सूचना मिलने के बाद परिवार के लोग मौके पर पहुंच गए। पुलिस व फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए तथा शव को पोस्टमॉर्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा है। परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है। इंस्पेक्टर माधौ सिंह विष्ट ने बताया कि मामले की गहनता से जांच की जा रही है, जो भी तथ्य सामने आएंगे उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# अमर ज्योति यूनिवर्स लिमिटेड के मुख्य आरोपियों की होगी कुर्की

## पुलिस ने मुनादी कराने के बाद वारंट किया चस्पा, 50-50 हजार रुपये का घोषित है इनाम

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बदायूं।** सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला मीरा सराय स्थित अमर ज्योति फाइनेंस कंपनी के संचालक शशि कांत, सूर्य कांत व श्री कांत ने शहर के सैकड़ो लोगों का रुपया जमा कर करोड़ों रुपये की ठगी करने के बाद कार्यालय में ताला लगाकर आरोपी फरार हो गए।

लोगों की तहरीर के बाद पुलिस ने आरोपियों को खिलाफ कई मुकदमे दर्ज किए। एक साल के बाद भी आरोपियों को पुलिस गिरफ्तार नहीं कर सकी। पुलिस ने गिरफ्तारी वारंट समेत 50-50 हजार का इनाम घोषित किया लेकिन आरोपी न तो कोर्ट में पेश हुए और न ही उनको पुलिस गिरफ्तार कर सकी।अब पुलिस ने कोर्ट से उनकी संपत्ति कुर्क करने का आदेश जारी कराया है। रविवार को कोतवाली पुलिस ने मुनादी करने के बाद वारंट उनके कार्यालय पर चस्पा किया है। सदर कोतवाल संजय सिंह ने बताया कि क्षेत्र के मोहल्ला कमगरान निवासी अशद अहमद खान समेत करीब दो दर्जन लोगों ने शिकायती पत्र देकर मुकदमा एक साल पहले दर्ज कराया था।जिसमें बताया गया था कि अमर ज्योति यूनिवर्स लिमिटेड कम्पनी द्वारा लोगो के फर्जी खाते खोलकर व फर्जी पास बुके जाली प्रपत्र तैयार कर खाताधारको के रुपये का गवन किया गया। पुलिस शशिकान्त मौर्य, सुर्यकान्त मौर्य व श्री कान्त मौर्य को लगातार तलाश करती आ रही थी लेकिन उनका कोई सुराग नहीं लग सका। इस पर पुलिस ने 50-50 हजार रुपये का इनाम भी घोषित किया। शनिवार को विवेचक अपराध निरीक्षक कोतवाली व थाना बारादरी पुलिस जनपद बरेली व गवाहन की मौजूदगी मे तामील करते हुए मुनादी कराई गयी।

### रुदायन में शनि देव धाम पर मनाया महोत्सव

**बदायूं।** नगर के मडफोड़ा रोड स्थित प्रसिद्ध शनिदेव धाम का द्वितीय सालाना महोत्सव भव्य जगराते के साथ संपन्न हुआ। इससे पूर्व मंदिर में शनिदेव महाराज, काली माता, वीर बजरंगी हनुमान, राम दरबार और भगवान शंकर समेत आधा दर्जन देवी-देवताओं की मूर्तियों की विधि-विधान से प्राण-प्रतिष्ठा की गई।प्राण-प्रतिष्ठा से पहले मूर्तियों का नगर भ्रमण कराया गया, जहां श्रद्धालुओं ने जगह-जगह पुष्प वर्षा की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता मुरली मनोहर गुप्ता ने केक काटकर बाबा को भोग लगाया। उन्होंने महामाई की अखंड ज्योति प्रज्ज्वलित कर भव्य जगराते का शुभारंभ किया और मंदिर को 11 हजार रुपये की सहयोग राशि दी।इस धार्मिक अनुष्ठान में डॉ. अजीत मोहन गुप्ता, संजीव गुप्ता, पूर्ण प्रकाश शर्मा, विद्या रतन चौधरी, राजू शर्मा, केपी शर्मा और सभासद रामसिंह सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक और श्रद्धालु मौजूद रहे।



## श्रद्धा और सेवा का संगम ओरछी चौराहे पर व्यापारियों ने कराया भंडारा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**ओरछी।** थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के कस्बा ओरछी चौराहे पर रविवार को धार्मिक सौहार्द और सेवा भावना की अनूठी मिसाल देखने को मिली अटूट श्रद्धा के साथ एक भंडारे का आयोजन किया। दोपहर से शुरू हुआ यह सेवा कार्य देर शाम तक अनवरत चलता रहा, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ कमाया रविवार की छुट्टी होने के कारण ओरछी चौराहे पर आवागमन करने वाले राहगीरों की संख्या काफी अधिक थी मार्ग से गुजरने वाले राहगीर,वाहन चालक और स्थानीय नागरिकों को रोककर बड़े ही आदर और सम्मान के साथ भंडारे का प्रसाद वितरित किया। राहगीरों ने भी इस कार्य की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में आपसी प्रेम और भाईचारे को सुदृढ़ करते हैं।इस धार्मिक अनुष्ठान को भव्य और सफल बनाने में क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिकों और व्यापारियों का विशेष सहयोग रहा। व्यवस्थाएं संभालने और सेवा कार्य में मुख्य रूप से सौरव वार्ष्णेय,खुशबू वार्ष्णेय,राजेन्द्र सिंह, अरविंद शर्मा और पंचू गोपाल, संजय वार्ष्णेय,सहित तमाम स्थानीय लोग पूरे उत्साह के साथ जुटे रहे। देर शाम तक चले इस भंडारे की समाप्ति पर आयोजकों ने सभी सहयोगियों और क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त किया ।

## बस और ऑटो चालकों के सामने रोजी-रोटी का संकट, परेशान चालक

**जंग की तपिश**

- ईंधन के बढ़े दाम, निजी बस और ऑटो चालकों की टूटी कमर
- महंगाई व डग्गामार वाहनों से आजीविका पर छाया गहरा संकट
- किराया बढ़ाएं या नहीं, असमंजस में फंसे वाहन चालक, मालिक
- लागत निकालना हुआ मुश्किल, प्रशासन से राहत की गुहार लगाई

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** बदायूं में पेट्रोल, डीजल और सीएनजी की कीमतों में हाल ही में हुई बेतहाशा बढ़ोतरी ने निजी बस और ऑटो चालकों की कमर तोड़ दी है। एक तरफ डग्गामार वाहनों के बढ़ते दबदबे से पहले ही सवारियों का टोटा था, वहीं अब ईंधन के बढ़े दामों ने चालकों के सामने आजीविका का गंभीर संकट खड़ा कर दिया है। किराये में वृद्धि न करने पर लागत निकालना मुश्किल हो रहा है, जबकि किराया बढ़ाने पर बची-कुची सवारियों के भी छिटकने का डर सता रहा है।

शहर में परिवहन व्यवसाय से जुड़े लोगों के लिए मौजूदा स्थिति कुआं और खाई जैसी बन गई है। डीजल और सीएनजी के दामों में उछाल आने से वाहनों का दैनिक परिचालन खर्च काफी बढ़ गया है। डग्गामार वाहनों की भरमार के कारण पहले ही वैध परमिट वाले बस और ऑटो चालकों को पर्याप्त सवारियां नहीं मिल पा रही थीं। अब ईंधन की महंगाई ने उनके मुनाफे को पूरी तरह खत्म कर दिया है। चालकों और मालिकों का कहना है कि वे असमंजस की स्थिति में हैं। यदि वे यात्रियों से बढ़ा हुआ किराया वसूलते हैं, तो बची-कुची सवारियां भी डग्गामार वाहनों या अन्य विकल्पों की ओर रुख कर लेंगी। इसके विपरीत, यदि किराये में बढ़ोतरी नहीं की जाती, तो गाड़ियों का मेंटेनेंस, चालकों का वेतन और ईंधन का खर्च निकालना भी नामुमकिन हो जाएगा। कई चालकों को डर है कि अगर यही स्थिति रही, तो उन्हें जल्द ही अपने वाहन खड़े करने पड़ सकते हैं। प्रशासन से इस दिशा में हस्तक्षेप और राहत की मांग की जा रही है।

### बाइक की टक्कर से पैदल व्यक्ति की मौत

**बदायूं।** दो बाइकों की टक्कर के बीच फंसकर एक 50 वर्षीय व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई। हादसा उघैती थाना क्षेत्र के बिसौली-इस्लामनगर रोड पर करनपुर गांव के पास हुआ।मृतक हीरालाल (निवासी विक्रमपुर चरसौरा) अपनी ससुराल हरदासपुर से दावत खाकर घर लौट रहे थे। करनपुर गांव के पास वह पैदल चलते हुए टेंपो का इंतजार कर रहे थे। इसी दौरान दोनों दिशाओं से आ रही तेज रफ्तार बाइक आपस में टकरा गईं, जिनकी चपेट में हीरालाल आ गए। गंभीर रूप से घायल हीरालाल को जिला अस्पताल भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## जांच रिपोर्ट के बाद प्रशासन सख्त

जागरण मोर्चा कार्यालय

**कार्रवाई**

- केंद्र बंद रखने और पोषाहार घर में रखने के आरोप
- कादरचौक, अम्बियापुर और इस्लामनगर पर गिरी गाज
- पोषण ट्रैकर ऐप पर डेटा अपलोड न करना पड़ी भारी

**बदायूं।** जिले में सरकारी कार्यों में लापरवाही और अनुशासनहीनता बरतने पर प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी के निर्देश पर बाल विकास परियोजना के तहत आने वाले अलग-अलग केंद्रों की तीन आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और दो आंगनबाड़ी सहायिकाओं की सेवाएं तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी गई हैं। विभाग को लगातार मिल रही शिकायतों और जांच रिपोर्ट में आरोप सही पाए जाने के बाद यह सख्त कदम उठाया गया है।

प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार, जिन कर्मचारियों पर यह कार्रवाई की गई है उनमें कादरचौक परियोजना के लभारी प्रथम केंद्र पर तैनात कार्यकत्री श्रीमती मधु देवी और लभारी द्वितीय की सहायिका श्रीमती शकुंतला देवी शामिल हैं। इनके अलावा अम्बियापुर परियोजना के दीननगर शेखपुर मझारा केंद्र की कार्यकत्री श्रीमती सुनीता देवी, गौसमनगर मिर्जापुर सोहरा केंद्र की कार्यकत्री कुसुमलता और इस्लामनगर परियोजना के चिचौटा केंद्र पर तैनात सहायिका श्रीमती बबिता गौतम की सेवाएं भी समाप्त कर दी गई हैं। जांच रिपोर्ट में सामने आया कि ये सभी कर्मचारी आंगनबाड़ी केंद्रों को रोजाना नहीं खोलती थीं और सरकारी पोषाहार बच्चों को बांटने के बजाय अपने घरों पर रखती थीं। इसके साथ ही केंद्रों पर गंदगी मिलना, बच्चों की कम उपस्थिति, स्टॉक रजिस्टर और जरूरी दस्तावेजों का रखरखाव न करना इनकी बड़ी कमियां पाई गईं। ये कर्मचारी बच्चों को शालापूर्व शिक्षा देने, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के फॉर्म फीड करने और पोषण ट्रैकर ऐप पर समय से डेटा अपलोड करने में भी पूरी तरह नाकाम रहीं। विभाग ने साफ कर दिया है कि सरकारी नियमों की अनदेखी और मनमाने ढंग से काम करना बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता से ड्यूटी करने की सख्त हिदायत दी गई है।

### झोलाछाप के गलत इंजेक्शन लगाने से मौत

**बदायूं।** गांव भकोड़ा में झोलाछाप डॉक्टर के गलत इंजेक्शन लगाने से एक 48 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक पुरुषोत्तम को हल्की हरारत और बुखार था। उन्होंने गांव के ही कथित डॉक्टर रामकुमार से दवा ली।आरोप है कि डॉक्टर ने बुखार ठीक करने के लिए पुरुषोत्तम को एक इंजेक्शन लगाया, जिससे उनकी तबीयत बिगड़ने लगी। इसके बाद डॉक्टर ने दूसरा इंजेक्शन ठोक दिया, जिससे 10 मिनट में ही पुरुषोत्तम की मौत हो गई। घबराए परिजन उन्हें मेडिकल कॉलेज ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। परिजनों ने आरोपी डॉक्टर के खिलाफ थाने में तहरीर दी है।

## प्रेमी संग पकड़े जाने पर प्रेमिका ने की आत्महत्या

जागरण मोर्चा कार्यालय

- परिवार के लोग बाहर गए थे, बेटी की मौत की सूचना मिलने के बाद पहुंचे घर

**बदायूं।** परिवार लोगों ने किशोरी को प्रेमी के साथ आपत्तिजनक हालत में देख लिया। युवक तो मौके से भाग गया लेकिन किशोरी ने परिवार के डर से घर में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मुजरिया थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाले किसान की बेटी ने फंदे से लटकर आत्महत्या कर ली। उस समय घर पर परिवार के लोग नहीं थे, किशोरी ने इसका फायदा उठाते हुए अपने प्रेमी को फोन करके घर पर बुला लिया। परिवार के अन्य सदस्यों ने आपत्तिजनक हालत में दोनों को देख लिया। युवक तो मौके से भाग गया लेकिन किशोरी घर पर ही रही। परिवार के लोग मामले को शांत करने के बाद अपने-अपने घर चले गए। इसके बाद किशोरी ने परिवार के डर से घर में ही फंदे से लटक कर अपनी जान दे दी। परिवार के लोगों को जब भनक लगी कि किशोरी ने आत्महत्या कर ली है तो कोहराम मच गया। बाहर गए माता-पिता को घटना की सूचना दी गई। जिसके बाद वह लोग घर पहुंच गए। सूचना थाना पुलि को दी गई, जिसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए लिए जिला मुख्यालय भेज दिया गया। किशोरी की मौत के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

### जालंधरी सराय में कुतिया का आतंक

**बदायूं।** मोहल्ला जालंधरी सराय में एक आवारा कुतिया के आतंक से दहशत का माहौल है। रविवार को कुतिया ने राहगीरों पर हमला कर छह से अधिक लोगों को काटकर घायल कर दिया। वह पहले भी कई बच्चों को निशाना बना चुकी है।पशु प्रेमी विक्रेंद्र शर्मा की टीम ने मौके पर पहुंचकर कुतिया को पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन मोहल्ले के ही एक व्यक्ति ने विरोध कर उसे छुड़वा दिया। इससे स्थानीय निवासियों में भारी आक्रोश है। लोगों का कहना है कि विरोध करने वाला व्यक्ति या तो कुतिया को अपने घर में बांधे या किसी अनहोनी की जिम्मेदारी ले। पीड़ितों ने अब इस समस्या को लेकर जिलाधिकारी (डीएम) को ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया है।

## भाई ने भाई पर लगाया पत्नी से छेड़खानी व मारपीट का आरोप, कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट

जागरण मोर्चा कार्यालय

- बिल्सी थाना क्षेत्र के एक गांव का मामला आया सामने, पुलिस मामले की जांच में जुटी

**बदायूं।** भाई ने भाई वह उसके परिवार पर पत्नी के साथ छेड़खानी वा मारपीट जैसे गंभीर आरोप लगाते हुए कोर्ट के आदेश पर बिल्सी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है। बिल्सी कोतवाली थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाले किसान ने अपने सगे भाई प्रेमशंकर, भाभी सर्वेश,भतीजे लवकुश, नन्दलाल व भतीजे की पत्नी गीता व सुमन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

आरोप है कि 17 फरवरी को वह अपने घर पर था, तभी उसका भाई प्रेमशंकर, भाभी सर्वेश, भतीजा लवकुश, नन्दलाल, गीता व सुमन उसके घर में घुस आये और गाली-गलौच करते हुए जान से मारने की नीयत से उस पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। किया। चीखने-चिल्लाने पर आरोपी मौके से भाग गए। थाने से लेकर एसएसपी तक शिकायत कि लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो सकी। जिससे आरोपियों के हौसले बुलंद हो गए। 10 मार्च को शाम करीब सात बजे पीड़ित की पत्नी रेखा व बच्चे रवि व यशपाल घर पर मौजूद थे। पत्नी खाना बना रही थी, तभी प्रेमशंकर, लवकुश, नन्दलाल, सर्वेश, गीता व सुमन मौका पाकरघर में घुस आए। आते ही गालियां देने लगे। पत्नी से कहा कि वह कहा गया है। उसने कहा कि वे घर पर नहीं हैं, तो प्रेमशंकर व लवकुश ने पत्नी को बदनीयती से पकड़ लिया और छेड़खानी करने लगे। इस दौरान पत्नी के कपड़े भी फट गए। जिससे वह अर्धनग्न हो गई । इसके बाद सर्वेश, गीता व सुमन ने मेरी पत्नी को बाल पकड़कर घसीटा और लात-घूंसों से मारा-पीटा। पत्नी के चीखने-चिल्लाने पर उसके लड़के रवि व यशपाल आ गए,जिन्होने बचाने का प्रयास किया, तो लाठी-डंडों से इन्हें भी मारा-पीटा। चीख-पुकार पर पड़ोस के अरविन्द व बाबूराम आदि लोग आ गये, जिन्होने उसकी पत्नी व लड़कों को वमुश्किल बचाया। अब कोर्ट के आदेश पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

## नेवी अधिकारी के घर पर भाई का कब्जा, मारपीट

जागरण मोर्चा कार्यालय

- पीड़ित ने भाई समेत भतीजे के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट, पुलिस जांच में ड्यूटी

**बदायूं।** इंडियन नेवी से रिटायर्ड अधिकारी के मकान पर उसके ही भाई और भतीजे ने अवैध रूप से कब्जा कर लिया। जब वह गांव लौटा तो अवैध कब्जे का विरोध किया,जिस पर भाई और भतीजे ने उसके साथ मारपीट कर दी। पुलिस ने शिकायती पत्र के आधार पर तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बिल्सी थाना क्षेत्र के गांव वैन के रहने वाले हरिश्चंद्र सिंह ने बताया कि वह इंडियन नेवी में अफसर के पद से सेवा निवृत हुआ है। वह परिवार के साथ मुंबई में रहता है गांव में उसकी पैतृक जमीन मकान के अलावा एक निजी खरीदा हुआ मकान भी है। आप है कि भाई केहर सिंह व भतीजे उदय प्रताप सिंह, विकास कुमार सिंह, मोहित कुमार सिंह ने अवैध तरीके से कब्जा कर रखा है। मकान खाली करने को कहा तो इस बात को लेकर भाई के साथ उसके बेटे भड़क गए। घर में घुसकर लाठी-डंडा से हमला कर दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इंस्पेक्टर मनोज कुमार सिंह ने बताया कि मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई है, जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## हिस्ट्रीशीटरों से जान का खतरा, आईजी से मांगी सुरक्षा

जागरण मोर्चा कार्यालय

- उम्रकैद की सजा काट चुके हैं पिता, गुंडा एक्ट की कार्रवाई के बाद भी पुलिस मौन

**बदायूं।** थाना उसहैत क्षेत्र के गाँव खेड़ा जलालपुर पुख्ता में एक ही परिवार पर तीसरी बार जानलेवा हमले का आरोप लगा है। पीड़िता रीना देवी पत्नी अशोक कुमार ने शनिवार को बरेली जोन के आईजी को पत्र भेजकर हिस्ट्रीशीटरों पर कठोर कार्रवाई की मांग की है।

शिकायत के अनुसार, 15 मई की शाम करीब 7:30 बजे रीना देवी घर की बैठक में झाड़ू लगा रही थीं। इसी दौरान गाँव के शिवम, अजीत, अंशुल, शारांश पुत्रगण रणवीर और कल्लू पुत्र मनबीर हथियारों से लैस होकर बैठक में घुस आए। आरोप है कि शिवम के हाथ में बंदूक, अजीत के पास देशी तमंचा और अन्य के पास लाठी-डंडे थे। महिला का कहना है कि आरोपियों ने पति और देवर के बारे में पूछा और जवाब न देने पर उन्हें गाली-गलौज कर मारपीट शुरू कर दी। ब्लाउज पकड़कर खींचा गया, कलाई मरोड़ दी गई और चेहरे पर घूंसा मारा गया। बचाव करने पर शारांश ने काट लिया। चीख-पुकार सुनकर जब पति अशोक कुमार और देवर बचाने आए तो आरोपियों ने जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया। आरोप है कि शिवम ने धारदार हथियार से सिर पर वार किया, जिससे अशोक कुमार जमीन पर गिर पड़े। इसके बाद शिवम और अजीत ने रायफल व तमंचे की बट से और अन्य आरोपियों ने लाठी-डंडों से ताबड़तोड़ हमला किया। हमले में पति के सिर में गहरी चोट आई है और देवर भी गंभीर रूप से घायल हुआ है। पीड़िता का कहना है कि यह तीसरी बार है जब इन्हीं लोगों ने उनके परिवार पर हमला किया है। इससे पहले 15 अप्रैल 2026 को भी जानलेवा हमले के मामले में थाना उसहैत में मुकदमा संख्या 0073/2026 दर्ज है। शिवम पर खेड़ा जलालपुर के बुद्ध बाजार में बलवा करने के आरोप में धारा 107/116, 41/109, 110बी के तहत परगना मजिस्ट्रेट दातागंज की अदालत में कार्रवाई चल रही है। रीना देवी ने पत्र में लिखा है कि उनके पति पहले भी थाना, तहसील, जिला स्तर और एडीजी व आईजी बरेली को लिखित शिकायत दे चुके हैं। हर बार परिवार की हत्या की आशंका जताई गई, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई न होने से आरोपियों के हौसले बढ़ गए। शिकायत में आरोपियों के आपराधिक इतिहास का भी जिक्र किया गया है। कहा गया है कि शिवम, अजीत, शारांश, अंशुल, मनबीर और कल्लू के पिता हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट चुके हैं। 110 जी गुंडा एक्ट और अन्य धाराओं में भी इनके खिलाफ कार्रवाई हो चुकी है। पीड़िता ने आईजी से मांग की है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपियों पर कठोरतम कार्रवाई की जाए। उन्होंने आशंका जताई है कि यदि अब भी कार्रवाई नहीं हुई तो उनके पति और देवर की हत्या निश्चित है। फिलहाल पुलिस के संज्ञान में मामला है और शिकायत के आधार पर आगे की जांच की बात कही जा रही है।

### बिसौली में धूमधाम से मनाई शनि देव जयंती

**बिसौली।** नगर के हाईवे स्थित तारकेश्वर गुप्ता के आवास भगवान शनि देव जयंती के अवसर पर विशेष धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें पूजा अर्चना के बाद विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने परिवार की सुख समृद्धि और क्षेत्र में खुशहाली की कामना की। पूजा अर्चना के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया। मुख्य आयोजक चितरंजन गुप्ता ने बताया कि शनि देव जयंती पर हर वर्ष धार्मिक कार्यक्रम आयोजित कर क्षेत्र की सुख-शांति और समृद्धि की कामना की जाती है। इस मौके पर चितरंजन गुप्ता, अंकुर गुप्ता, सौरभ गुप्ता, शुभंकर गुप्ता, रजत गुप्ता, अनिकेश्वर रंजन गुप्ता, किशन पाल यादव, सोनू यादव आदि मौजूद रहे।

## त्योहार को लेकर हुई पीस कमेटी की बैठक

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बिसौली।** रविवार को कोतवाली परिसर में आगामी ईद के त्यौहार को लेकर पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। जिसमें नगर के गणमान्य नागरिक और ग्रामीण क्षेत्रों के ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

नायब तहसीलदार अनंगराज सिंह ने कहा कि ईद पर किसी भी प्रतिबंधित पशु की कुर्बानी नहीं की जाएगी उन्होंने सभी से परंपरागत रूप से त्योहार मनाने और खुले में कुर्बानी न करने का आग्रह किया। सीओ संजीव कुमार ने स्पष्ट रूप से कहा कि किसी भी प्रकार की खुराफात या नई परंपरा को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा की कुर्बानी के बाद बचे अवशेषों को गड्ढा खोदकर उसमें दफनाया जाए ताकि स्वच्छता बनी रहे। पुलिस इंस्पेक्टर कमलेश मिश्रा ने कहा कि पुलिस की चप्पे चप्पे पर पैनी नजर रहेगी और शांति भंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने खुले शब्दों में कहा कि कानून को हाथ में लेने का प्रयास करने पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान इंस्पेक्टर क्राइम चमन गिरी, चौकी इंचार्ज अमित चौहान, दबतोरी चौकी इंचार्ज रामवीर सिंह, मदरसे के प्रिंसिपल इफ्तेखार अहमद अशरफी, मौलाना शादाब रजा उवैसी, मौलाना अफलाक रजा उवैसी, हाफिज नदीम रजा, हाफिज असलम रजा, सभासद दीपक पाठक, कृष्णा गुप्ता, संजय अग्रवाल, अमरदीप गर्ग, श्रीराम रस्तोगी, बड़ी मस्ज़िद के सदर मुन्ने खां, मशहूद खां हमदम, इशहाक सैफी, प्रधान मुस्तरफ खां, पूर्व प्रधान आरिफ खां आदि मौजूद रहे।

# शानदार शुरुआत के बाद लड़खड़ाई राजस्थान की पारी, गंवाए 6 विकेट

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच मुकाबला अरुण जेटली स्टेडियम में खेला जा रहा है। मुकाबले में दिल्ली ने टॉस जीता और पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। राजस्थान के लिए रवींद्र जडेजा मुकाबले में नहीं खेल रहे हैं और उनकी जगह रवि सिंह को डेब्यू करने का मौका मिला। दिल्ली के लिए भी विजय त्रिपुराना ने डेब्यू किया।

राजस्थान को छठा झटका लगा है। अच्छी शुरुआत के बाद आरआर की पारी लड़खड़ा गई है। माधव तिवारी ने शुभम दुबे को 5 रनों के स्कोर पर मैदान से बाहर का रास्ता दिखाया है।

दिल्ली के खिलाफ मुकाबले में राजस्थान को पांचवां झटका लगा है। मिचेल स्टार्क ने एक ही ओवर में राजस्थान को तीन झटके दिए हैं।




उन्होंने रियान पराग और डोनोवन फरेरा के बाद डेब्यू करने वाले रवि सिंह को मैदान से बाहर का रास्ता दिखाया। रवि 2 गेंदों पर 4 रन बनाकर आउट हुए।

राजस्थान रॉयल्स को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मुकाबले में चौथा झटका लगा है। मिचेल स्टार्क ने डोनोवन फरेरा को मैदान से बाहर का रास्ता दिखाया। फरेरा पहली गेंद पर बिना खाता खोले आउट हो गए।

दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स को तीसरा झटका लगा है। मिचेल स्टार्क ने राजस्थान के कप्तान रियान पराग को मैदान से बाहर का रास्ता दिखाया है। पराग 26 गेंदों पर 51 रन बनाकर आउट हुए। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रियान पराग ने कमाल की बल्लेबाजी की है। उन्होंने मुकाबले में 23 गेंदों पर अर्धशतक लगा दिया है। राजस्थान रॉयल्स को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ दूसरा झटका लगा है। माधव तिवारी ने वैभव सूर्यवंशी को मैदान से बाहर का रास्ता दिखाया है। सूर्यवंशी 21 गेंदों पर 46 रन बनाकर आउट हुए हैं। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स की बल्लेबाजी के 6 ओवर समाप्त हो चुके हैं। राजस्थान ने एक विकेट के नुकसान पर 75 रन बना लिए हैं। आरआर के लिए वैभव सूर्यवंशी और ध्रुव जुरेल बल्लेबाजी कर रहे हैं।

# वैभव सूर्यवंशी पर फिदा हुए रवि शास्त्री बोले-उम्र नहीं टैलेंट देखो, तुरंत मौका दो

**नई दिल्ली।** 15 साल के वैभव सूर्यवंशी ने आईपीएल 2026 में अपनी तूफानी बल्लेबाजी से हर किसी का ध्यान खींचा है। अब पूर्व भारतीय कोच और दिग्गज कमेंटेटर रवि शास्त्री भी उनके बड़े फैन बन गए। शास्त्री ने साफ कहा है कि वैभव की उम्र पर बहस करने का कोई मतलब नहीं है, क्योंकि वह इस समय जिस अंदाज में बल्लेबाजी कर रहे हैं, वह किसी भी बड़े खिलाड़ी से कम नहीं।

आईसीसी रिव्यू शो में बात करते हुए शास्त्री ने कहा कि उन्हें फर्क नहीं पड़ता कि वैभव 15 साल के हैं, 16 के या 14 के। उनके मुताबिक, मैदान पर जिस आत्मविश्वास और आक्रामक अंदाज से वह दुनिया के बड़े गेंदबाजों पर हमला कर रहे, वही सबसे अहम बात है। शास्त्री ने कहा कि वैभव के खेल में डर बिल्कुल नहीं दिखता और यही उन्हें खास बनाता। शास्त्री ने भारतीय टीम मैनेजमेंट और चयनकर्ताओं को सलाह देते हुए कहा कि आयरलैंड दौरे जैसे छोटे टी20 सीरीज में वैभव को तुरंत मौका दिया जाना चाहिए। उनका मानना है कि अगर किसी युवा खिलाड़ी को जल्दी तैयार करना है तो टी20 फॉर्मेट सबसे बेहतर प्लेटफॉर्म होता है। उन्होंने कहा, 'यह खिलाड़ी अभी के समय में दुनिया की कई इंटरनेशनल टीमों में सीधे जगह बना सकता है। उसके चेहरे पर जो आत्मविश्वास और युवा जोश दिखता है, वही उसकी सबसे बड़ी ताकत है।'



वैभव सूर्यवंशी का आईपीएल 2026 सीजन अब तक शानदार रहा है। उन्होंने 11 मैचों में 440 रन बनाए हैं। इस दौरान उनका औसत 40 और स्ट्राइक रेट 236.56 का रहा है। उन्होंने एक शतक भी लगाया, जिसमें सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ सिर्फ 37 गेंदों में 103 रन की विस्फोटक पारी शामिल रही। इतना ही नहीं, वैभव इस सीजन सबसे ज्यादा 40 छक्के लगाने वाले बल्लेबाज भी हैं। पिछले साल भी उन्होंने गुजरात टाइटंस के खिलाफ सिर्फ 35 गेंदों में शतक जड़कर सनसनी मचा दी थी।

# वरुण चक्रवर्ती को लेकर केकेआर और बीसीसीआई आमने-सामने!



**नई दिल्ली।** 'देश बनाम क्लब' की बहस एक बार फिर से शुरू हो गई है। शनिवार को आईपीएल मैच में गुजरात टाइटंस के विरुद्ध कोलकाता नाइट राइडर्स की ओर से खेलते हुए वरुण चक्रवर्ती ने अपने कोटे के पूरे ओवर फेंके, जबकि भारत के इस शीर्ष टी-20 स्पिनर के पैर में हैमिस्ट्रिंग हेयरलाइन फ्रैक्चर था और उन्हें आराम की जरूरत थी।

वरुण को दर्द में लंगड़ाते हुए और गेंदबाजी जारी रखते हुए देखना भारतीय टीम से जुड़े लोगों को बिल्कुल भी रास नहीं आया है। खासकर तब, जब अगले महीने डबलिन और इंग्लैंड के अलग-अलग हिस्सों में देश को सात टी-20 मैच खेलने हैं। बीसीसीआई के एक सीनियर अधिकारी ने बताया कि मुझे पक्के तौर पर पता है कि केकेआर के फिजियो, भारतीस टीम के फिजियो (कमलेश जैन) के संपर्क में हैं।

केकेआर की तरफ से बीसीसीआई को यह जानकारी दी गई है कि पिछले मैच में बाउंड्री बचाने की कोशिश में वरुण के बाएं पैर में चोट लग गई थी। ऐसा माना जा रहा है कि उनके पैर में हेयरलाइन फ्रैक्चर है। मेरा मानना है कि बीसीसीआई के केंद्रीय अनुबंध वाले खिलाड़ी होने के नाते उनकी फिटनेस सबसे ज्यादा जरूरी है और बीसीसीआई की मेडिकल टीम को इस मामले में दखल देना चाहिए। जैन से यह पूछा जा सकता है कि केकेआर की मेडिकल टीम ने इस बारे में क्या जानकारी दी थी

# धर्मशाला में पंजाब किंग्स का निराशाजनक रिकॉर्ड बरकरार

**धर्मशाला।** पंजाब किंग्स की खोई लय अब तक वापस नहीं आ सकी है और टीम को लगातार छठी हार का सामना करना पड़ा है। पंजाब को आईपीएल 2026 में आरसीबी से हार मिली जिससे उसके प्लेऑफ में पहुंचने की संभावनाओं को झटका लगा।

पंजाब किंग्स ने आईपीएल 2026 के पहले चरण में शानदार प्रदर्शन किया था। टीम सीजन के शुरुआती 7 मैचों में अजेय रही थी। बारिश की वजह से एक मैच रद्द हुआ था, जबकि छह मैच पंजाब ने जीते थे। सीजन का दूसरा हाफ पंजाब के लिए निराशाजनक साबित हुआ है। टीम एक जीत को तरस रही है। रविवार को पंजाब किंग्स को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने 23 रन से हरा दिया। ये उसकी लगातार छठी हार है जिससे टीम का प्लेऑफ में जाना कठिन नजर आ रहा है।



कभी अंकतालिका में पहले स्थान पर रही पंजाब के 13 मैचों में अब 13 अंक हैं और टीम का प्लेऑफ में पहुंचना अब मुश्किल हो गया है। पंजाब ने अपने प्रदर्शन से अपने प्रशंसकों को बहुत निराश किया है। वहीं, गत चैंपियन आरसीबी 18 अंक लेकर प्लेऑफ में पहुंचने वाली पहली टीम बन गई है।

हर टीम के लिए उसका होम ग्राउंड मजबूत गढ़ माना जाता है। घरेलू मैदान पर किसी भी टीम को हराना बहुत मुश्किल होता है। पंजाब किंग्स के लिए ऐसा नहीं है। धर्मशाला का हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम पंजाब किंग्स का दूसरा होम ग्राउंड है, लेकिन इस स्टेडियम में पंजाब का प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा है। रविवार को आरसीबी के खिलाफ हुआ मुकाबला भी इसी मैदान पर खेला गया, जहां पंजाब एक बार फिर जीत दर्ज करने में सफल नहीं रही। पंजाब किंग्स का धर्मशाला में बेहद खराब रिकॉर्ड रहा है। टीम ने अब तक यहां 17 मैच खेले हैं, जिसमें 11 मैचों में टीम को हार का सामना करना पड़ा है और छह मैचों में जीत मिली है। 2023 से इस स्टेडियम में पंजाब किंग्स का रिकॉर्ड और भी खराब है। टीम 2023 से इस मैदान पर आठ मैच खेली है और सात हारी है। बल्लेबाजों के बाद गेंदबाजों के दमदार प्रदर्शन से आरसीबी ने पंजाब किंग्स को 23 रनों से हराया। इसके साथ ही आरसीबी प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई करने वाली पहली टीम बन गई है। आरसीबी ने 20 ओवर में चार विकेट पर 222 रन बनाए। जवाब में पंजाब किंग्स 20 ओवर में आठ विकेट पर 199 रन ही बना सकी।

## भारत में निवेश का न्योता: डच कंपनी ASML-टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स ने सेमीकंडक्टर पर हाथ मिलाए

**हेग।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आज दुनिया भर की कंपनियों के लिए निवेश और विकास का सबसे बड़ा और प्रमुख केंद्र बनता जा रहा है। इसी सिलसिले में नीदरलैंड के द हेग में एक बेहद खास 'सीईओ राउंड टेबल ऑन इकोनॉमिक टाइज' (आर्थिक संबंधों पर सीईओ की गोलमेज बैठक) का आयोजन किया गया। इस बैठक में प्रधानमंत्री मोदी ने वहां के शीर्ष डच व्यापारिक नेताओं और बड़ी कंपनियों के सीईओ के साथ सीधा संवाद किया। इस चर्चा के बाद डच उद्योग जगत के नेताओं ने न केवल भारत के तेजी से होते आर्थिक विकास की जमकर तारीफ की, बल्कि सेमीकंडक्टर, बुनियादी ढांचे और व्यापार के क्षेत्र में भारत के साथ मिलकर काम करने की अपनी गहरी इच्छा भी जाहिर की। इस बैठक का सबसे बड़ा और अहम नतीजा यह रहा कि दुनिया की जानी-मानी डच कंपनी एएसएमएल और भारत की प्रमुख कंपनी टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स के बीच सेमीकंडक्टर को लेकर एक बहुत ही महत्वपूर्ण समझौता हुआ है।

# थाईलैंड ओपन में रजत पदक जीतने के बाद मलयेशिया मास्टर्स से हटे सात्विक-चिराग

**नई दिल्ली।** भारत की स्टार पुरुष युगल बैडमिंटन जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने आगामी मलयेशिया मास्टर्स से हटने का फैसला किया है। थाईलैंड ओपन में शानदार प्रदर्शन के बाद दोनों खिलाड़ी अब अपने व्यस्त कार्यक्रम को संतुलित तरीके से मैनेज करना चाहते हैं। थाईलैंड ओपन के फाइनल में उपविजेता रहने के बाद भारतीय जोड़ी ने पुष्टि की कि वे अब सीधे सिंगापुर, इंडोनेशिया और ऑस्ट्रेलिया टूर्नामेंट्स में हिस्सा लेंगे। मैच के बाद सात्विक ने कहा, 'नहीं, हम मलयेशिया नहीं खेल रहे हैं। अब हम सिंगापुर, इंडोनेशिया और ऑस्ट्रेलिया खेलेंगे।'

थाईलैंड ओपन के फाइनल में भारतीय जोड़ी को इंडोनेशिया के लीओ रॉली कार्नांडो और डेनियल



मार्थिन के खिलाफ 21-12, 25-23 से हार का सामना करना पड़ा। निमिबुत्र स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में पहले गेम में भारतीय जोड़ी पूरी तरह दबाव में दिखी, लेकिन दूसरे गेम में उन्होंने जोरदार वापसी की और चार चैंपियनशिप पॉइंट बचाए। हालांकि अंत में वे मुकाबला निर्णायक गेम तक नहीं ले जा सके। चिराग शेट्टी ने मैच के बाद कहा, 'हम शुरुआत अच्छी नहीं कर पाए। शटल काफी तेज थी और हम उसे नीचे रखने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन लगातार बैकफुट पर थे। दूसरे गेम में हमने शटल को ऊपर से खेलना शुरू किया और कुछ फ्लिक्स भी इस्तेमाल किए, जिससे मुकाबला बेहतर हुआ, लेकिन अंत में यह काफी नहीं था।'

सात्विक ने बताया कि पहले गेम में कोर्ट की परिस्थितियां और इंडोनेशियाई जोड़ी की आक्रामक रणनीति उनके लिए बड़ी चुनौती बनी। उन्होंने कहा, 'पहले साइड पर खेलना काफी मुश्किल था क्योंकि वहां शटल बहुत तेज जा रही थी। विरोधी हमें अपने गेम स्टाइल में ले गए। हमें परिस्थितियों के अनुसार ढलने में समय लगा। दूसरे गेम में हमने बेहतर खेल दिखाया। अगर कुछ अहम पॉइंट्स में और सटीक होते तो मैच तीसरे गेम तक जा सकता था।' हालांकि खिताब हाथ से निकल गया, लेकिन इस पूरे टूर्नामेंट को भारतीय जोड़ी ने अपने आत्मविश्वास की वापसी के रूप में देखा। सात्विक ने माना कि पिछले कुछ महीनों में उनका आत्मविश्वास थोड़ा कम हुआ था, लेकिन अब वे धीरे-धीरे अपने पुराने अंदाज में लौट रहे हैं। उन्होंने कहा, 'आज को छोड़ दें तो पूरे टूर्नामेंट में हमने अच्छा खेला।

## एलिना स्वितोलिना ने जीता इटैलियन ओपन का खिताब, फाइनल में कोको गॉफ को हराया



**रोम।** सातवीं वरीयता प्राप्त एलिना स्वितोलिना ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए विमेंस सिंगल्स फाइनल मुकाबले में कोको गॉफ को दो घंटे तक चले मैच में 6-4, 6-7 (3), 6-2 से हराकर इटैलियन ओपन के खिताब को अपने नाम किया।

दूसरी वरीयता प्राप्त एलेना रायबाकिना और सेमीफाइनल में इगा स्वियाटेक को हराकर फाइनल में पहुंचीं स्वितोलिना पिछले साल की रनर-अप गॉफ के खिलाफ शुरुआत में दबाव में दिखाई दीं और पहले सेट में 2-4 से पीछे चल रही थीं। मैच का टर्निंग पॉइंट आठवें गेम में आया, जब गॉफ ने 40-0 की लीड बनाने के बाद दो बार डबल-फॉल्ट किया, जिससे स्वितोलिना को ब्रेक बैक करने का मौका मिला। शिन्हुआ की रिपोर्ट के मुताबिक, यूक्रेनी खिलाड़ी स्वितोलिना ने फिर नौवें गेम में तीन ब्रेक पॉइंट बचाकर सर्व बनाई रखी और सेट 6-4 से अपने नाम कर लिया। दूसरा सेट में स्वितोलिना और गॉफ के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली।







# 10 कंपनियों का मार्केट कैप 3.12 लाख करोड़ घटा, रिलायंस इंडस्ट्रीज को सबसे बड़ा नुकसान

**नई दिल्ली।** देश के शेयर बाजार में पिछले सप्ताह भारी उतार-चढ़ाव देखने को मिला। बाजार में जारी बिकवाली के चलते देश की टॉप-10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से 9 कंपनियों के मार्केट कैपिटलाइजेशन (Mcap) में कुल 3.12 लाख करोड़ की गिरावट दर्ज की गई। इस दौरान सबसे ज्यादा नुकसान रिलायंस इंडस्ट्रीज को हुआ।




बीते सप्ताह बीएसई सेंसेक्स 2,090.2 अंक यानी 2.7 फीसदी टूट गया, जबकि एनएसई निफ्टी में 532.65 अंकों यानी 2.2 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। बाजार में कमजोरी का असर बड़ी कंपनियों के शेयरों पर साफ दिखाई दिया।

रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के रिसर्च प्रमुख अजीत मिश्रा के मुताबिक, पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव, रुपये में कमजोरी और महंगाई को लेकर बढ़ती चिंताओं ने बाजार की धारणा को कमजोर किया। इसके अलावा कच्चे तेल की कीमतें 105 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंचने से निवेशकों की चिंता और बढ़ गई।

जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/4 भानमती चौराह मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र0) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजी मार्ग हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र) से प्रकाशित। सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0-7579849555, 9627739857 E-mail : www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।